CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAJK1 User: cci Time: 01-22-2026 22:25 Color:

नई दिल्ली › शुक्रवार, 23 जनवरी 2026 › माघ 3, शक संवत 1947, माघ शुक्ल पंचमी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 20 › पेज 26* › मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स

भारत Vs न्यूज़ीलैंड

दूसरा T20 आज

7:00pm से, रायपुर में स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

▶ देखें अंदर

ट्रंप ने की गाज़ा पीस बोर्ड की शुरुआत

▶ देखें अंदर

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

TATA की पेशकश

www.tanishq.co.in

TANISHQ

Festival Of Diamonds

Give wings to the girl within.

फ्लैट 20% छूट

10,000+ डिज़ाइन्स में डायमंड की कीमत पर

नवीनतम डायमंड ज्वेलरी देखें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH06 User: cci Time: 01-22-2026 23:25 Color:



ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 में इंजिनियर युवराज मेहता की हुई थी मौत

'पूरा सिस्टम ज़िम्मेदार'

जनता के प्रतिनिधियों से 5 सवाल

1 युवराज मामले में आपकी राय क्या है, आपकी नजर में यह सिर्फ एक हादसा है या इसमें प्रशासनिक लापरवाही भी शामिल है?

2 मामले में जिम्मेदारी तय करने का सही तरीका क्या होना चाहिए, किस स्तर तक जांच हो और किन विभागों की भूमिका की समीक्षा जरूरी है?

3 जो कार्रवाई अब तक हुई है, क्या आप उससे पूरी तरह संतुष्ट हैं? अगर नहीं, तो जांच या प्रशासनिक स्तर पर अभी क्या कमी आप देखते हैं?

4 ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए आप किन ठोस कदमों की जरूरत मानते हैं? सुरक्षा, निगरानी या जवाबदेही के स्तर पर?

5 अगर आपको एक जिम्मेदार पक्ष चिह्नित करना हो, तो आपके अनुसार इस पूरे मामले में सबसे ज्यादा दोष किसका बनता है?

धीरेंद्र सिंह
विधायक, जेवर

1 हादसे के बाद तत्परता से बचाव कार्य होना चाहिए था। बचाव कार्य में लापरवाही रही।
2 सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। एसआईटी गठित कर जांच करवाई जा रही है।
3 हादसा दुखद है। सरकार एक्शन मोड में है। जांच रिपोर्ट का इंतजार कीजिए।
4 हर नागरिक को सुविधाएं देना, सुरक्षा देना शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है। एसआईटी सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।
5 शासन-प्रशासन का काम टीम वर्क से होता है। सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारी तत्परता से निभानी चाहिए थी। जो दोषी था, उसके खिलाफ कार्रवाई हुई है।

डॉ. महेश शर्मा
सांसद, गौतमबुद्धनगर

1 यह बहुत ही दुखद घटना है। हादसा तो है ही, लेकिन संबंधित विभागों की लापरवाही से भी इसमें इंकार नहीं किया जा सकता।
2 देखिए हमारे मुख्यमंत्री ने इस मामले के संज्ञान में आते ही जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया है। जांच चल रही है। सभी संबंधित विभागों की कुछ न कुछ भूमिका इसमें शामिल है। पूरी गहन समीक्षा की जा रही है।
3 जिले के सबसे सीनियर अधिकारी को इस मामले में हटा दिया गया है। मैं अब तक के ऐक्शन से संतुष्ट हूं, जांच की प्रक्रिया में अभी कोई कमी नहीं है।
4 संबंधित विभागों में आपस में कोऑर्डिनेशन बेहतर करने की जरूरत है और सर्वे के बाद कोई ऐक्शन प्लान बनाने की जरूरत है ताकि ऐसी घटना में तुरंत ग्राउंड पर स्थिति को संभाला जा सके।
5 इस मामले में मैं किसी एक विभाग को सबसे पहले दोषी नहीं मानूंगा। कुछ न कुछ कमी सभी के स्तर पर हुई है। उसकी जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट में सब साफ तौर पर सामने आएगा।

तेजपाल नागर
विधायक, दादरी

1 प्रशासनिक लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ है। यह नोएडा अथॉरिटी, फायर डिपार्टमेंट और आपदा प्रबंधन विभाग की कमी के कारण हुआ है।
2 जिम्मेदारों के खिलाफ जिस तरह कार्रवाई हो रही है, उसे देखकर लग रहा है इसके जिम्मेदार एसआईटी रिपोर्ट आने के बाद बचेंगे नहीं।
3 मैंने ये मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया। इसके बाद तुरंत ऐक्शन लिया गया, जिम्मेदारों पर कार्रवाई हुई। एसआईटी जांच कर रही है। इसमें मैं और पीड़ित परिवार दोनों संतुष्ट हैं।
4 ऐसी घटनाएं दोबारा न हों इसके लिए किसी के एक विभाग के बजाय पूरी प्रशासनिक मशीनरी की जवाबदेही है। ऐसी आपदा को रोकने के लिए 24 घंटे पुलिस, प्रशासन और अथॉरिटी के तैयार रहने की व्यवस्था किए जाने की जरूरत है।
5 दोषी विभाग और लोगों की जिम्मेदारी तय करने के लिए एसआईटी जांच शुरू कराई है। रिपोर्ट आने के बाद कोई दोषी बचेगा नहीं।

पंकज सिंह
विधायक, नोएडा

1 यह हादसा तो है ही लेकिन सिर्फ हादसा नहीं माना जा सकता है। हादसे के बाद जान बचाई जा सकती थी, लेकिन यह जिम्मेदार अधिकारियों और विभागों की असफलता रही।
2 जांच के लिए तो एसआईटी का गठन हो ही गया है। एक-दो दिन में जांच पूरी हो जाएगी। इसमें कई सरकारी विभागों की समीक्षा हो रही है। सभी की गैर जिम्मेदारी इसके लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार है।
3 एक अधिकारी को हटाने की कार्रवाई तो हो गई है लेकिन मैं यह मानता हूं किसी पर ही कार्रवाई काफी नहीं है। जांच रिपोर्ट के बाद इस पर बाकी की जिम्मेदारी तय होने के बाद कार्रवाई होगी।
4 घटना से बहुत सीख लेने और नोएडा को यहां की जरूरत के हिसाब से तैयार किया जाना चाहिए। नोएडा कोई सामान्य शहर नहीं है। मैं यह मानता हूं ऐसे हादसे रोकने के लिए हमें नोएडा को तैयार करना पड़ेगा।
5 इमरजेंसी की बात की जाए तो पुलिस-प्रशासन सबसे पहले आते हैं लेकिन अथॉरिटी और अन्य विभाग भी बराबर के ही दोषी हैं।

लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के दो डायरेक्टर अरेस्ट

NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में गुरुवार को रियल एस्टेट कंपनी लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के दो डायरेक्टरों रवि बंसल निवासी मंगलम रेजिडेंसी अपार्टमेंट फरीदाबाद और सचिन करनवाल निवासी शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2 गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया है। नोलेज पार्क थाने में 18 जनवरी को दर्ज हुई पहली एफआईआर के मामले में इन्हें पकड़ा गया है। वहीं, बुधवार शाम को इसी थाने में दूसरी एफआईआर पांच बिल्डरों के खिलाफ हुई है। इन पर पर्यावरण नियमों के उल्लंघन का आरोप है। पुलिस का दावा है कि उनकी तलाश की जा रही है। विजटाउन प्लानर्स के डायरेक्टर अभय कुमार को इस मामले में जेल भेजा जा चुका है। बाकी अन्य की तलाश जारी है। इन सभी पर आरोप है कि उनकी निर्माणाधीन बिल्डिंग में बसी नई लापरवाही के चलते उसके प्लॉट में भरे पानी में डूबने से युवराज की मौत हुई थी।

विजटाउन प्लानर्स के डायरेक्टर को जेल भेजा जा चुका है

दफ्तर किया गया सील: पूर्व में गिरफ्तार हो चुके बेस्टटाउन प्लानर्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अभय कुमार के नोएडा सेक्टर-62 स्थित दफ्तर को गुरुवार को नोलेज पार्क पुलिस ने सील किया। फरार आरोपी निर्मल सिंह के दफ्तार को भी पुलिस ने सील किया है। निर्मल सिंह का दफ्तर नोएडा के सेक्टर-126 में प्लॉट नंबर 18 के छठी मंजिल पर है। इस पर गुरुवार को पुलिस ने सील लगा दी और कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया।

दूसरी एफआईआर में ये आरोप: नोलेज पार्क थाना पुलिस ने पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम और जल प्रदूषण से जुड़े कानूनों के तहत बुधवार को 5 बिल्डरों के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि 20 जनवरी को गस्त के दौरान सेक्टर-150 स्थित भूखंड संख्या एमसी-020/ए-3 पर एक बेहद बड़ा गड्ढा पाया गया, जिसमें कई वर्षों से पानी भरा हुआ था। यह पानी इतना प्रदूषित हो चुका था कि वह कीचड़ जैसा हो गया था, जिससे वायु प्रदूषण फैल रहा था और आसपास रहने वाले लोगों की सुरक्षा व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा था। शिकायत में यह भी कहा गया कि गड्ढे के चारों ओर कोई सुरक्षा घेरा, चेतावनी बोर्ड या संकेतक नहीं लगाए गए थे, जबकि यह स्थान सड़क के बेहद करीब है। ऐसे में यह किसी भी वक्त बड़े हादसे का कारण बन सकता था।

इनके खिलाफ केस दर्ज हुआ

जांच में सामने आया कि यह भूखंड वर्ष 2024 में 'लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड' को आवंटित किया गया था, जबकि इससे पहले वर्ष 2020 में इसे 'विजटाउन' द्वारा खरीदा गया था। फिलहाल इस संपत्ति में लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन का भी हिस्सा है। इसी आधार पर अभय कुमार, संजय कुमार, मनीष कुमार, अंचल बोहरा और निर्मल कुमार के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 15, जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

अरेस्ट किए गए दो बिल्डर

SIT टीम एक बार फिर पहुंची घटनास्थल

NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा: ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 में इंजीनियर युवराज मेहता की डूबने से हुई मौत के मामले में विशेष जांच दल (SIT) एक बार फिर गुरुवार शाम 6 बजे घटनास्थल का निरीक्षण किया। शाम करीब छह बजे एसआईटी टीम मौके पर पहुंची और लगभग आधे घंटे तक जांच-पड़ताल की। इस दौरान टीम ने हादसे से जुड़े हर संभावित पहलू को समझने की कोशिश की। एसआईटी सदस्यों ने सबसे पहले स्पीड ब्रेकर से लेकर जलभराव वाले नाले तक की दूरी को कदमों से नापा। इसका उद्देश्य यह जानना था कि वाहन स्पीड ब्रेकर पार करने के बाद कितनी दूरी में अनियंत्रित हो सकता है और क्या इतनी दूरी में गाड़ी का संतुलन बिगड़ना संभव था। टीम ने सड़क की बनावट, चौड़ाई और ढलान को भी ध्यान से परखा।

टीम ने रोड की बनावट, चौड़ाई और ढलान को भी परखा

नोएडा में इंजिनियर की मौत मामले में NGT ने कई विभागों से मांगा जवाब



NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: नोएडा सेक्टर-150 में इंजिनियर युवराज की मौत पर एनजीटी ने नोएडा के सभी संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है। इस मामले का एनजीटी ने खुद संज्ञान लिया है। एनजीटी की प्रिंसिपल बेंच के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव और एक्सपर्ट मेंबर के डी. ए. मेथिल वेल ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए जवाब मांगा है।

इस मामले में एनजीटी ने नोएडा अथॉरिटी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग और यूपी के पर्यावरण विभाग के मुख्य सचिव के अलावा गौतमबुद्ध नगर के जिला मैजिस्ट्रेट से जवाब मांगा है। इन सभी को आदेश दिया गया है कि अगली सुनवाई से कम से कम एक हफ्ते पहले वह अपना जवाब एनजीटी में सब्मिट करें। इस मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी।

एनजीटी ने खुद संज्ञान लेते हुए मांगा है जवाब, 10 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

इस मामले में यह भी सामने आ रहा है कि सिंचाई विभाग को प्रस्तावित हेड रेगुलेटर लगाने के लिए नोएडा अथॉरिटी ने 2016 में 13.05 लाख रुपये दिए थे। इससे इस रेगुलेटर का सर्वे और डिजाइन तैयार होना था, लेकिन इस काम में लगातार देरी हुई। इसकी वजह से इलाके में पानी जम होता गया। आसपास की कुछ हाउसिंग सोसायटियों ने भी बेसमेंट में पानी भरने की बात बताई है। यहां से बारिश का पानी रेगुलेटर न होने की वजह से हिंडन में नहीं निकल पा रहा था।

बता दें कि नोएडा के सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजिनियर युवराज मेहता की एक वॉटरलॉग्ड ट्रेंच में डूबकर मौत हो गई थी। जांच में पता चला कि जिस साइट पर हादसा हुआ, वह कुछ साल से बारिश का पानी और आसपास के आवासीय क्षेत्रों से पानी निकासी न होने के कारण एक स्थायी तालाब बन गया था। 2015 में सिंचाई विभाग की प्रस्तावित स्टॉर्म वॉटर मैनेजमेंट योजना को लागू करने में देरी हुई। इसके तहत हेड रेगुलेटर की स्थापना करनी थी, लेकिन देरी की वजह से गंभीर जलभराव हुआ।

डिप्टी CM ने इंजिनियर मामले में दिया भरोसा

SIT रिपोर्ट में तय होगी ज़िम्मेदारी, बख्शा नहीं जाएगा : ब्रजेश पाठक

NBT रिपोर्ट, लखनऊ

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक

नोएडा सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत और इस घटना को लेकर प्रशासनिक लापरवाही पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के मुताबिक इस मामले में स्पेशल इंवेस्टीगेशन टीम (SIT) जांच कर रही है। एसआईटी रिपोर्ट में हादसे का जिम्मेदार तय हो जाएगा। डिप्टी सीएम के मुताबिक इस हादसे में जो भी जिम्मेदार होगा, उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने यूपी में दोबारा ऐसी दुर्घटना न हो इसके लिए प्रमुख सचिव गृह के साथ ही एसडीआरएफ को भी दिशा निर्देश दिए जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि सभी जिम्मेदार विभागों को ऐसे इंतजाम करने को कहा गया है ताकि दोबारा ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। इसके साथ ही उन्होंने हर जिले के डीएम और पुलिस अधीक्षकों को भी हर प्रमुख सड़क और हादसे के लिहाज से चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर जगह जगह संकेतक लगाने और हादसों को रोकने के लिए तय सभी एहतियाती कदम उठाने को कहा है। इसके साथ ही उन्होंने हादसा होने के बाद अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि राहत और बचाव कार्य जल्द से जल्द शुरू हो जाए। नोएडा में हुए हादसे जैसी दूसरी घटना न हो इसके लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं? इस सवाल पर उन्होंने बताया कि एसआईटी रिपोर्ट में इसे लेकर भी सुझाव सामने आएंगे।

दोबारा ऐसी दुर्घटना न हो इसके लिए अफसरों को दिए हैं निर्देश

वहीं, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भी इस घटना को दुःखद बताया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की शुरुआती जांच में लापरवाही के दोषी पाए गए अधिकारियों पर कार्यवाही हुई है। जांच का आदेश भी दिया जा चुका है। जल्द ही रिपोर्ट आएगी, उसके बाद कार्यवाही होगी।

फरेंसिक टीम की शुरुआती जांच में कई खुलासे

70 फुट गहरे गड्ढे में गिरी थी युवराज मेहता की कार

NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा

युवराज की कार को निकालने के बाद फरेंसिक टीम की शुरुआती जांच में सामने आया है कि जिस बेसमेंट के गहरे गड्ढे में कार गिरी थी, उसकी गहराई करीब 60 से 70 फुट थी। वहीं पुलिस ने कहा है कि युवराज का फोन रात 12:20 बजे बंद हो गया था। वहीं, एसआईटी के लिए रिपोर्ट पुलिस अधिकारियों ने तैयार कर ली है। डीसीपी ग्रेटर नोएडा का कहना है कि तमाम बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार की गई है। इसके बाद शुक्रवार को रिपोर्ट को कमिश्नर ऑफिस में सबमिट कर दिया जाएगा। उसके बाद सभी की रिपोर्ट कंबाइन होकर एसआईटी को सौंपी जाएगी। इस रिपोर्ट में घटनास्थल की तमाम जानकारी। कब क्या हुआ और कैसे बचाव कार्य हुआ। इंजीनियर की डूबने से लेकर तमाम बिंदुओं पर रिपोर्ट सौंपी जाएगी। पुलिस अभी किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। पूरे घटनाक्रम को समझने के लिए सीन रीक्रिएशन की तैयारी की जा रही है।

पुलिस का दावा: डीसीपी का कहना है कि लास्ट कॉल 12:20 पर युवराज ने की थी। उसके बाद फोन स्विचऑफ हो गया था। ऐसे में कार के पानी में 2:30 घंटे तक नहीं डूबने की बात भी जांच का हिस्सा है।

प्रत्यक्षदर्शी जो कह रहे: मृतक के पिता व अन्य प्रत्यक्षदर्शियों ने करीब दो घंटे तक युवराज के कार की छत पर होने की बात कही थी। इस हिस्से से पुलिस का जो दावा है कि फोन 12:20 के बाद बंद हो गया था, उस पर भी लोग सवाल उठा रहे हैं।

स्पीड ब्रेकर तो नहीं बना हादसे की वजह: युवराज की कार की रफ्तार और हादसे की वजह जानने के लिए पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से करीब 100 मीटर पीछे एक स्पीड ब्रेकर है। आशंका है कि ब्रेकर पर कार असंतुलित हो गई।

62 हॉटस्पॉट्स और 12 अधिक जोखिम वाले कॉरिडोर्स पर सुरक्षा उपायों को और सख्त कर दिया

दिल्ली में खतरनाक पॉइंट्स की सुरक्षा बढ़ाने का दावा

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

नोएडा हादसे में युवक की मौत के बाद दिल्ली ट्रैफिक पुलिस भी एक्टिव हो गई है। ट्रैफिक पुलिस ने दिल्ली में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए 62 चिन्हित हॉटस्पॉट्स और 12 अधिक जोखिम वाले कॉरिडोर्स पर सुरक्षा उपायों को और सख्त कर दिया है। अडिशनल कमिश्नर (ट्रैफिक) दिनेश कुमार गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस घातक दुर्घटनाओं वाले स्थानों का विश्लेषण कर रही है और विभिन्न सिविक एजेंसियों के साथ तालमेल कर सुधारात्मक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां घातक दुर्घटनाएं हुई हैं, वहां हम लगातार जॉइंट सर्वे करते हैं। इसके आधार पर हमने डार्क स्पॉट्स की पहचान की है, करीब 62 हॉटस्पॉट्स चिह्नित किए हैं और 12 कॉरिडोरों की पहचान की गई है।

हादसे के बाद दिल्ली ट्रैफिक पुलिस भी हुई एक्टिव

अडिशनल कमिश्नर ने बताया कि गंभीर दुर्घटनाओं की अधिक संभावना वाले स्थानों पर सड़क इंजिनियरिंग और ट्रैफिक प्रबंधन में सुधार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जहां आवश्यक हो, वहां बुनियादी ढांचे की खामियों को दूर करने के लिए हम अलग अलग एजेंसियों के साथ मिलकर ट्रैफिक इंजिनियरिंग उपाय लागू कर रहे हैं। इन उपायों में बैरिकेड्स लगाना, चेतावनी से जुड़े साइन बोर्ड लगाने के साथ साथ रोड मार्किंग करना शामिल है। इसके अलावा बेहतर प्रकाश व्यवस्था तथा इंजीनियरिंग दोषों को दूर करना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस लगातार इस तरह के एहतियाती कदम उठाती है।

ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी नए डार्क स्पॉट की पहचान होते ही तत्काल कार्यवाही की जाए। रात के समय सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, क्योंकि रात के समय ठीक से दिखाई न देने की वजह से अक्सर गंभीर हादसे होते हैं। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, एनडीएमसी और एनएचएआई जैसी एजेंसियों के साथ तालमेल कर बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर किया जा रहा है।



घटना 16 और 17 जनवरी 2026 की रात की है, जब पेशे से इंजिनियर युवराज मेहता की कार पानी भरे गड्ढे में जा गिरी थी। कार डूबने की वजह से उसकी मौत हो गई।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH07 User: sunil.dogra Time: 01-22-2026 22:54 Color:

IGI एयरपोर्ट पर मिला मानव कंकाल, जांच के लिए भेजा

■ NBT न्यूज, एयरपोर्ट: दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनैशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर गुरुवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब सिक्योरिटी चेक के दौरान एक बैग से मानव कंकाल जैसा संदिग्ध सामान मिला। शुरुआती जांच के बाद साफ हुआ कि यह कोई असली मानव कंकाल नहीं, बल्कि मेडिकल स्टूडेंट्स द्वारा पढ़ाई के लिए यूज किया जाने वाला डेमो कंकाल है।

शुरुआती जांच में इसे मेडिकल डेमो मॉडल बताया गया

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सिक्योरिटी जांच के दौरान एक्स-रे मशीन में बैग के अंदर कंकाल जैसी इमेज दिखाई दी। पूछताछ में पता चला कि बैग एक मेडिकल स्टूडेंट का है, जो पढ़ाई के मकसद से डेमो कंकाल अपने साथ ले जा रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कंकाल की जांच की। जांच में किसी तरह की आपराधिक गतिविधि का संकेत नहीं मिला। इसके बावजूद कंकाल को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है।

बाइक आगे लगाने को कहने पर पीटा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: वेलकम इलाके में जिम करने आए एक युवक को दुकानदार ने दुकान से आगे बाइक लगाने को कहा तो नाराज युवक अपने 3-4 दोस्तों को लेकर आया और हथियार के बल पर दुकान से बाहर खींचकर जमकर पिटाई की। उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। घायल दुकानदार को पुलिस ने जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया। उसके बयान पर वेलकम पुलिस ने BNS की धारा और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी साहब और उसके साथियों का पता कर रही है।

मॉल का गेट तोड़ बदमाशों ने की चोरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: गगन विहार इलाके में बदमाशों ने सिटी मॉल का गेट तोड़कर कैश और लैपटॉप चुरा लिए। मॉल के स्टाफ की शिकायत पर गोकुलपुरी पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस मॉल और आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों का पता कर रही है। पुलिस ने बताया कि मॉल में जूनियर एक्जीक्यूटिव नवीन सोलंकी सिटी ने पुलिस को मामले की सूचना दी।

72 हजार रुपये कैश, लैपटॉप की हुई चोरी

केबल ऑपरेटर के घर चोरी में 2 अरेस्ट

■ NBT न्यूज, पंजाबी बाग: पंजाबी बाग थाना के मादीपुर चौकी इलाके में हुई चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। 65 लाख रुपये के गोल्ड, 10 लाख रुपये की चांदी की जूलरी बरामद की है। साथ ही 80 हजार रुपये से ज्यादा कैश भी रिकवर किया है। डीसीपी वेस्ट शरद भास्कर ने बताया कि एसीपी शिवम की देखरेख में SHO संजय दहिया, चौकी इंचार्ज नरेश अहलावत की टीम को चोरी की वारदात की सूचना मिली थी।

पंजाबी बाग में हुई थी चोरी, जूलरी बरामद

रेड में हुआ नुकसान तो कर डाली लूट

■ NBT रिपोर्ट, शाहबाद डेयरी: शाहबाद डेयरी इलाके में करीब 40 लाख कैश की लूट का मामला सामने आया है। गुरुवार को पुलिस ने इस लूट को सुलझा लेने का दावा किया। वारदात के मास्टरमाइंड समेत चार आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों की पहचान अमित अग्रवाल उर्फ सोनू (साजिश का मुख्य मास्टरमाइंड), सुरेंद्र सिंह (लूट में इस्तेमाल की गई गाड़ी का ड्राइवर), वीरेंद्र कुमार (स्कूटी पर पिस्टल के साथ था तैनात) और पवन शर्मा के तौर पर हुई है। डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी के मुताबिक 20 जनवरी को लूट का यह केस दर्ज किया था।

40 लाख की लूट का मामला, चार गिरफ्तार

X पर दी स्यूसाइड की सूचना, युवक बचाया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: प्रेम प्रसंग में परेशान एक युवक स्यूसाइड करने के लिए रेलवे ट्रैक पर जा रहा था। युवक से चैट करने वाली युवती ने सोशल मीडिया एक्स पर तुरंत दिल्ली पुलिस को टैग कर इस बारे में बताया। सूचना मिलते ही पुलिस की सोशल मीडिया कंट्रोल रूम की तत्परता से युवक की जान बचा ली गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यूजर ने पोस्ट में युवक का नाम और मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराया था। ड्यूटी पर तैनात एसआई किरण, एसआई जय किशन, हेड कॉन्स्टेबल गार्गी और कॉन्स्टेबल प्रशांत की टीम बनाई गई। तुरंत कार्रवाई करते हुए एसएचओ शंभू नाथ अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को रेस्क्यू किया।

टशन में नाबालिग की चाकू से गोदकर हत्या, 5 पकड़े

■ NBT रिपोर्ट, समयपुर बादली

- हमले के समय छठ घाट पार्क में अलाव के पास बैठा था युवक
- पकड़े गए आरोपियों में एक नाबालिग भी है शामिल
- पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद किया

समयपुर बादली इलाके में बुधवार रात 17 साल के एक नाबालिग की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। वारदात के समय वह अपने दोस्तों के साथ अलाव के पास बैठा हुआ था। इसी दौरान हथियारों से लैस कुछ युवकों ने उस पर हमला कर दिया। पुलिस ने कुछ ही घंटों के भीतर एक नाबालिग समेत पांच आरोपियों को पकड़ लिया है। शुरुआती जांच में हत्या की वजह टशनबाजी बताई जा रही है।

आउटर नॉर्थ जिले के डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी के मुताबिक 21 जनवरी, बुधवार रात करीब 7:30 बजे 17 साल का लड़का राणा पार्क के छठ घाट पार्क में अपने दोस्तों के साथ अलाव के पास बैठा हुआ था। तभी 6 से 7 युवकों का एक समूह वहां पहुंचा और बिना किसी उकसावे के पीड़ित और उसके दोस्तों पर हमला कर दिया। हमलावरों में से 3 युवकों ने चाकू निकाल लिए। इससे झगड़ा और बढ़ गया।

डीसीपी के अनुसार आरोपियों ने नाबालिग की बगल और पसलियों के बीच छाती के बाईं ओर जोरदार चाकू मार दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और काफी खून बहने लगा। खून बहता देख सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित को उसके दोस्त तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही सीनियर अधिकारी और लोकल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। छानबीन के बाद समयपुर बादली थाना पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया।

मामले को सुलझाने और फरार आरोपियों की तलाश के लिए एसएचओ शैलेंद्र सिंह जाखड़ की अगुआई में पुलिस टीम बनाई गई। फॉरेंसिक जांच के साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। इसके साथ ही आरोपियों के मोबाइल फोन की टेक्निकल जानकारी के आधार पर पूरी दिल्ली में रात भर संभावित ठिकानों पर छापेमारी की गई।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 5 आरोपियों को पकड़ा है। इनकी पहचान सिरसपुर के भगत सिंह पार्क के रहने वाले अजय उर्फ बिंदी, सनी उर्फ भट्टूरा, सूरज और राजू के रूप में हुई है, जबकि पांचवां आरोपी नाबालिग है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल एक चाकू भी बरामद किया है।

हिमाचल में दिल्ली के 3 टूरिस्टों की मौत, तीन घायल

■ एजेंसी, कुल्लू: हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में एक कार दुर्घटनाग्रस्त हुई है, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई है। तीनों मरने वाले दिल्ली के रहने वाले बताए गए हैं। फिलहाल, तीन अन्य घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

कुल्लू के पास हुई कार हादसे की शिकार

जानकारी के अनुसार, चंडीगढ़-मनाली नैशनल हाइवे पर यह हादसा हुआ है। कुल्लू से करीब 10 किलोमीटर पहले बजौरा में एक कार हादसे का शिकार हो गई और इसमें दिल्ली के रहने वाले तीन टूरिस्टों की मौत हो गई। कार में सवार अन्य तीन लोग घायल हुए हैं और उन्हें क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि ये सैलानी मनाली घूमने जा रहे थे।

ट्रक की चपेट में आए बाइक सवार दो युवक

■ NBT रिपोर्ट, भलस्वा डेयरी

AI image

भलस्वा डेयरी इलाके में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में बाइक के आने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना बुधवार रात 11:50 बजे की है। पुलिस का कहना है कि जिस जगह हादसा हुआ, वहां रोड छोटा है। ओवरटेक करते समय ट्रक के लेफ्ट साइड से बाइक सवार निकल रहे थे। रात के समय ट्रक ड्राइवर को अंदेशा नहीं। माना जा रहा है कि इसी वजह से यह हादसा हुआ। पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है।

अस्पताल में तोड़ा दम, ट्रक ड्राइवर को पुलिस ने पकड़ा

आउटर नॉर्थ जिला डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी के मुताबिक हादसे की जानकारी बुधवार रात मिली। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। घटनास्थल गुर्जर चौक, भलस्वा डेयरी था जहां पंजाब नंबर का ट्रक और दिल्ली नंबर की बाइक एक्सीडेंटल हालत में मिले। मौके पर गंभीर हालत में जख्मी दो लोग बेहोश मिले जिन्हें बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान मुकुंदपुर निवासी आजाद भारती और दीपेश के तौर पर हुई। इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। परिवार को पहले ही सूचित किया जा चुका था। आजाद भारती मेडिकल शॉप पर जॉब करते थे जबकि दीपेश टैक्सी ड्राइवर थे। तथ्यों और हालात के आधार पर भलस्वा डेयरी थाने की पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर दोनों गाड़ियां जब्त कर लीं। ट्रक ड्राइवर को पब्लिक ने पुलिस के हवाले कर दिया।

बीच-बचाव करने पर कॉन्स्टेबल और युवक को मारा चाकू

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: वजीराबाद बस स्टॉप पर बुधवार को बीच-बचाव करना एक हेड कॉन्स्टेबल और एक राहगीर को भारी पड़ गया। बाइक सवार 3 बदमाशों ने दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल दोनों लोगों को पहले जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया, बाद में बेहतर इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

नॉर्थ ईस्ट जिले के डीसीपी आशीष पांडे ने बताया कि यूपी पुलिस में तैनात हेड कॉन्स्टेबल कुलदीप वजीराबाद रोड स्थित बस स्टॉप पर खड़े थे। इसी दौरान बाइक पर सवार 3 बदमाश वहां बस का इंतजार कर रहे कुछ यात्रियों से झगड़ा करने लगे। कुलदीप ने बीच-बचाव कर उन्हें समझाने की कोशिश की, जिस पर आरोपी वहां से चले गए। लेकिन कुछ देर में बदमाश लौटे और चाकू से हमला कर दिया।

घर में आग लगाने और धौंस जमाने पर किया था मर्डर, 6 आरोपी पकड़े

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

एक घर में आग लगाने और इलाके में धौंस जमाने से नाराज बदमाशों ने मंगोलपुरी में बुधवार शाम आकाश उर्फ अक्कू (22) का मर्डर किया था। पुलिस ने इस हत्याकांड में पांच नाबालिग समेत छह आरोपियों को पकड़ कर खुलासा किया है। डीसीपी (क्राइम) पंकज कुमार के मुताबिक, बालिग की शिनाख्त आकाश उर्फ नोटी (19) के रूप में हुई है, जो डीयू से ग्रैजुएशन कर रहा है और सेकंड ईयर का स्टूडेंट है। पुलिस ने हत्याकांड में इस्तेमाल चाकू भी रिकवर कर लिया है। पुलिस नाबालिगों की उम्र वेरिफाई कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, मंगोलपुरी स्थित डीडीए पार्क में बुधवार शाम करीब 7 बजे आकाश उर्फ अक्कू अपने दो अन्य दोस्तों के साथ पार्क में था। इसी दौरान मोहित उर्फ नोटी और कुछ नाबालिग वहां आए। उन्होंने आकाश को घेर लिया, जिस पर चाकू से हमला करने लगे। वह बचने के लिए अपने घर की तरफ भागा तो बदमाशों ने उसे घर के गेट से बाहर खींच लिया। इसके बाद चाकू से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे आकाश की मौत हो गई। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई।

पुलिस की गिरफ्त में बालिग आरोपी

एसीपी अशोक शर्मा की देखरेख में बनी इंस्पेक्टर पुखराज, निरंजन, खुशबू यादव और हेड कॉन्स्टेबल पवन की टीम ने छापेमारी के बाद मोहित उर्फ नोटी और एक नाबालिग को दबोचा। लोकल पुलिस ने भी चार नाबालिगों को पकड़ लिया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि आकाश ने सितंबर में उनके दोस्त सलमान के घर में आग लगा दी थी।

एक बुज़ुर्ग ने की थी हमले को रोकने की कोशिश, बाकी लोग बने रहे तमाशबीन

नवीन निश्चल, मंगोलपुरी: मंगोलपुरी में रहने वाले आकाश उर्फ अक्कू की हत्या के बाद से उसके परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। पूरी गली में मातम पसरा हुआ है। परिवार को चिंता है कि अब परिवार को कौन संभालेगा। मकान किराए का है, पीछे मां, बीमार पिता और दो बहन बेसहारा हो गई है। आकाश ही मेहनत करके परिवार का भरण पोषण कर रहा था। आकाश की बुआ ने बताया कि उसके पिता का किडनी खराब है। वह अक्सर बीमार रहते है। तीन भाई बहनों में आकाश बड़ा था, अचानक ऐसा हुआ कि उनके परिवार पर पहाड़ टूट पड़ा है। आकाश की मां ने बताया कि बुधवार शाम कोई उनके बेटे को बुलाने आया था। आकाश अपना फोन पापा को देकर गया, बोला अभी आ रहा हूं। थोड़ी देर के बाद वह लौटकर नहीं आया।

बुधवार देर शाम जब आकाश जान बचाने के लिए पार्क से गली में भागकर एक घर के अंदर घुसकर गेट बंद करने की कोशिश कर रहा था। उस समय पूरी गली में लोग मौजूद थे, लेकिन उनके बीच आरोपी ताबड़तोड़ चाकू से हमला करते रहे और लोग तमाशबीन बने रहे। सिर्फ एक बुजुर्ग ने हिम्मत दिखाई और डंडा लेकर घर से निकले और बदमाशों को रोकने की कोशिश की।

APL APOLLO TUBES LIMITED

CIN: L74899DL1986PLC023443
Regd. Office: 37, Hargobind Enclave, Vikas Marg, Delhi-110092
Corp. Office: SG Centre, 37C, Block A, Sector 132, Noida, U.P. 201304
Email: info@aplapollo.com | Website: www.aplapollo.com
Tel: 0120-6918000

APLAPOLLO® STEEL PIPES

REVENUE +7% Y-O-Y | EBITDA +35% Y-O-Y | PAT +43% Y-O-Y

EXTRACT OF STATEMENT OF CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS PERIOD ENDED DECEMBER 31, 2025

(₹ in Crs. except earning per share data)

S. No	Particulars	Quarter ended	Nine months ended	Quarter ended
		Dec 31, 2025	Dec 31, 2025	Dec 31, 2024
		(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)
1	Total Income from Operations	5,815.13	16,191.2	5,432.73
2	EBITDA	496.51	1,366.17	367.23
3	Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	404.47	1,100.78	280.10
4	Net Profit/(Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	404.47	1,100.78	280.10
5	Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	310.04	848.75	216.97
6	Total Comprehensive income for the period	305.70	856.50	240.02
7	Equity Share Capital	55.53	55.53	55.51
8	Other Equity	-	-	-
9	Earnings Per Share (face value of ₹2/-not annualised for quarterly figures) Basic: Diluted:	11.17 11.17	30.58 30.57	7.82 7.82

Notes: (₹ in Crs.)

1. Brief of Standalone Unaudited Financial Results for the quarter and nine months period ended December 31, 2025:

Particulars	Quarter ended	Nine months ended	Quarter ended
	Dec 31, 2025	Dec 31, 2025	Dec 31, 2024
	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)
Income from Operations	3,843.03	10,401.76	3,781.49
Profit Before Tax	165.08	463.95	110.05
Profit After Tax	119.74	342.03	86.34

2. The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited Financial Results are available on the websites of the Stock Exchange(s) (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website "www.aplapollo.com". The same can be accessed by scanning the QR Code provided below:

Place: Noida
Date: 22 Jan, 2026

For APL Apollo Tubes Limited
Sd/-
Sanjay Gupta
Chairman and Managing Director



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA8 User: cci Time: 01-22-2026 23:27 Color:

नर्सरी एडमिशन: कई स्कूलों में भारी डिमांड

पहली लिस्ट जारी होगी आज, वेटिंग लिस्ट भी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



अकैडमिक सेशन 2026-27 में नर्सरी एडमिशन की पहली लिस्ट आज यानी 23 जनवरी को जारी होगी। हालांकि, कुछ स्कूलों ने पहले ही लिस्ट जारी कर दी है और पैरंट्स को कॉल करके एक-दो दिन में ही सीट ब्लॉक करने को कहा है। इस साल 1758 प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी, केजी और क्लास 1 के लिए एडमिशन होंगे। 100 पॉइंट एडमिशन क्राइटेरिया पर एक से मार्क्स पर जो स्टूडेंट्स हैं, उनके लिए कई स्कूलों ने ड्रॉ किया है। कई स्कूलों में एक ही पॉइंट पर कई बच्चे हैं और सीटों के मुकाबले बच्चों की संख्या बहुत ज्यादा है। प्राइवेट स्कूलों ने नर्सरी एडमिशन के लिए बच्चों को मिले मार्क्स की लिस्ट 16 जनवरी को जारी की थी। शुक्रवार को पहली एडमिशन लिस्ट के साथ साथ वेटिंग लिस्ट भी जारी होगी।

कुछ स्कूलों ने पहले ही जारी कर दी है लिस्ट

कई स्कूलों में एक-एक सीट पर 10 से 20 स्टूडेंट्स ने अप्लाई किया है इसलिए एक से पॉइंट वाले स्टूडेंट्स भी बहुत हैं इसलिए कई स्कूलों ने ड्रॉ निकाला है। इस लिस्ट पर, पॉइंट पर कोई भी सवाल या उलझन हो तो पैरंट्स 24 जनवरी से 3 फरवरी तक स्कूल से बातचीत कर सकते हैं। दूसरी लिस्ट 9 फरवरी को निकाली जाएगी। अगर फिर भी सीटें खाली रहती हैं, तो 5 मार्च को फिर लिस्ट जारी होगी। 19 मार्च एडमिशन का आखिरी दिन होगा। ओपन सीटों 75% की पहली लिस्ट के बाद शिक्षा निदेशालय बाकी 25% EWS/DG सीटों के लिए एडमिशन प्रक्रिया करेगी। स्कूलों का कहना है कि अगर बच्चे का नाम पहली लिस्ट में नहीं आया है, तो पैरंट्स परेशान ना हों। दूसरी लिस्ट में कई बच्चों को चांस मिलेगा क्योंकि कई बच्चे ऐसे हैं जिन्होंने 10 से 20 स्कूलों में अप्लाई किया है और कई स्टूडेंट्स का नाम 7-8 स्कूलों में आ जाता है। वो एक स्कूल में एडमिशन लेकर बाकी स्कूल छोड़ेंगे यानी बाकी बच्चों के लिए जगह बनेगी।

बदहाल कॉलोनी पर टकराव बढ़ा

AAP नेताओं ने बनाया शर्मा कॉलोनी जैसी 114 कॉलोनियों में नर्क: प्रवेश साहिब सिंह

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

किराड़ी की शर्मा कॉलोनी में कई दिनों से गंदा पानी जमा होने की खबरों पर दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि 11 साल तक दिल्ली की सत्ता में रहे आम आदमी पार्टी (AAP) नेताओं ने अनधिकृत कॉलोनियों की जमीन का व्यवसाय किया है। जिसके चलते शर्मा कॉलोनी ही नहीं, बाहरी दिल्ली की 114 कॉलोनियों में रहने वालों का जीवन नरकीय बन गया है।

प्रवेश साहिब सिंह ने AAP को ठहराया जिम्मेदार

उनका आरोप है कि ऐसे इलाकों में 'आप' विधायक अवैध कॉलोनाइजेशन के लिए औने-पौने दामों में जमीन खरीदते हैं। जमीन की कीमत बढ़ाने के लिए सरकार से वहां सीवर लाइन डालने के लिए एक या दो करोड़ रुपये की मंजूरी लेते हैं और कुछ दूर तक पाइप लाइन डालकर लोगों को बताते हैं कि वॉटर और सीवर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप किया जा रहा है। लोग डेवलपमेंट की बात सुनकर 10 हजार रुपये प्रति गज की कीमत वाली जमीन के लिए 20 से 30 हजार रुपये तक देते हैं। अपनी जमीन बेचने के बाद विधायकों को आगे के विकास से कोई सरोकार नहीं होता।

शर्मा कॉलोनी बेहद लो-लाइंग एरिया में: मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के अनुसार, जिस शर्मा कॉलोनी में कई दिनों से गंदा पानी जमा है, वहां समस्या नई नहीं है। पिछले 10 साल से वहां जलजमाव की समस्या है। आसपास की 114 अनधिकृत कॉलोनियों में भी यही समस्या है। ये कॉलोनियां लो-लाइंग एरिया में हैं। बाहरी दिल्ली के बाकी इलाकों का गंदा पानी भी यहां जमा होता है। गंदे पानी के निकासी के लिए 11 साल तक सत्ता में रही 'आप' ने कोई सीवर लाइन नहीं बिछाई। आप नेताओं ने ही दिल्ली में अनधिकृत कॉलोनियों की संख्या में इजाफा किया है।

'ड्रेनेज सिस्टम पर कर रहे हैं काम': शर्मा कॉलोनी सहित किराड़ी विधानसभा क्षेत्र की 114 कॉलोनियों में गंदे पानी के निकासी के लिए सरकार किराड़ी-रिठाला में नई ड्रेन बना रही है। यह काम डीडीए कर रहा है। इस ड्रेन को सप्लीमेंट्री ड्रेन में जोड़ा जाएगा। डीडीए के अलावा सिंचाई व बाढ़ विभाग भी 220 करोड़ की लागत से एक ट्रंक ड्रेन बना रहा है। इस ड्रेन को भी सप्लीमेंट्री ड्रेन में जोड़ा जाएगा।



प्रवेश ने कहा, AAP नेताओं ने अनधिकृत कॉलोनियों की जमीन का व्यवसाय किया

कूड़ा डालकर किराड़ी को DDA ने जानबूझकर डुबोया: सौरभ भारद्वाज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

किराड़ी के कई इलाकों में पानी जमा होने के मामले में आम आदमी पार्टी ने कहा कि इस इलाके को जानबूझकर डुबोया गया। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि किराड़ी की शर्मा कॉलोनी और इसके आसपास का इलाका डूबा नहीं है, बल्कि BJP की DDA ने जानबूझकर 6-7 महीनों के भीतर भलस्वा लैंडफिल साइट का कूड़ा यहां डालकर डुबोया है। इससे कॉलोनी की जल निकासी बाधित हुई और लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है।

सौरभ ने LG और CM से सवाल किया कि किसके कहने पर DDA किराड़ी के खाली प्लॉटों में कूड़ा डाल रहा है। अगर कर भी रहा है, तो पानी की निकासी के लिए क्या इंतजाम किए हैं? सौरभ ने कहा कि शर्मा कॉलोनी के आसपास DDA की जितनी भी खाली और बंजर जमीन थी, वहां से इस कॉलोनी के पानी का प्राकृतिक निकास होता था लेकिन अब दिल्ली सरकार, DDA सहित तमाम लोग यह दिखाना चाहते हैं कि उन्होंने कूड़े के पहाड़ खत्म कर दिए हैं। असलियत यह है कि वे भलस्वा लैंडफिल साइट का कूड़ा ट्रकों में भरकर ला रहे हैं और किराड़ी जैसे इलाकों की खाली जमीनों में परत-दर-परत भर रहे हैं। सौरभ ने बताया कि UER (अर्बन एक्सटेंशन रोड) से उतरते हुए देखने पर पता चलेगा कि कई किलोमीटर तक भलस्वा से लाया गया कूड़ा भरा जा रहा है। यह कूड़ा जहरीला है। कूड़ा भरने के कारण कॉलोनी के पानी का जो प्राकृतिक बहाव था, वह रुक गया है। इसी वजह से मॉनसून में हुई बारिश के बाद यहां की हालत और ज्यादा खराब हो गई है।

सौरभ ने कहा कि हमारे पास स्थानीय AAP विधायक की ओर से लिखे गए दर्जनों पत्र मौजूद हैं। बुराड़ी विधायक ने बार-बार DDA को चिट्ठी लिखकर आगाह किया था कि उन्होंने वहां कूड़ा तो भर दिया, लेकिन पानी के ड्रेनेज का कोई सिस्टम नहीं बनाया। दूसरी ओर बुराड़ी विधायक संजीव झा ने कहा कि प्रवेश वर्मा ने खराब हालात के लिए 11 साल पुरानी AAP सरकार को जिम्मेदार ठहराया था। BJP अपने नकारापन को कब तक पिछली सरकार की आड़ में छुपाती रहेगी?



सौरभ ने कहा, भलस्वा लैंडफिल साइट का कूड़ा यहां डालकर डुबोया है

पहला मोबाइल रोबॉटिक ट्रेनिंग प्लैटफॉर्म हुआ लॉन्च

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली एम्स के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में बच्चों की सर्जरी की पढ़ाई और ट्रेनिंग को नई दिशा मिल रही है। यहां चल रहे 21वें पीडियाट्रिक एंडोस्कोपिक सर्जन्स ऑफ इंडिया सम्मेलन (PESICON 2026) में भारत का पहला मोबाइल रोबॉटिक ट्रेनिंग प्लैटफॉर्म लॉन्च किया गया। 21 से 23 जनवरी तक चलने वाले इस सम्मेलन में देश-विदेश से 300 से ज्यादा डॉक्टर्स और सर्जरी एक्सपर्ट्स हिस्सा ले रहे हैं।

DDA फ्लैट्स की समस्याओं के लिए अब हर हफ्ते सुनवाई

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** DDA के फ्लैट्स से जुड़ी समस्याओं के लिए अब लोगों को दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। लोगों की शिकायतों को प्राथमिकता देने के लिए DDA ने नई पहल की है। अब DDA हर हफ्ते जनसुनवाई करेगा, जिसमें साइट इंजीनियर सीधे लोगों की बातें सुनेंगे और समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया शुरू करेंगे। DDA के हाउसिंग डिप्टी डायरेक्टर चिन्मय चक्रवर्ती ने 19 जनवरी को इस जुड़ा सर्कुलर जारी किया है।

साइट इंजीनियर सुनेंगे लोगों की शिकायतें

IAS संजीव खिरवार बने MCD के नए कमिश्नर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** 1994 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) अधिकारी संजीव खिरवार ने गुरुवार को MCD कमिश्नर का पदभार संभाल लिया। वह AGMUT कैडर से हैं। उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में प्रशासनिक कार्यों का व्यापक अनुभव है। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर खिरवार ने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था, नगर निगम को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

दिल्ली से वाराणसी के बीच चलेगी वीकेंड स्पेशल ट्रेन

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने दिल्ली और वाराणसी के बीच वीकेंड स्पेशल सुपरफास्ट ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन 23 जनवरी से लेकर 26 जनवरी के बीच ही चलेगी। नॉर्दर्न रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 04024 दिल्ली जंक्शन से वाराणसी के लिए 23 जनवरी और 25 जनवरी को चलेगी, जबकि वापसी में वाराणसी से दिल्ली के लिए गाड़ी संख्या 04023 चलेगी।

ट्रेन 23 से 26 जनवरी के बीच ही चलेगी

कांग्रेस ने की रविदास जयंती पर सार्वजनिक छुट्टी की मांग

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने गुरु रविदास की जयंती यानि 1 फरवरी को दिल्ली सरकार से सार्वजनिक छुट्टी और ड्राई डे घोषित करने की मांग की है। कांग्रेस का कहना है कि गुरु रविदास के अनुयायियों की भावना का सम्मान करते हुए सरकार को इसकी अधिसूचना तुरंत जारी करनी चाहिए। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले साल विधानसभा चुनाव के रिजल्ट आने के बाद दलित समाज की सहानुभूति लेने के मकसद से उपराज्यपाल ने जयंती पर छुट्टी घोषित की थी।



वार्षिकोत्सव पर किया गया रामायण का अखंड पाठ

■ **NBT न्यूज, नई दिल्ली:** श्री हनुमान मंदिर बहादुरी के 55वें वार्षिकोत्सव पर अखंड रामायण पाठ में सैकड़ों भक्त शामिल हुए। महंत सतीश भाई ने श्रृंगार किया और मंदिर के प्रधान विनय शर्मा ने अखंड ज्योति प्रज्वलित की।

सत्संग: बटुक भैरव शक्तिपीठ मंदिर नेहरू पार्क, चाणक्यपुरी में पंडित रानेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि मृत्यु जीवन का शाश्वत सत्य है, जो मृत्यु के समय रोता है, इसका मतलब है जीवन के उद्देश्यों को महत्व नहीं दिया।

भागवत कथा: गंगेश्वर धाम करौलबाग में स्वामी वेदानंदजी के सान्निध्य में भागवत कथा के समय पंडित अभियान शास्त्री-वृंदावन ने कहा,कथा सुनने से शांति आती है।

5 करोड़ की लागत वाली योजनाओं को PM-प्रगति पोर्टल पर करें अपडेट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न विभागों के कामकाज, चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति और आगामी वित्तीय वर्ष की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 5 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली सभी परियोजनाओं की जानकारी एक सप्ताह के भीतर 'पीएम-प्रगति' पोर्टल पर अपडेट करना अनिवार्य होगा, ताकि परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और समीक्षा सुनिश्चित की जा सके।

CM ने सभी विभागों के प्रमुखों के साथ की बैठक

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि हर विभाग को अपने-अपने पोर्टल पर विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से अपडेट करनी चाहिए, जिससे आम जनता को योजनाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सके और पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने अधिकारियों को लंबित परियोजनाओं को तय समय-सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य सचिव राजीव वर्मा सहित सभी विभागों के सचिव और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान 'दिल्ली मित्र' पोर्टल के जल्द लॉन्च करने के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल नागरिकों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए एक समर्पित डिजिटल मंच होगा। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को तकनीकी तैयारी, कर्मचारियों की ट्रेनिंग और विभागीय समन्वय का कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल सरकार और जनता के बीच सीधे संवाद का मजबूत सेतु बनेगा। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान अधिकारियों को अगली गर्मी के लिए अभी से तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पानी की आपूर्ति, बिजली, स्वास्थ्य सेवाओं, सड़कों की मरम्मत और अन्य सार्वजनिक सेवाओं की अग्रिम तैयारी की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य रिजल्ट ओरिएंटेड गवर्नेंस देना है, जहां योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहकर धरातल पर साफ दिखाई दें और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

'मुनक नहर बनेगी आस्था का केंद्र'

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को मुनक नहर के सौंदर्यीकरण और छठ घाटों के निर्माण की आधारशिला रखी। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि वर्षों से गंदगी और बदहाली का शिकार रही यह नहर अब जल्द ही आस्था का केंद्र बनेगी। अब श्रद्धालुओं को गंदगी में नहीं, बल्कि एक सुरक्षित, साफ जगह पर अर्घ्य देने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसी मुनक नहर पर हम एलिवेटेड रोड भी बनाएंगे जो आस-पास की सड़कों को जाम से राहत दिलाएगा। कार्यक्रम में पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह भी मौजूद रहे। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि बदहाल पड़ी मुनक नहर पर छठ पूजा घाट, पार्क व ब्यूटीफिकेशन भी होगा। नहर के दोनों किनारों पर सर्विस रोड का निर्माण होगा। इस योजना से शालीमार बाग, पीतमपुरा, केशव पुरम, नेताजी सुभाष प्लेस, पंजाबी बाग और कोहाट एन्क्लेव जैसे आसपास के इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों को फायदा होगा।

बजट खर्च की जल्दबाजी पर रोक!

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सरकारी विभागों द्वारा वित्तीय साल के आखिरी क्वॉर्टर, खासकर मार्च में बजट खर्च की जल्दबाजी पर अब रोक लगने वाली है। दिल्ली सरकार के फाइनेंस डिपार्टमेंट ने साफ कर दिया है कि अब बजट का इस्तेमाल पूरे साल संतुलित तरीके से करना होगा। साल के अंत में अचानक खर्च बढ़ाने, बिना जरूरत भुगतान करने और लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

फाइनेंस डिपार्टमेंट ने सभी विभागों से वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट खर्च का पूरा ब्योरा मांगा है। इसमें पिछले 9 महीनों के खर्च और आने वाले 3 महीने की खर्च योजना की जानकारी देनी होगी। आदेश में कहा गया है कि किसे कितना बजट आवंटित हुआ, कितना खर्च हुआ और रिवाइज्ड बजट में क्या बदलाव किया गया, इसकी पूरी डिटेल देनी होगी। विभागों को यह भी बताना होगा कि बीते 9 महीने में असल रूप से कितना खर्च हुआ और उसी आधार पर बाकी बचे 3 महीनों में संभावित खर्च कितना होगा। सभी विभागों को 2 फरवरी तक यह जानकारी फाइनेंस डिपार्टमेंट को भेजनी है। इसके बाद जानकारी का जायजा लिया जाएगा। फाइनेंस डिपार्टमेंट ने अपने आदेश में हाल की एक ऑडिट रिपोर्ट का भी जिक्र किया है। इसमें कई गंभीर वित्तीय खामियां सामने आई हैं।

फाइनेंस डिपार्टमेंट ने विभागों से मांगा ब्योरा

दिल्ली में 8.27 लाख नए राशन कार्ड की वैकेंसी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राजधानी में राशन कार्ड बनवाने का इंतजार कर रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। राशन कार्डधारियों की वेरिफिकेशन प्रक्रिया के बाद करीब 8.27 लाख नए राशन कार्ड लाभार्थियों की वैकेंसी बनी है। सरकार ने लंबे वेरिफिकेशन प्रोसेस के बाद लाखों नाम राशन कार्ड की लाभार्थी सूची से बाहर किए हैं। अब भी वेरिफिकेशन प्रक्रिया जारी है। अधिकारियों के मुताबिक राशन कार्ड वैकेंसी को भरने के लिए जल्द ही जरूरतमंदों का कार्ड बनाने का काम शुरू होगा।

जल्द शुरू होगा नए राशन कार्ड बनाने का काम

बीजेपी ने सरकार गठन के बाद ही राशन कार्ड लाभार्थियों की वेरिफिकेशन प्रक्रिया शुरू की है। इसके बाद दिल्ली में 8.27 लाख से अधिक लोगों को इसके लिए फिट नहीं पाया गया है। इसमें 6.46 लाख ऐसे हैं जिनकी आय ठीक ठाक थी फिर भी वह मुफ्त राशन का लाभ ले रहे थे। 95 हजार लोग एक साल से अधिक समय से राशन लेने ही नहीं आए। 23 हजार से अधिक डुप्लिकेट राशन कार्ड मिले, तो 6185 लोगों की मौत के बाद भी राशन कार्ड का लाभ परिवार वाले ले रहे थे। इसके अलावा 56,372 लोग ने खुद ही नाम कटवाने के लिए आवेदन किया है।

अधिकारियों का कहना है कि इन सभी लोगों का नाम हटाने के बाद सरकार नए सिरे से लंबित आवेदनों के निपटारे की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। सरकार के मुताबिक, दिल्ली में आज भी 11.65 लाख से अधिक लोगों के फूड सिक्योरिटी की जरूरत है। सरकार के मुताबिक, नियमों में कुछ बदलाव किया गया है। अब सीधे विभाग नहीं बल्कि डीएम या एडीएम की अध्यक्षता में जिला स्तर पर बनी कमिटी तय करेगी कि किसे कार्ड की ज्यादा जरूरत है। इस कमिटी में दो स्थानीय विधायक भी सदस्य होंगे।

सरकार का कहना है कि राशन कार्ड के लिए जिलेवार कोटा तय होगा। यह कोटा उस जिले की आबादी के हिसाब से तय किया जाएगा। जहां आबादी ज्यादा होगी वहां कोटा भी ज्यादा होगा। यह नियम इस साल होने वाली जनगणना के बाद लागू होगी।

- **11,65,965** लोगों को अब भी दिल्ली में फूड सिक्योरिटी की जरूरत
- **72.77** लाख लाभार्थियों का कोटा है दिल्ली का
- **6,46,123** नाम हटाए गए वेरिफिकेशन के दौरान इनकम टैक्स मिसमैच होने पर
- **56,372** ने खुद राशन कार्ड रद्द करने का आवेदन किया
- **95,682** कार्ड धारक एक साल से राशन लेने नहीं आए, इसलिए कटा नाम
- **23,394** डुप्लीकेट लाभार्थी मिले वेरिफिकेशन के दौरान
- **6185** लाभार्थियों की मौत हो चुकी है।

इन्हें नहीं मिलेगा राशन कार्ड का फायदा

1. दिल्ली में ए सी ई कैटिगरी में किसी भी तरह की बिल्डिंग या जमीन है।
2. वह आयकर दाता है।
3. निजी चार पहिया वाहन या कमर्शल वाहन मालिक होगा।
4. दो किलोवॉट से अधिक बिजली लोड का कनेक्शन मिला हो।
5. सरकारी कर्मचारी हो।

भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय

वर्ष 2025 के लिए संत कबीर हथकरघा पुरस्कार और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार

वर्ष 2025 के लिए हथकरघा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु हथकरघा पुरस्कारों की निम्नलिखित श्रेणियों के लिए भारत के निवासियों से निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरे हुए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। विवरण नीचे दिया गया है:

क्र.सं.	पुरस्कार का नाम	श्रेणियां	उप-श्रेणियां	पुरस्कारों की संख्या
1	संत कबीर हथकरघा पुरस्कार	बुनाई	बुनाई	01
			विशेष रूप से सक्षम बुनकरों के लिए (कमला देवी चट्टोपाध्याय संत कबीर हथकरघा पुरस्कार)	01
			विलुप्तप्राय बुनाई (Languishing Weaves)	01
			जनजातीय बुनाई (Tribal Weaves)	01
			योग (अ)	04
2	राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार	बुनाई	बुनाई	08
			विशेष रूप से सक्षम बुनकरों के लिए (कमला देवी चट्टोपाध्याय राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार)	02
			युवा बुनकर (30 वर्ष से अधिक आयु नहीं)	01
			डिजाइनर बुनकर	01
			विलुप्तप्राय बुनाई (Languishing Weaves)	01
			जनजातीय बुनाई (Tribal Weaves)	01
		डिजाइन विकास		02
		हथकरघा उत्पादों का विपणन (Marketing)		02
		स्टार्ट-अप वेंचर/उद्यमशील कंपनी		01
			योग (ब)	19
			कुल योग (अ + ब)	23

2. पात्रता, मानदंड, आयु, अनुभव, आवेदन पत्र आदि के बारे में अधिक जानकारी के लिए विवरण विकास आयुक्त हथकरघा कार्यालय की वेबसाइट (www.handlooms.nic.in) से डाउनलोड किया जा सकता है। किसी भी जानकारी/सहायता के लिए आवेदक निकटतम बुनकर सेवा केंद्र (डब्ल्यूएससी) से संपर्क कर सकता है।

3. आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन, दो तरीकों से जमा किए जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन माई हैंडलूम्स पोर्टल (https://myhandlooms.gov.in/) के माध्यम से जमा किए जाने चाहिए। इसके अतिरिक्त, ऑफलाइन आवेदन, पूरी तरह से भरे हुए और सभी आवश्यकताओं को पूरा करते हुए, हस्तनिर्मित नमूनों (जहां आवश्यक हो), ऑनलाइन आवेदन की प्रिंटआउट, और सभी अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ, निकटतम डब्ल्यूएससी में 23 मार्च, 2026 तक जमा किए जाने चाहिए।

विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय

CBC 41102/11/0008/2526

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

Fondly Remembering
Mrs. Punam Ahuja
13-01-1941 - 23-01-2019
Times May pass, our Love remains same, till eternity remains. Always in thoughts and forever in hearts.
Atul Ahuja (Son) Vandana Bhatia & Jyoti Gambhir (Daughters)

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one. The moments you shared together. Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India (Delhi/NCR)	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

Maximum 50 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088 &
PANKAJ : 81306 04727

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAFL3 User: cci Time: 01-22-2026 23:04 Color:



30 झांकियां, सैकड़ों कलाकार कर्तव्य पथ पर दिखाएंगे कमाल

Katyayani.Upreti@timesofindia.com

Photos: Sunil Kataria

■ **नई दिल्ली :** टेराकोटा से लेकर ताम्र कला, गिर नृत्य से लेकर घोड़ा नाच, समुद्र समाधि से लेकर वॉटर मेट्रो, ऑपरेशन सिंदूर से लेकर वंदेमातरम-कर्तव्य पथ पर देश के कई रंग इस बार गणतंत्र दिवस पर दिखेंगे। आज फुल ड्रेस रिहर्सल भी होगी।

दिल्ली कैंट में 'राष्ट्रीय रंगशाला कैंप' में कलाकार और कारीगर इन झांकियों को परफेक्ट बनाने में जुटे हुए हैं। तमिलनाडु की झांकी का हिस्सा बनने दिल्ली पहुंचीं एमए स्टूडेंट राजलक्ष्मी कहती हैं, हमारा ग्रुप 11 जनवरी को दिल्ली पहुंचा। यहां कई राज्यों के कल्चर को जानने का मौका मिल रहा है। कई आर्टिस्ट से दोस्ती हुई। हम सुबह-दिन-शाम रिहर्सल कर रहे हैं। वहीं, राजस्थान की झांकी के डांसर विकास गहलोत कहते हैं, हमारी 10 कलाकारों की टोली 16 जनवरी से दिल्ली में रिहर्सल कर रही है। यह कमाल का अनुभव है। मैं पहली बार दिल्ली आया हूं, यह बेहद खूबसूरत है।

Gen Z के संग कल्चर भी, एजुकेशन भी: Gen Z 'वंदेमातरम' थीम पर संस्कृति मंत्रालय की झांकी की अगुवाई करेंगे, तो शिक्षा मंत्रालय की झांकी के साथ भी नजर आएंगे। कर्तव्य पथ पर वीआर हेडसेट पहने बच्चे, जादुई पिटारा, स्वदेशी खिलौने से लेकर रोबोटिक्स, डिजिटल लैब्स नजर आएंगी। क्लास 6 की केंद्रीय विद्यालय की स्टूडेंट शुभांशी कहती हैं, मैं पीएम श्री केंद्रीय स्कूल, जेएनयू से हूं। करीब दो हफ्तों से हम इस कैंप में सुबह-शाम प्रैक्टिस कर रहे हैं।

'आत्मनिर्भर उत्तराखंड' थीम के साथ पहाड़ी राज्य अपने पारंपरिक वाद्य यंत्रों 'ढोल' और 'रणसिंघा' की आकर्षक ताबे की मूर्तियों के साथ लोगों का ध्यान खींचेगा। वहीं, जम्मू-कश्मीर के फोक डांस, लद्दाख का नोमेड कल्चर तो हिमाचल की वीर गाथा में 26 जनवरी को सुनाई देगी। गुजरात की झांकी में भारतीय धन की विकास यात्रा होगी, तो झारखंड की झांकी दशम जलप्रपात, वन्यजीव, इको टूरिजम और पुटुचेरी की झांकी में इको विलेज से लेकर अरविंदो आश्रम को पेश करेगा। 7 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से और 13 झांकियां अलग-अलग मंत्रालय और विभागों से परेड का हिस्सा बनेंगी।

आखिरी तैयारी में जुटे: दिल्ली कैंट में 'राष्ट्रीय रंगशाला कैंप' में कलाकार और कारीगर इन झांकियों को परफेक्ट बनाने में जुटे हुए हैं। विभिन्न राज्यों से 10 दिन पहले दिल्ली पहुंचकर तैयारी में जुट चुकी हैं टीमें

23-26 जनवरी को कुछ मेट्रो स्टेशन रहेंगे बंद

सुरक्षा व्यवस्थाओं के मद्देनजर कुछ मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश और निकास को अस्थायी रूप से बंद रखने की घोषणा की है। DMRC के अनुसार 23 और 26 जनवरी को चयनित स्टेशनों पर सुबह 3:00 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक प्रवेश और निकास प्रतिबंधित रहेगा। सेंट्रल सेक्रेटेरिएट मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 3 और 4, उद्योग भवन के गेट नंबर 1, लाल किला और जामा मस्जिद स्टेशनों के गेट नंबर 3 और 4 बंद रहेंगे। दिल्ली गेट और ITO स्टेशन के भी कुछ गेट बंद रहेंगे।

गणतंत्र दिवस

देशभक्ति का जज्बा और परेड का जोश

गणतंत्र दिवस की परेड से जुड़ी हर भारतीय की अपनी एक कहानी है। हमने अपने रीडर्स से 26 जनवरी की परेड से जुड़े उनके खास अनुभव साझा करने को कहा है। जिस पर हमें रोजाना ढेरों रिस्पॉन्स मिले और उन्हीं में से कुछ चुनिंदा रिस्पॉन्स आज हम यहां छाप रहे हैं।

'2011 से लगातार देता रहा हूं परेड में ड्यूटी'

मैं दिल्ली पुलिस में हूं। 2011 से लगातार गणतंत्र दिवस पर ड्यूटी देता आ रहा हूं। यहां ड्यूटी का एक-एक पल इतना खास है कि शब्दों में बया नहीं कर सकता। परेड देखकर जोश दोगना हो जाता है। जब हमारी दिल्ली पुलिस की परेड निकलती है, तो भी सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। *-वीरेंद्र लाम्बा*

'आज भी मेरी यादों में जिंदा है वह अनुभव'

1972 या 1973 की बात है, परेड में DU के कई कॉलेजों से स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। प्रैक्टिस के लिए हम 3-4 दिन ITO के पास गांधी शांति प्रतिष्ठान में रुके। 26 की सुबह विजय चौक से युद्ध स्मारक (तब इंडिया गेट) तक गए। यह अनुभव आज भी यादों में जिंदा है। *-हरीश*

RDAY लाइव ▶

कर्तव्य पथ पर एक साथ उठते कदम और अनुशासन में सजी ये पंक्तियां सिर्फ परेड की तैयारी नहीं, बल्कि गणतंत्र दिवस की यादों की शुरुआत भी हैं। 26 जनवरी से जुड़ा आपका अनुभव क्या है। क्या आप कभी इस परेड का हिस्सा रहे हैं या दर्शक दीर्घा में बैठकर इसे लाइव देखा है? अपनी यादें, किस्से और एहसास हमारे साथ साझा करें।

अपने अनुभव आप हमें 9220747220 पर वट्सऐप कर सकते हैं या फिर nbtreader@timesofindia.com पर मेल कर सकते हैं। सब्जेक्ट में RDay जरूर लिखें।

देश की पहली 'नी-सैल्वेज' सर्जरी और जांघ के टिशू से बनाया घुटने का कुशन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

घुटने में गंभीर चोट के बाद 30 साल की एक महिला लंबे समय से तेज दर्द से परेशान थी। जांच में सामने आया कि उसका मेनिस्कस फट गया था। उसने पहले मेनिस्कस रिपेयर की सर्जरी कराई, लेकिन यह इलाज सफल नहीं हो पाया। हालात ऐसे बन गए थे कि कम उम्र में ही घुटना ट्रांसप्लांट कराना पड़ सकता था। इससे बचाने के लिए RML अस्पताल में आखिरी विकल्प के तौर पर 'नी-सैल्वेज' तकनीक अपनाई गई। इसमें जांघ के टिशू से नया कुशन बनाकर मेनिस्कस की जगह लगाया गया। सर्जरी के बाद महिला को दर्द से राहत मिली है। अर्थ्राइटिस व घुटना ट्रांसप्लांट की जरूरत भी टल गई है।

डॉक्टरों ने दावा करते हुए कहा कि इस तकनीक के जरिए देश में पहली बार सर्जरी की गई है। 13 जनवरी को डॉ. राहुल खरे की टीम ने डॉ. प्रणव गुप्ता, डॉ. रवि रंजन और डॉ. मोहित राज के सहयोग से सर्जरी की। करीब डेढ़ घंटे में सर्जरी पूरी हो गई। मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर अशोक कुमार और मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर विवेक दीवान के सहयोग से यह संभव हो पाया।

RML के ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट के HOD डॉ. राहुल खरे ने बताया कि जांघ की हड्डी (फीमर) और पिंडली की हड्डी (टिबिया) के बीच मौजूद मेनिस्कस घुटने का कुशन होता है। यह दोनों हड्डियों को आपस में रगड़ से बचाता है। पहले ऐसे मामलों में मेनिस्कस निकाल दिया जाता था। इससे कुछ ही साल में अर्थ्राइटिस हो जाता था और बार-बार घुटना बदलने की नौबत आती थी। बाद में मेनिस्कस ट्रांसप्लांट की तकनीक आई, लेकिन भारत में यह आसान नहीं है। डॉ. राहुल ने बताया कि घुटने में दो मेनिस्कस होते हैं। इनमें खून की मात्रा बहुत कम होती है। करीब दो-तिहाई हिस्से में खून नहीं पहुंचता, इसलिए कई बार रिपेयर के बाद भी सही से हीलिंग नहीं हो पाती। इस महिला के साथ भी यही हुआ और पहले कराई गई सर्जरी फेल हो गई।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

भविष्य के लिए नई उम्मीद

डॉक्टरों का कहना है कि मेनिस्कस रिपेयर फेल होने पर अब तक घुटना ट्रांसप्लांट ही आखिरी रास्ता माना जाता था लेकिन अब एक नई उम्मीद जागी है। इस नई तकनीक से खासकर युवा मरीजों को घुटना बदलने से बचाया जा सकेगा। विशेषज्ञों ने इसके अच्छे नतीजे सामने आए हैं। भारत में पहली बार इस तरह की सर्जरी से घुटने के इलाज के लिए एक नई उम्मीद और नया रास्ता खुला है।

बेकाबू SUV कैब से भिड़ी, 6 जख्मी

■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांव: गोल्फकोर्स रोड पर मंगलवार रात सेक्टर-53 में रॉन्ग साइड आ रही तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने कैब में टक्कर मार दी। हादसे में ड्राइवर सहित 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फॉर्च्यूनर सवार गाड़ी को मौके पर ही लॉक कर फरार हो गए। राजस्थान के झुंझुनूं नंबर की यह एसयूवी प्रताप सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड है। पता चला है कि गाड़ी एक स्टूडेंट चला रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रॉन्ग साइड से आकर मारी टक्कर

दिल्ली निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को बताया कि वह पालम विहार की कंपनी में ड्राइवर हैं। मंगलवार रात 1:10 बजे वह सेक्टर-69 से स्टाफ लेकर DLF फेज-3 की ओर जा रहे थे। गाड़ी सेक्टर-54 स्थित ला-जगूना सोसायटी के पास पहुंची, तभी रॉन्ग साइड में आ रही राजस्थान नंबर की तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ने सीधी टक्कर मार दी।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAFL4 User: cci Time: 01-22-2026 23:06 Color:

कड़ाके की ठंड पर धूप की चादर, आज बारिश के आसार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

- सुबह और दोपहर में होगी बारिश, दिनभर छाए रहेंगे बादल
- इससे पहले 2019 में 21 जनवरी को अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री रहा था

जनवरी में लगातार बढ़ रही धूप की तपिश ने अब लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। गुरुवार को गर्मी ने 7 साल का रेकॉर्ड तोड़ दिया। सुबह के समय बादल दिखाई दिए, लेकिन इसके बाद 10 बजे से धूप खिल गई। धूप की तपिश आम दिनों की तुलना में कहीं अधिक थी। अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री रहा। यह सामान्य से 6.5 डिग्री अधिक है। वहीं, न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1.2 डिग्री कम रहा। हवा में नमी का स्तर 49 से 100 प्रतिशत तक रहा। इससे पहले 2019 में 21 जनवरी को अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री रहा था।

पूर्वानुमान के अनुसार शुक्रवार को दिल्ली में कई दिनों बाद बारिश की संभावना है। सुबह और दोपहर के समय बारिश के स्पैल पड़ेंगे। पूरे दिन बादल छाए रहेंगे। बारिश हल्की रहेगी। इसके साथ तेज हवाएं चलेंगी। इनकी रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी। अधिकतम तापमान 19 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री तक रह सकता है। यह पहला मौका होगा, जब न्यूनतम तापमान 12 डिग्री तक रह सकता है। 24 जनवरी से ठंड फिर से बढ़ने लगेगी। 24 जनवरी को भी बादल छाए रहेंगे। तेज हवा चलेंगी। अधिकतम तापमान 16 से 18 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6 से 8 डिग्री तक रहेगा। 25 और 26 जनवरी को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 16 से 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान 5 से 8 डिग्री तक रह सकता है। 27 और 28 फरवरी को अधिकतम तापमान 19 से 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 से 13 डिग्री तक रह सकता है।

स्काईमेट के अनुसार राजधानी में 8 अक्टूबर के बाद अब बारिश के आसार हैं। हालांकि 9 जनवरी को बारिश हुई थी, लेकिन यह मात्रा से भी कम थी। शुक्रवार सुबह अच्छी बारिश की संभावना है। एक सक्रिय वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पहले ही उत्तर पाकिस्तान और जम्मू-कश्मीर के ऊपर पहुंच चुका है। जम्मू-कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए हैं और इसका असर पंजाब के मैदानी इलाकों तक दिखाई दे रहा है। हालांकि दिल्ली इस सिस्टम के किनारे पर स्थित है, इसलिए यहां खराब मौसम की संभावना नहीं है। इसके बावजूद लंबे समय से चला आ रहा सूखा मौसम अब खत्म होने वाला है।

बारिश की 'आहट' के बीच हटा GRAP-3

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बारिश के पूर्वानुमान के बीच दिल्ली-एनसीआर से एक हफ्ते बाद GRAP-3 हटा लिया गया है। कमिशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (CAQM) की सब कमिटी ने रिव्यू के बाद GRAP-3 हटाने का आदेश जारी किया। सीएक्यूएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश जारी कर दिया है।

सीएक्यूएम के अनुसार राजधानी में बीते कुछ दिनों से एक्यूआई में सुधार हो रहा है। 20 जनवरी को एक्यूआई 378 था। बुधवार को यह 330 रहा। गुरुवार को यह कम होकर 322 के स्तर पर आ गया। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में प्रदूषण सामान्य से खराब स्तर पर रहेगा। इस स्थिति को देखते हुए GRAP-3 को हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि GRAP-1 और GRAP-2 की सख्ती जारी रहेगी। जरूरत पड़ने पर GRAP के विभिन्न चरण लागू किए जा सकते हैं या हटाए जा सकते हैं। हालांकि इस दौरान जिन कामों और उद्योगों को काम बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं, वहां काम बंद ही रहेगा।

GRAP-1 और GRAP-2 की पाबंदियां जारी रहेंगी

GRAP-3 में क्या पाबंदियां हटीं (401-450)

- निर्माण संबंधी गतिविधियों पर शर्तों के साथ रोक हटी
- दिल्ली के अलावा गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में बीएस-4 डीजल और बीएस-3 पेट्रोल की गाड़ियां अब चल सकेंगी
- दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में 5वीं तक के स्कूल पूरी तरह खुलेंगे
- दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में पब्लिक ऑफिस और निगम ऑफिस की टाइमिंग पहले की तरह रहेंगी
- एनसीआर के स्टोन क्रशर जोन खुलेंगे
- एनसीआर में माइनिंग से जुड़ी गतिविधियों पर रोक खत्म
- सरकारी कार्यालय में सभी ऑफिस से काम करेंगे

आज पहली बार 200 से नीचे आ सकता है AQI

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

आज साल में पहली बार प्रदूषण का स्तर 200 से नीचे आ सकता है। बारिश और तेज हवाओं की वजह से लोगों को यह राहत मिलेगी। पूर्वानुमान के अनुसार दो दिन शुक्रवार और शनिवार को एक्यूआई सामान्य स्तर पर रह सकता है। इसके बाद रविवार से यह खराब हो जाएगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के एयर बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का एक्यूआई 322 रहा। मुख्य प्रदूषक पीएम 10 और पीएम 2.5 रहा। फरीदाबाद का एक्यूआई 243, गाजियाबाद का एक्यूआई 359, ग्रेटर नोएडा का 314, गुरुग्राम का 366, मानेसर का 307 और नोएडा का 355 रहा।

दो दिन बाद फिर होगी राजधानी की खराब हवा

अनुमान के अनुसार 23 व 24 जनवरी को प्रदूषण का स्तर सामान्य रहेगा। 25 जनवरी को यह खराब रह सकता है। इसके बाद छह दिनों तक इसका स्तर खराब से बेहद खराब रहेगा। गुरुवार को हवाओं की गति 20 किलोमीटर प्रति घंटे तक रही।

GRAP में लगातार लापरवाही

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

GRAP के दौरान लगातार लापरवाहियां सामने आ रही हैं। आम लोगों के अलावा अब कमिशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (CAQM) की टीमें भी सरकारी विभागों की इन लापरवाहियों को उजागर कर रही हैं। 13 दिनों के दौरान सीएक्यूएम की टीमों ने 72 जगहों पर लापरवाहियां देखकर वहां कार्रवाई के सुझाव दिए हैं। कार्रवाई में काम बंदी, सीलिंग और कारण बताओ नोटिस आदि का सुझाव दिया गया है।

सीएक्यूएम ने 21 जनवरी को एन्फोर्समेंट टास्क फोर्स की 124वीं मीटिंग की। इसमें फोर्स के निरीक्षण आदि का रिव्यू किया गया। 7 से 19 जनवरी के बीच दिल्ली-एनसीआर में किए गए निरीक्षणों का यह रिव्यू था। फोर्स ने इस दौरान प्रदूषण के स्रोतों जैसे उद्योगों, डीजल जेनरेटर, निर्माण व तोड़फोड़ साइट, सड़कों की धूल, कूड़ा जलाना आदि का निरीक्षण किया।

ब्लैकमेलिंग में एक और अरेस्ट

Shanker.Singh
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** करीब एक दशक से ट्रैफिक पुलिस स्टाफ को विडियो बना कर ब्लैकमेल करने वाले गिरोह के एक और अहम मेंबर को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। इसकी शिनाख्त संजय गुप्ता (49) है, जो नॉर्थ ईस्ट जिले के नौहरीपुर में रहता है। इससे एक फोन, सिम कार्ड और पेन ड्राइव रिकवर किए हैं। इसे बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस अफसरों के मुताबिक, इस गिरोह के कई और मेंबर्स हैं, जिनकी पहचान कर उनके खिलाफ सबूत जुटाए जा रहे हैं। जल्द ही उन्हें भी अरेस्ट किया जाएगा।

सरगना समेत दो आरोपी पहले ही भेजे चुके हैं जेल

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी संजय गुप्ता पर पहले से एक्सटॉर्शन, डकैती और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट समेत तीन केस हैं। ये गिरोह के साथ पुलिसवालों से जबरन वसूली करता था। इससे पूछताछ चल रही है, जिसके बाद अन्य आरोपियों को पकड़ा जाएगा। दरअसल क्राइम ब्रांच ने 8 दिसंबर को इस गैंग पर महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट (MCOCA) के तहत केस दर्ज किया था। गैंग सरगना बजनपुरा निवासी राजकुमार उर्फ राजू मीणा (45) को उसी दिन अरेस्ट कर लिया था।

पुलिस का दावा है कि पूरे सिंडिकेट का मास्टरमाइंड राजू है, जिस पर पहले से एक्सटॉर्शन और डकैती समेत सात केस पहले से दर्ज हैं। आरोपी संजय गुप्ता और राजू मीणा मुकदमेबाज भी है, जो एक ही केस में पहले भी बंद हो चुके हैं। क्राइम ब्रांच इस केस में 11 दिसंबर को लोनी के मुकेश कुमार उर्फ पवौड़ी को भी अरेस्ट कर चुकी है। यह होम गार्ड में था और ट्रैफिक पुलिस के साथ अटैच रहा था। पुलिस अफसरों का दावा है कि राजकुमार उर्फ राजू मीणा का गैंग ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के कथित 'रिश्वत' लेते हुए विडियो बनाता था। इसके जरिए ब्लैकमेल कर उनसे मोटी रकम की वसूली करता था।

NDMC ने शुरू की 'गीला कचरा लाओ, खाद ले जाओ' मुहिम

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** NDMC के चेयरमैन केशव चंद्र ने सामुदायिक भागीदारी के जरिए कचरे को उपयोगी बनाने के मकसद से 'गीला कचरा लाओ, खाद ले जाओ' मुहिम की शुरुआत की है। इस अनोखी पहल की शुरुआत काका नगर, सरोजिनी विहार और वेस्ट किदवई नगर की 3 प्रमुख रिहायशी कॉलोनियों से की गई है। NDMC का मकसद इस योजना के जरिए कम्पोस्टिंग को बढ़ावा देना है। इस मौके पर NDMC चेयरमैन केशव चंद्र ने कहा कि सामुदायिक भागीदारी स्थायी कचरा मैनेजमेंट की रीढ़ है।

इसका मकसद कम्पोस्टिंग को बढ़ावा देना है

रिश्ता टूटने के बाद उसे अपराध साबित करने के लिए नहीं ले सकते कानून का सहारा: HC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि ऐसे मामले संवेदनशीलता, संयम और स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए ही निपटाए जाने चाहिए

दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा है कि हर रिश्ता शादी में तब्दील नहीं होता। साथ ही अलग व्यक्तियों के बीच बने रिश्ते के टूटने पर उसे अपराध घोषित करने के लिए कानून का सहारा नहीं लिया जा सकता। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने 12 जनवरी को सुनाए गए एक फैसले में यह टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों को संवेदनशीलता, संयम और स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए निपटाना चाहिए।

जस्टिस शर्मा ने कहा कि एक शिक्षित वयस्क व्यक्ति जो स्वेच्छा से प्रेम संबंध बनाता है, उसे ऐसे रिश्तों से जुड़ी अनिश्चितताओं के बारे में पता होना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि यह न तो जरूरी है और न ही पक्का है कि हर प्रेम संबंध शादी में तब्दील होगा। कई रिश्ते व्यक्तिगत, व्यावहारिक या परिस्थितिजन्य कारणों से खत्म हो सकते हैं। जिनमें असंगति या व्यक्तिगत प्राथमिकताओं में बदलाव शामिल है। कोर्ट ने ये टिप्पणियां दिल्ली के एक शिक्षविद के खिलाफ रेप और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम (SC/ST एक्ट) के मामले को रद्द करते हुए की। यह मामला सितंबर 2023 में दर्ज एक एफआईआर से शुरू हुआ था, जिसमें एक लंबे पर्सनल रिश्ते के खत्म होने के बाद उस आदमी पर रेप और जाति आधारित दुर्व्यवहार का आरोप लगाया गया था। वट्सऐप बातचीत और दूसरे डॉक्युमेंट्स की जांच करने के बाद कोर्ट इस नतीजे पर पहुंचा कि रिश्ता आपसी सहमति से था और रिश्ता खराब होने के बाद आपराधिक कानून का इस्तेमाल किया गया था। शादी के झूठे वादे का आरोप भी रिकॉर्ड से साबित नहीं होता है।

कोर्ट ने कहा कि इस ममले में शिकायतकर्ता ने याचिकाकर्ता पर जो आरोप लगाए हैं, वो अपने स्वभाव से ही गंभीर हैं और उनके गंभीर नतीजे होते हैं, जिससे न केवल आरोपी की बल्कि उसके परिवार की भी प्रतिष्ठा खराब हो सकती है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH09 User: cci Time: 01-22-2026 23:15 Color:

प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने का आग्रह

SC में बोला आयोग, SIR में कुछ भी मनमाना नहीं

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि SIR में कुछ भी मनमाना नहीं है। पूरी प्रक्रिया सद्भावना के साथ की गई है। आयोग ने SIR के निर्णय को निष्पक्ष, न्यायसंगत और उचित बताते हुए बिहार में इस प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने का आग्रह किया। दलील दी कि कुछ एनजीओ और राजनेताओं के कहने पर इस विशेष जांच को लेकर निराधार जांच नहीं की जा सकती। गुरुवार को दी गई दलीलें पूरी नहीं हो सकी और अगली तारीख पर सुनवाई जारी रहेगी।

गुरुवार को चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि बिहार में SIR के दौरान जिन 66 लाख लोगों के नाम हटाए गए, उनमें से एक भी शख्स इस अदालत नहीं आया, न ही चुनाव आयोग के समक्ष कोई याचिका दायर की। असोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR), पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टी (PUCL) और कुछ सांसदों के कहने पर ऐसी अंधाधुंध जांच की अनुमति नहीं दी जा सकती। आयोग ने कहा कि शीर्ष अदालत ने बैलेट पेपर को फिर से लागू करने और ईवीएम को हटाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी और इस फैसले का हवाला देकर कहा कि हमें यूरोप का अनुसरण करना चाहिए। अगर वे ईवीएम अपनाते हैं, तो हमें भी अपनाना चाहिए। अगर वे बैलेट पेपर अपनाते हैं, तो हमें भी वही करना चाहिए। एक व्यक्ति अख्तार में लेख लिखता है और दूसरा उसी के आधार पर शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल कर देता है। द्विवेदी ने दलील दी कि एक बार चुनाव आयोग धारा 21(3) के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग करता है, तो विशेष पुनरीक्षण की पद्धति और प्रक्रिया पूरी तरह उसके विवेक पर छोड़ दी जाती है। द्विवेदी के अनुसार, केवल अलग पद्धति अपनाने या नियमित पुनरीक्षण के मैनुअल से हटने मात्र से इस प्रक्रिया को संदिग्ध या अधिकार-क्षेत्र से बाहर (अल्ट्रा वायर्स) नहीं कहा जा सकता।

...तो मामला वहीं समाप्त हो जाएगा

चीफ जस्टिस ने टिप्पणी की कि यदि यह मान लिया जाए कि धारा 21(3) चुनाव आयोग को असीमित विवेकाधिकार देती है, तो मामला वहीं समाप्त हो जाएगा। द्विवेदी ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2003 पर भी विशेष जोर दिया और कहा कि यह अंतिम SIR के बाद लागू हुआ था। इसने नागरिकता स्थापित करने के लिए कड़े मानदंड पेश किए, जिनमें माता-पिता की नागरिकता से संबंधित प्रमाण भी शामिल है। जस्टिस बागची ने सवाल किया कि क्या संशोधित नागरिकता ढांचा वर्तमान SIR का आधार है, क्योंकि चुनाव आयोग के आदेश में सीमा-पार या अवैध माइग्रेशन का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। द्विवेदी ने उत्तर दिया कि यह संशोधन पहले कभी लागू नहीं किया गया था और वर्तमान SIR बदले हुए कानूनी ढांचे को ध्यान में रखने का उपयुक्त अवसर प्रदान करता है।

जनगणना का पहला फेज़ एक अप्रैल से, पूछे जाएंगे 33 सवाल

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

AI Image

■ **नई दिल्ली :** देश में 2011 के बाद अब दो चरणों में होने वाली जनगणना-2027 के पहले चरण में घरों के बारे में आंकड़े जुटाए जाएंगे। यह काम 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक चलेगा। इस बारे में रजिस्ट्रार जनरल और सेंसस कमिश्नर की तरफ से आदेश जारी किए गए हैं। जनगणना अधिकारियों को आदेश दिए गए हैं कि वे जनगणना 2027 के संबंध में मकान सूचीकरण के माध्यम से लोगों से सवाल करके जानकारी इकट्ठी करेंगे।

लोगों से 33 तरह के सवाल किए जाएंगे। इन सवालों में प्रमुख होंगे - घर की दीवारें, छत और फर्श बनाने में क्या-क्या सामग्री इस्तेमाल की गई, घर में इंटरनेट कनेक्शन है या नहीं, एलपीजी इस्तेमाल करते हैं या पीएनजी या फिर लकड़ी, कोयला, मकान की हालत कैसी है, घर में कितने लोग रहते हैं, परिवार के मुखिया का नाम क्या है। इसके साथ ही क्या परिवार का मुखिया अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य से संबंधित है, घर की ओनरशिप का स्टेटस क्या है, परिवार में शादीशुदा कितने जोड़े हैं, इस तरह के सवाल भी पूछे जाएंगे। इसके अलावा लैपटॉप और कंप्यूटर की संख्या भी पूछी जाएगी। घर में लैंडलाइन टेलिफोन, मोबाइल फोन और स्मार्टफोन के बारे में भी डेटा लिया जाएगा। कार, जीप और वैन के साथ-साथ साइकिल, स्कूटर, बाइक और मोपेड की संख्या भी बतानी होगी। जनगणना में जाति भी पूछी जाएगी और यह पूरी तरह से डिजिटल की जाएगी। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग किया जाएगा। डोर-टू-डोर जनगणना करने के लिए 34 लाख सर्वे करने वाले और सुपरवाइजर लगाए जाएंगे। एक लाख 30 हजार जनगणना पदाधिकारी तैनात किए जाएंगे। दूसरे चरण की जनगणना में हर घर में रहने वाले हर व्यक्ति की सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य जानकारी एकत्र की जाएगी।

> रजिस्ट्रार जनरल और सेंसस कमिश्नर ने आदेश जारी किए हैं

कर्नाटक : 3 वाक्य में भाषण, CM बोले- केंद्र की कठपुतली की तरह काम कर रहे गवर्नर

■ **भाषा, बेंगलुरु**

विधानसभा, विधान परिषद के संयुक्त सत्र में हुआ हंगामा

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने गुरुवार को राज्य विधानमंडल में अपना भाषण सिर्फ दो शुरुआती लाइनें पढ़कर खत्म कर दिया। इससे परिसर में भारी हंगामा हुआ। विधानसभा और विधान परिषद के संयुक्त सत्र में भाषण के बाद गहलोत बाहर चले गए। कांग्रेस ने उनका कड़ा विरोध किया और घेराव की भी कोशिश की। राज्यपाल के खिलाफ नारे लगाए। घटनाक्रम को लेकर मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा कि राज्यपाल संविधान द्वारा निर्धारित अपने कार्यों में विफल रहे हैं। सरकार का तैयार पूरा भाषण नहीं पढ़कर उन्होंने संविधान का उल्लंघन किया है। वह केंद्र के हाथों की कठपुतली की तरह काम कर रहे हैं। सरकार सुप्रीम कोर्ट जाने पर गंभीरता से विचार कर रही है।

वहीं, बीजेपी की कर्नाटक इकाई के प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने राज्यपाल का बचाव करते हुए कांग्रेस पर जन असंतोष भड़काने के लिए सदन के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

राँची तंत्रिका मनोचिकित्सा एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (रिनपास)
Kanke, Ranchi - 834006 (Jharkhand) Phone (0651) 2450813, 2450303, 2450188
कांके, राँची 834006 (झारखण्ड) फोन नं0 0651 2450813, 2450303, 2450188
https://rinpas.jharkhand.gov.in, Email Id:- directorrinpas@gmail.com & director-rinpas@jharkhandmail.gov.in

पत्रांक :– स्थिका सं0 Accounts/015/241/2014-15/Vol-I/ 182 दिनांक :– 22/01/226

Walk in Interview
Advertisement No. – DIR/38/01/2025-2026
Walk in Interview for the post of Accounts Officer

The Director, RINPAS invites application from retired Accounts Officer from office of the Accountant General or Finance Department, Govt. of Jharkhand.

1. Date and Time of Walk in Interview – **02.02.2026 at 03.00 PM.**
2. Place of Interview - RINPAS, Kanke, Ranchi.
3. Type of appointment – Contractual basis as per Govt. of Jharkhand rule.
4. Candidate who has retired from the post of Accounts Officer / Audit Officer or equivalent post, from Accounts Department viz CAG (Controller of Accounts) can apply.
5. The Candidate must be below 63 years of age.
6. Knowledge of double entry system of accounting will be preferred.
7. The Candidate must come with hard copy of Bio-data including LPC & Pension Book on the day of interview at **02.30 PM.**
8. Monthly Remuneration : As per Finance Department, Govt. of Jharkhand rule (वित्त विभाग संकल्प संख्या 923/वि0 दिनांक 06.04.2022) for contractual appointment.
9. If, presently working in any organization, NOC should be submitted at the time of Interview.
10. Bio-data may be submitted online on email : directorrinpas@gmail.com & director-rinpas@jharkhandmail.gov.in in advance by **30.01.2026 at 05.00 PM.**

Sd/-
Dr. Jayati Simlai, Director
RINPAS, Kanke, Ranchi

PR 371466 RINPAS (25-26)_D

बेटे ने खुद कराया हमला, खुलासे पर कांग्रेस MLA ने तोड़ा रिश्ता

■ **NBT रिपोर्ट, देहरादून**

कांग्रेस MLA तिलक राज बेहड़

■ इस साजिश में उसके पार्षद दोस्त इंटू ने भी साथ दिया

उत्तराखंड में किच्छा विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री तिलक राज बेहड़ के छोटे बेटे सौरभ बेहड़ पर हुए कथित जानलेवा हमले का सच सामने आ गया है। जांच में खुलासा हुआ कि यह हमला सौरभ ने खुद ही करवाया था। इस साजिश में उसके पार्षद दोस्त इंटू ने उसका साथ दिया। सच सामने आने के बाद विधायक तिलक राज बेहड़ ने मीडिया के सामने आकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी और बेटे से सभी रिश्ते तोड़ने की बात कही है।

तिलक राज ने बताया कि सौरभ ने घरेलू विवादों की वजह से अपने दोस्त के साथ मिलकर खुद ही अपने पर हमला कराने का षड्यंत्र रचा था। उन्होंने कहा, अगर वह उनसे बात करता तो कोई समाधान निकाला जा सकता था। तिलक राज बेहड़ ने कहा कि इस घटना से उनकी सामाजिक छवि को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने पुलिस, मुख्यमंत्री और पार्टी नेतृत्व से भी माफी मांगी और कहा कि पुलिस की मेहनत से सचाई सामने आई। रोते हुए उन्होंने कहा कि बेटे का यह कृत्य माफी के लायक नहीं है। विधायक ने कहा कि पुलिस ने शक के आधार पर जिन लोगों से पूछताछ की, उनके परिवारों से भी वे माफी मांगते हैं।

गाज़ीपुर में रहस्यमयी बुखार, छतों पर जमा काला पाउडर

■ **विकास पाठक, वाराणसी :** गाजीपुर के गांवों में रहस्यमयी बुखार के बाद बच्चों, किशोरों के शारीरिक और मानसिक रूप से अक्षम होने के मामले में गांव वालों का आरोप है कि ऐसा वहां लगी बड़ी फैक्ट्री के प्रदूषण से हो रहा है। ऐसा नहीं है कि प्रशासन को इसकी भनक नहीं थी। 2021 में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बहादीपुर गांव में फैक्ट्री दो महीने के लिए बंद करवाई थी, लेकिन बाद में यह चालू हो गई। इसी साल बुढ़कुड़ा के सीओ ने एसपी को भेजी गई रिपोर्ट में लिखा कि फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं, राख से 10 किमी के इलाके में जीवन अस्त-व्यस्त है, लेकिन यह रिपोर्ट भी ठंडे बस्ते में चली गई। अभी फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं से आस-पास घरों की छतें पर काले पाउडर की परत जमा हो जाती है। यूपी के स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को प्रमुख सचिव और चिकित्सा स्वास्थ्य के महानिदेशक से रिपोर्ट तलब की है। बुखार से प्रभावित 11 गांवों में स्वास्थ्य विभाग ने कैंप लगाए। जिला प्रशासन ने अक्षम मरीजों का ब्योरा जुटाना शुरू कर दिया है। इन परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए गए हैं। रहस्यमयी बुखार पर एनबीटी ने 22 जनवरी को खबर छापी थी। गाजीपुर में 100 से ज्यादा बच्चे मानसिक और शारीरिक दिव्यांगता का शिकार हैं।

> यूपी के स्वास्थ्य मंत्री ने प्रमुख सचिव से रिपोर्ट तलब की

गीता गोपीनाथ बोलीं- भारत को टैरिफ से ज्यादा प्रदूषण से खतरा

■ **एपी, दावोस (स्विट्जरलैंड):** हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर गीता गोपीनाथ ने प्रदूषण को भारत के लिए टैरिफ से ज्यादा बड़ा खतरा बताया है। आईएमएफ की पूर्व अफसर ने यहां वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम की मीटिंग में कहा कि जब नए कारोबार और आर्थिक विकास की बात होती है, तो चर्चा ज्यादातर व्यापार, टैरिफ और नियमों तक सीमित रहती है, जबकि प्रदूषण को उतनी अहमियत नहीं दी जाती। भारत में प्रदूषण बड़ी चुनौती है और इसका असर अब तक लगए गए किसी भी टैरिफ से कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाला है। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में हर साल करीब 17 लाख लोगों की मौत प्रदूषण के कारण होती है।

गुमशुदा/अपहृत की तलाश

तमन्ना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दर्शायी गयी) जिसका नाम **तमन्ना पुत्री सुशील निवासी म. नं. 1516, फेज–3, जे जे कलोनी मदनपुर खादर, नई दिल्ली** जो अपने घर से **दिनांक 19.01.2026 को दोपहर लगभग 2:00 बजे** से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक **एफआईआर नं. 65/2026 अंतर्गत धारा 137(2) बीएनएस एक्ट 2023, दिनांक 20.01.2026 थाना कालिन्दी कुन्ज, दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस लड़की का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–

लिंग: स्त्री, **आयु:** 13 वर्ष, **कद:** 4'6" फीट, **रंग:** गेहुंआ, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** सामान्य, **पहनावा:** पेंकदार शर्ट, नीले रंग की जीन्स की पेंट और पैरों में नीले रंग के सेन्डल पहने हुए है।

अगर किसी को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:–

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
टेली. नं.: 011-24368638/24368641
फैक्स नं.: 011-24368639

थाना प्रभारी
थाना: कालिन्दी कुन्ज, दिल्ली
फोन: 011–28945322
मोबाइल: 8750870922

DP/972/SE/2026

CBC 29133/3/0109/2526

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय
MINISTRY OF MICRO, SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES

"पी एम विश्वकर्मा न केवल देशभर के कारीगरों और शिल्पकारों के कौशल को बढ़ाएगा, बल्कि उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों को विश्व स्तर पर नई पहचान भी दिलाएगा।"
– श्री नरेन्द्र मोदी, माननीय प्रधानमंत्री

भारत के कारीगरों और शिल्पकारों की विरासत की प्रदर्शनी

पी एम विश्वकर्मा हाट 2026

18 से 31 जनवरी 2026 | प्रातः 10:30 से रात 10:00 बजे तक

दिल्ली हाट, आई एन ए, नई दिल्ली

विभिन्न राज्यों से विश्वकर्मा कारीगरों एवं शिल्पकारों द्वारा हस्तनिर्मित उत्पाद प्रदर्शन
•पारंपरिक शिल्प • लाइव प्रदर्शन • सांस्कृतिक अनुभव

श्री जीतन राम मांझी
केंद्रीय मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

सुश्री शोभा करांदलाजे
राज्य मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

पी एम विश्वकर्मा का अब तक का सफर

- 30 लाख विश्वकर्माओं का सफल पंजीकरण
- 23 लाख+ विश्वकर्माओं को कौशल प्रशिक्षण
- 5.3 लाख+ विश्वकर्माओं को ₹ 4,600+ करोड़ का ऋण स्वीकृत
- 12 लाख विश्वकर्माओं को टूलकिट
- पैकेजिंग, ब्रांडिंग के लिए प्रशिक्षण एवं विपणन तथा डिजिटल प्रोत्साहन

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMA10 User: cci Time: 01-22-2026 23:46 Color:

बराबरी का संघर्ष 'शब्द' बदलें तो सोच बदलेगी

जिस शब्द मे हम दुनिया को समझते है, उसी शब्द मे अपनी जगह भी तलाशते है। लेकिन क्या हर किसी को उस भाषा मे बराबर की जगह मिली है? कुछ पहचाने सदियो से शब्दो मे दर्ज है, तो कुछ आज भी हाशिए पर खड़ी अपनी बारी का इंतजार कर रही है। 'बराबरी की भाषा' इसी खामोश सवाल को आवाज देती है। यह किसी शब्द को मिटाने की मुहिम नही, बल्कि उन आवाजो को जोड़ने की कोशिश है, जो अब तक अनसुनी रही। क्योंकि जब भाषा बदलती है, तो सिर्फ वाक्य नही बदलते- सोच, संवेदना और समाज की दिशा भी बदलती है। तो आइए जानते है दिल्ली यूनिवर्सिटी के माता सुंदरी कॉलेज की छात्राएं क्या सोचती है इस बारे मे?

Photos : Rajesh Mehta



बराबरी = की भाषा
नवभारत टाइम्स की पहल

'बराबरी की भाषा' पर राय जानने NBT पहुंचा दिल्ली यूनिवर्सिटी के माता सुंदरी कॉलेज। हॉल पूरी तरह भरा था, लेकिन डिबेट शुरू होने से पहले कुछ छात्राएं बाहर जाने लगी थी, उन्हें शुरू मे 'बराबरी की भाषा' बोरिंग सब्जेक्ट लग रहा था, मगर जैसे ही डिबेट शुरू हुई, सब रुक गईं। और फिर तालियों ने एहसास कराया कि ये मुहिम कितनी जरूरी है, जो शुरुआती तौर पर छोटी बात दिखती है, मगर उसका असर महिला की पहचान को हिलाकर रख देता है।

बात शुरू हुई कि भाषा सिर्फ बोलने का जरिया नहीं होती, वह हमारी सोच का नक्शा भी बनाती है। जिन शब्दों मे हम दुनिया को देखते है, वही शब्द तय करते है कि हमें कौन मजबूत लगता है, कौन सामान्य और कौन अपवाद। शायद यही वजह है कि 'वैज्ञानिक', 'सैनिक' या 'पायलट' सुनते ही जहन मे आज भी एक पुरुष की छवि उभर आती है।

'बराबरी की भाषा' मुहिम इसी जड़ जमाई हुई सोच को चुनौती देती है। यह मुहिम किसी पर शब्द थोपने की नहीं, बल्कि समाज को आइना दिखाने की कोशिश है कि हमारी भाषा अब भी आधी दुनिया को पूरी तरह जगह नहीं देती।

NBT के रेजिडेंट एडिटर रमेश तिवारी ने कैंपेन के बारे मे कहा, 'कुछ शब्दों के मामले मे पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्द डिफाइन हैं, जैसे शिक्षक और शिक्षिका, लेकिन कुछ ऐसे पेशे आज भी हैं, जिनके लिए जेंडर स्पष्ट नहीं। उनके लिए शब्द खोजने के लिए हमने मुहिम चलाई 'बराबरी की भाषा।' इस मुहिम मे NBT अखबार के जरिए लोगों से शब्दों पर राय मांगी गई और उन्होंने शब्द चुने। सैनिक का सैनिका, विजेता का विजेत्री। अब इसी मुहिम को एक स्टेप और आगे बढ़ाते हुए आप सबकी राय ली जा रही है।'

एनबीटी की संडे और फीचर एडिटर नमिता जोशी कहती हैं, 'पहले ये आइडिया रिजेक्ट कर दिया था। लगा इसकी जरूरत क्या है? वो भी तब जब दुनिया जेंडर न्यूट्रल की तरफ जा रही हो।, जब गहराई से सोचा और गौर किया कि 'शिक्षक' के साथ 'शिक्षिका' क्यों है, 'लेखक' के साथ 'लेखिका' क्यों है, और फिर पायलट या वैज्ञानिक के लिए सिर्फ 'महिला' जोड़कर काम क्यों चलता है, तो सवाल गहरा हो गया।'

क्यों हर बार महिला की पहचान उधार के शब्दों से तय होती है? क्यों उसकी मौजूदगी को 'विशेष' बताना पड़ता है? इन्हीं सवालों के जवाब मे NBT ने यह मुहिम शुरू की। नमिता जोशी ने कहा, भाषा समाज का प्रतिबिंब है, लेकिन वह समाज को गढ़ती भी है। जब बच्चा कहता है कि वो वैज्ञानिक का बेटा है, तो क्यों दिमाग मे छवि उसके पिता की बनती है? मां की क्यों नहीं बनती? क्योंकि वैज्ञानिक होना महिलाओं के लिए आम बात नहीं रही थी, उनके लिए आम होता तो शब्द होता। अगर महिला के पास अपना शब्द हो, तो वह गर्व सिर्फ काम पर नहीं, पहचान पर भी होगा।

हिंदी कोई बंद अलमारी नहीं है, जिसमें नए शब्दों की जगह न हो। जैसे हर दौर मे अंग्रेजी बदलती रही, वैसे ही हिंदी भी बदल सकती है, और बदलनी चाहिए। क्योंकि बराबरी सिर्फ अधिकारों से नहीं आती, वह शब्दों से भी शुरू होती है।

'शब्द नहीं, काम ही बनाता है ताकतवर'

मेरी राय इससे उलट है, मुझे लगता है, भाषा शब्दों के आधार पर किसी को ताकतवर नहीं बनाती। एडिटर एडिटर ही रहेगा, चाहे वो महिला हो या पुरुष। भाषा का मतलब है कम्युनिकेट। मैं वैज्ञानिक का बेटा हूं, ये कहने की जरूरत क्या है। कहा जा सकता है कि मेरी मां वैज्ञानिक है या मेरे पिता वैज्ञानिक है। कह सकते हैं वो अच्छा क्रिकेट खेलती है। ये कहने मे क्या दिक्कत है, शब्द वो बनते हैं जिनकी जरूरत होती है। मुनि का स्त्रीलिंग नहीं है, जैन मुनि आई कह सकते हैं। आप विशेषण के माध्यम से बता सकते हैं कि आप स्त्री के बारे मे बात कर रहे हैं। इंदिरा गांधी ताकतवर पीएम थीं। अब इसमे प्रधानमंत्रिनी कर देने से फर्क नहीं पड़ता, वो ताकतवर ही हैं। एक तो इन्हें बोलने मे दिक्कत, दूसरा ये ऐसा ही होगा कि जैसे अंग्रेजी मे ESS जोड़कर स्त्रीलिंग शब्द बनाए जाते है। शब्द को ये नहीं मानना चाहिए कि भेदभाव है।

नरेंद्र नागर

'जेंडर न्यूट्रल षड्यंत्र, भाषा संवेदनशील हो'

NBT के ये अच्छी मुहिम है। मेरा मानना है कि भाषा संवेदनशील होनी चाहिए। हमे जेंडर न्यूट्रल की तरफ नहीं जाना है। हमे जेंडर के प्रति संवेदनशील होना है। जेंडर न्यूट्रल एक फेक षड्यंत्र है। क्या वजह है भाषा मे स्त्रीपरक शब्दावली नहीं है, इसकी वजह है समाज मे उस जगह पर महिलाएं लंबे समय तक थी ही नहीं। जब होंगी नहीं तो शब्द कहां से गढ़े जाएंगे। सेना मे महिलाओं का रिप्रजेंटेशन कब शुरू हुआ, कुछ समय पहले जाकर उन्हें फ्रंटलाइन पर भेजना शुरू किया। पहले तो थी ही नहीं। तो जब होंगी नहीं तो उन्हें पदनाम कैसे दिए जाएंगे। पितृसत्ता को जब चुनौती मिलती है, तो वो अपने तर्क पेश करती है, कहती है हमे जेंडर न्यूट्रल होना चाहिए। हमे प्रजनन अंगों के आधार पर तय नहीं करना चाहिए। इसलिए मुझे लगता है कि इस बराबरी की भाषा मे स्त्री-पुरुष के साथ बाकी जेंडर के लिए भी शब्दावली हो।

प्रो. डॉ. संजय

'आज भी मर्दानी की तरह क्यों लड़ रही स्त्री'

हमें संवेदनशील होने की जरूरत है। यहां अलग करने की बात नहीं है, बल्कि जब हम ये कहते है कि अंदर को अलग करना है, तो इसका मतलब है कि जब कोई शब्द सुनकर हम एक कॉन्टेक्स्ट मे चले जाते हैं, जो भेदभाव की तरफ ले जाता है, अगर उसके लिए शब्द पेश करके ठीक किया जाता है तो क्या गलत है। लक्ष्मीबाई के लिए हम सुनते आ रहे है कि खूब लड़ी मर्दानी...। आज भी वो मर्दानी की तरह लड़ रही है। क्या होना चाहिए मर्दानी की जगह पर? हमने ई लगाकर उसे स्त्रीलिंग बना दिया, मगर साइकॉलजी के तौर पर पेश नहीं किया कि मर्दों की तरह ही लड़ना है। किसी और जेंडर को छोटा दिखाकर हमें बड़ा नहीं बनना है, मुझे लगता है ये साइकॉलजिकल फाइट है। वॉयस मैटर करती है। बराबरी की भाषा के तहत शब्द जुड़कर साइकॉलजिकली बराबरी का पेंच आता है तो फिर बुरा क्या है?

चारुलिका धवन

इस विषय पर स्टूडेंट्स से बात की गई। अधिकतर ने इसे पसंद किया और कहा- बराबरी के लिए भाषा पर बात करना बेहद जरूरी है, वहीं एक-दो ने इस मुहिम के विरोध मे भी अपनी बात रखी।

कैंपस डिबेट: क्यों ज़रूरी है बराबरी की आवाज़

जब एक बच्चा पैदा होता है तो उसे बोलना सिखाया जाता है, यानी बोलना अहम है तो भाषा की बात क्यों न हो। कह रहे हैं कि भाषा को बदलने की जरूरत नहीं है, यहां बात शब्दों को थोपना नहीं है, बल्कि जब फारसी के शब्द हिंदी मे आ सकते हैं, तो फिर जेंडर की बराबरी के शब्द लाने से दिक्कत क्या है? - *प्रतिभा राठौर*

जिस भाषा मे इतना पक्षपात है, उससे समाज मे निष्पक्षता कैसे आएगी, जब हम डॉक्टर के आगे महिला लगाते है तो हम ये साबित करते है कि पुरुष के लिए डॉक्टर बनना एक सामान्य बात है, मगर महिला के लिए विशेष। रेखा गुप्ता सीएम हैं, मगर वो दिल्ली की नौवीं CM नहीं, दिल्ली की चौथी महिला CM कहलाएंगी। -*वाशिका*

जो कहते है कि भाषा मे भेदभाव नहीं है तो क्यों पुल्लिंग के बाद स्त्रीलिंग है? और स्त्रीलिंग के लिए अलग शब्द बनाए गए, जितना बनने पॉसिबल थे। अगर लड़का बोलता है मैं करता हूं, तो लड़की को भी बोलना चाहिए था मैं करता हूं। क्यों नहीं मेरे लिए अलग शब्द होना चाहिए? जिससे पता चले कि यह स्त्री के लिए बोला जा रहा है। - *तनीशा*



भाषा बदलने की जरूरत नहीं है। स्पष्टता की जरूरत है। निर्जीव चीजों के भी लिंग है, जैसे मेज, कुर्सी। मुझे लगता है कि भाषा मे शब्द बदलकर भ्रम पैदा करने वाला होगा। इस तरह से शब्दों को बदलकर सामाजिक संरचना को बदलना होगा, क्या शब्द बदलने से बराबरी आएगी। क्या डॉक्टर की जगह कोई और शब्द लिखने से ज्यादा सम्मान मिल जाएगा। -*नेहा कपूर*

मैं NBT को धन्यवाद देना चाहूंगी कि आपने बराबरी की भाषा की पहल की। जब मेरे पास ये टॉपिक आया था तो मुझे लगा था क्या ही जरूरत है। मगर अब मुझे लगता है कि ये छोटी बात कितना बड़ा इंपैक्ट डाल रही है। सवाल था कि महिलाओं को अलग शब्द देने से क्या ताकत मिल जाएगी? तो मैं कहूंगी हां मिल जाएगी। - *दिवाकर साक्षी*

बराबरी की भाषा। बराबरी भी स्त्रीलिंग है और भाषा भी, लेकिन भाषा के अंदर क्या है, ये देखना जरूरी है। बराबरी की बहुत जरूरत है। भाषा के साथ लोगों की मानसिकता बदले। खिलाड़ी शब्द के लिए कहीं नहीं लिखा था कि ये पुरुष के लिए बोला जाएगा, मगर दिमाग मे ऐसे सेट किया गया कि पुरुष की छवि बनती है। उठो और समाज बदलो। -*अस्मिता*

भाषा मानसिकता भी प्रकट करती है। हिंदी मे ऐसे कई शब्द हैं, जो पेशे के आधार पर फिक्स किए गए है, जैसे शिक्षिका, लेखिका, नायिका, अभिनेत्री। मगर ऐसे पेशों का क्या, जिनमे महिलाएं काम कर रही है, पर उनके लिए शब्द नहीं है। पहलवान, चित्रकार, वैज्ञानिक के आगे क्यों महिला लगाना चाहिए, इनके लिए शब्द क्यों नहीं है? -*चेतना*

भाषा सिर्फ कम्युनिकेशन नहीं है, बल्कि हमारी सोच बनाती है। अभी आप कुछ शब्द लें, जैसे मंत्री, नेता, डॉक्टर। ये सुनकर आपके दिमाग मे क्या आता है? एक मेल इमेज बनती है। क्यों? क्योंकि ये शब्द सोसायटी की मानसिकता तय कर रहे हैं। जब महिलाओं के लिए शब्द नहीं बने तो फिर सोसायटी मे बराबरी कैसे आएगी? -*सारा असीम*

भाषा ने पहले से ही इतनी गहरी खाई बनाई कि हमे बचपन मे ही बताया गया कि लड़कियां कौन से खिलौनों से खेलेंगी और लड़के कौन से खेल? आप विज्ञापन देखें, पुरुषों के लिए किस भाषा का इस्तेमाल होता है और महिलाओं को एलीगेंट, ब्यूटीफुल। कुदरत को भी हम भाषा के नजरिये से ही देखते है। - *अनाया चक्रवर्ती*

पितृसत्ता स्त्रियों का दोहन करती है, मगर समाज मे ऐसे वर्ग भी है जिनके लिए भाषा की जरूरत नहीं होती। साइन लैंग्वेज चाहिए। उसकी भी हमे बात करनी चाहिए। उनको भी बराबरी की दौड़ मे लाना चाहिए। भाषा मे जो सही नहीं उन्हें हटाना चाहिए। बहुत से लोग गालियों का प्रयोग करते है, गालियों को हटाने की जरूरत है, न कि उनकी बराबरी करनी है। -*भूमिका*

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

टेंडर और नोटिस

निविदाएं (टेंडर्स)

रामागुण्डम फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड
(एनएफएल, ईआईएल और एफसीआईएल का संयुक्त उपक्रम)
सी.ओ.- चौथी मंजिल, विंग-ए, कुंभकों भवन, सेक्टर-1, नोएडा-201301
फोन: 0120-2553638 एवं 2553615

निविदा आमंत्रण सूचना
आरएफसीएल निम्नलिखित के लिए निविदाएं आमंत्रित करने का इच्छुक है:
रामागुण्डम फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड, कॉर्पोरेट कार्यालय, नोएडा में आउटसोर्सिंग के आधार पर मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए एजेंसी की नियुक्ति
ई-निविदा संख्या – आरएफसीएल–2025–212 दिनांक 23.01.2026
विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट: https://rfcl.co.in./opentender.php और निविदा प्रस्तुत करने तथा सभी निविदा गतिविधियों के लिए www.tenderwizard.in/RFCL पर पधारें
विधिवत भरी हुई निविदाएं सम्बंधित दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 13.02.2026, 12.30 बजे है।
इस सूचना का कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।
मुख्य प्रबंधक (संविदा एवं क्रय)

TO BOOK YOUR RECRUITMENT ADS PLEASE CALL
AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE — SCAN QR CODE

TENDER NOTICE
Select Holiday Resort Pvt. Ltd.
(The Heritage Village Resort & Spa Manessar)
Sealed Tenders are invited for Supply of Following Items on Annual Rate Contract Basis for Financial Year 2026-2027
PERISHABLES
1. Mutton/Chicken/Fish Seafood/ Eggs
2. Pork and Pork Products
3. Cottage Cheese & Ice Cream
4. Fresh Indian & English Vegs & Fruits
5. Milk and Milk Products
PROVISIONS/GROCERIES/MISC
1. Pulses, Provisions & Rice
2. Spices & Condiments
3. Misc Grocery Items & Dry Fruits
4. Charcoal/Solid Fuels Stationary
5. Housekeeping Materials
6. Hiring Audio Visual
Specifications and Tender Forms For items can be obtained from the Hotel's Purchase office at The Heritage Village, Near IMT, Manesar, Gurgaon, from 02.02.2026 to 14.02.2026 For queries Dial 0124 2871525, 9818197881
Sealed Tenders to be dropped in a Sealed Box Kept outside the Accounts on 24th & 25th February 2026 at The Heritage Village Manesar Resort on NH-8 (Opp. Manesar Police Station)
Management reserves the right to accept or reject a Tender in part or whole without assigning any reason thereof.

SEALED OFFERS INVITED FOR SALE OF DG SET
Select Holiday Resort Pvt. Ltd.
(The Heritage Village Resort & Spa Manessar)
Select Holiday Resorts Pvt.Ltd. invites sealed offers for sale of a used Diesel Generator Set on "As Is Where Is" basis.
GENERATOR SET TECHNICAL DETAILS:

ALTERNATOR REGULATING DETAILS	ENGINE DETAILS
Capacity: 750 KVA	725 KVA
Make: Caterpillar	Caterpillar
Model: S-BRG	3412DISTA
Part No.: 81572002	700158
Year: 2004	2004
Serial No.: 9DRCS00116	9JR000256
Output: 600 KW	
Voltage: 415 Volts	
Load: 1043 Amp	
RPM: 1500	
Running Hours: 27,816	

TERMS & CONDITIONS: Dismantling, loading, transportation and statutory approvals shall be the responsibility of the buyer.
SUBMISSION OF OFFERS: Sealed offers to be dropped in finance Department at The Heritage Village Resort & Spa, Manesar, NH-8, Opp. Manesar Police Station-122050
CONTACT: Mr. Mukesh Kumar Sharma 9818197881 quotations@heritagevillageresorts.com

NOTICE INVITING TENDER
Neelachal CGHS Limited
Plot No. 3, Sector-4, Dwarka, New Delhi
The Secretary, Neelachal CGHS Limited invites sealed item-rate tenders from eligible and experienced contractors for the following work:
Name of Work: Dismantling, repairing, waterproofing, plastering, replacement of various sizes of havy duty PVC pipe i/c associated fittings and other allied civil works at NEELACHAL CGHS Ltd., Plot No. 3, Sector-4, Dwarka, New Delhi, as per detailed BOQ.
Estimated Cost: 50,00,000 (app)
Time of Completion: 180 days from the date of award of work.
Earnest Money Deposit (EMD): 50,000/- (Refundable) (to be adjusted in security deposit who comes L1)
Cost of Tender Document: 500 (Cash or DD in favour of secretary Neelachal CGHS Ltd)
Eligibility Criteria:
• Contractor should have experience in similar civil repair and waterproofing works in residential buildings.
• Contractor should worked with Reputed Housing Society or equivalent.
• Contractor should have completed at least 2 similar works during the last 5 years.
Availability of Tender Document: Tender documents can be obtained from the office of Neelachal CGHS Limited during office hours (Contact person Mr Amit 8851147698.
Last date of issuing of tender :- 31.01.2026
Last Date & Time of Submission: 06.02.2026
Date & Time of Opening of Tender: 13.02.2026
The Society reserves the right to accept or reject any or all tenders without assigning any reason.

स्टैंडिंग कॉन्फ्रेंस ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज
(सार्वजनिक उद्यमों का एक शीर्ष निकाय)
स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
फोन: 011-24360208
"ई–निविदा सूचना"
स्कोप कॉम्प्लेक्स/स्कोप मीनार के घटकों की ओर से, निम्नलिखित कार्यों के लिए एमओईटी में निर्दिष्ट पात्रता मानदंडों के अनुसार पात्र प्रतिष्ठित, विशेषज्ञ ठेकेदारों से ऑनलाइन ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।
स्कोप कॉम्प्लेक्स में पंपिंग सिस्टम के O/M और पंप और मोटर इत्यादि की रिपेयरिंग और रिवाइंडिंग के लिए ARC की AMC।
स्कोप मीनार में एग्जॉस्ट और वेंटिलेशन सिस्टम के लिए AMC।
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया SCOPE की वेबसाइट www.scopeonline.in और https://scope.ewizard.in पर जाएं या ऊपर बताए गए पते पर संपर्क करें। ई–टेंडरिंग सहायता के लिए– 9355030616, 9355030630.
सभी इच्छुक पार्टियों को सलाह दी जाती है कि आगे किसी भी नवीनतम जानकारी जैसे निविदा में संशोधन (यदि कोई हो) आदि के लिए नियमित आधार पर उपरोक्त वेबसाइट देखते रहें।
समूह महाप्रबंधक (टेक. एवं एफ़आर)

BOOK YOUR TENDER & NOTICE ADS
For booking please contact Aman : 9312633518

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

NOTICE
Notice is hereby given that Mr. Shivendra Singh, Senior Manager CNC Department has left Nagata India Private Limited with effect from January22, 2026. He is not authorized to represent NagataIndia Private Limited before any Customer, Vendor and/or Government Authorities. Any person dealing with him, shall do so at his own cost, risk and responsibility without any liability of Nagata India Private Limited.
Nagata India Private Limited
Plot No. 154-155, Sector-3
IMT Manesar, Gurugram-122050, Haryana, India.

This is to inform public that the **Bank Guarantees** along with originals in amendments the details of which are given below, have been reported as lost. **The details of the Bank Guarantee are as follows:**
Bank Guarantee No- 0480116FG000918
Amount : 42,99,140
Issued by: SBI Overseas Branch (04803) Jawahar Vyapar Bhawan, 7th Floor,1 Tolstoy Marg,New Delhi-110001
Issued on : 29/11/2016, Beneficiary : National Highway Authority of India
Guarantee Expiry Date: 31-12-2020
Clam Period : 31-12-2020
Bank Guarantee No- 0480116FG000794
Amount : 12,48,427
Issued by: SBI Overseas Branch (04803) Jawahar Vyapar Bhawan, 7th Floor,1 Tolstoy Marg,New Delhi-110001
Issued on : 07/10/2016, Beneficiary : Aurangabad Industrial Township Ltd.
Guarantee Expiry Date: 30.04.2019
Clam Period : 30.04.2019
The above-mentioned Bank Guarantees have been lost. Anyone who may have found the document or have information regarding its where abouts is requested to immediately notify at SBI Overseas Branch (04803) Jawahar Vyapar Bhawan, 7th Floor,1 Tolstoy Marg,New Delhi-110001

बिजनेस

बिजनेस प्रस्ताव

CARBON BLACK FROM EUROPE
We can offer quality stocks at low prices on a monthly basis as below:
CARBON BLACK N-220 100 MT
Please contact
Euro Exim Ltd
Manchester (UK)
Emailexports@euroeximltd.co.uk
WA No. - 00447766463661

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

प्रशासन

कार्यकारी अधिकारी

FEMALE Executive required for Office Admin work with 2-8 years exp. Location East Delhi Surajmal Vihar, Married, Fluent English & nearby area. Contact: 8527749998.

सेवाएं

नौकरानी सेवा

चाहिए सिक्योरिटी गार्ड अनुभव 10 वर्ष, उम्र 50 वर्ष के नीचे व अनुभवी कुक (रसोईया), वैदिक फर्म (साउथ दिल्ली के लिए, फोन / व्हाट्सएप अन्य: 9810984572

तकनीकी

इंजीनियर्स

SITE Engineer for Civil & Interior work, Degree/Diploma in Civil 6-8 years of exp. Location Delhi/Gurgaon (Personal Vehicle Must). Contact: 8527749998

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I Harshita D/o Rajeev Prakash Goel R/o H.no. 1190, Sector 6, Bahadurgarh, Haryana - 124507 have changed my name to Harshita Goel for all Purposes

I, Saroj Bala Solanki W/o Late Anil Solanki R/o WZ-155-A, Dabri Village, Dabri, Delhi-110045 have changed my name to Saroj Bala for all purposes.

I, Pooja Bajaj, resident of Faridabad, have changed my name to Pooja Kapoor, wife of Vishal Kapoor, and corrected my date of birth from 02/08/1983 to 02/11/1983.

I Akanchha Maheshwari W/o Anuj Maheshwari R/o WZ-115, Nimri Village Shastri Nagar Delhi-110052 have changed my name to Akansha Maheshwari

I, Ruquaiya Begum W/o Munsir Ahmad Siddiqui, R/o SA 17/208-5, Ashok Vihar Colony, Ph-1, Varanasi, UP-221007, have changed my name to Ruquaiya Begum Siddiqui

I, Amrik Singh Bhatyani S/o Anoop Singh, R/o E-79, Khanpur, Delhi-62, have changed my name to Amrik Singh Bhatia vide affidavit dated 19-01-2026, Notary Reg. No. 10663.

HEALTH & WELLNESS — TIMES interact

SEX PROBLEMS?
कमजोरी-सफेद पानी कम शुक्राणु-बेऔलाद?
सैक्स समस्याएं कैसी भी स्त्री-पुरुष-सलाह लें
Since-1986
कौशिक क्लिनिक
मेट्रो पोल नं.671,उत्तमनगर,दिल्ली-59
9810-272-172

बवासीर
का इंजेक्शन द्वारा सफल इलाज
पेट दर्द, गैस, कब्ज, एसिडिटी का सफल इलाज (अनुभव 25 वर्ष)
सोनू क्लीनिक
Dr. A.K. Chaudhary (B.A.M.S.)
K-18, मेन बवाना रोड, श्याम नगर, विष्णु गार्डन (निकट मदर डेयरी) नई दिल्ली-18
9289626250
9810807952

सेहत बनायें वजन बढ़ायें
अगर आप खाते पीते बहुत हैं, फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹655 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स समस्याएं
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आजाद क्लीनिक
मैन रोहतक रोड, सुलेवाली गली, नांगलोई, दिल्ली-41
9873144909
9821124909

SEX PROBLEMS

•HORMONAL IMBALANCE
•EARLY DISCHARGE
•ERECTILE-DYSFUNCTION
•SPERMS PROBLEM
•UROGENITAL INFECTIONS
•WEAKNESS DUE TO DIABETES
CONSULT QUALIFIED SEXOLOGIST AT
PERFECT CLINIC
161, Kapil Vihar (Main Road), Pitampura, Delhi-34
HELPLINE: 9810119422
FACILITIES : HORMONE, HIV, URINE, SUGAR, SEMEN, PENILE DOPPLER TEST, SEX COUNSELING & INFERTILITY SPECIALIST AVAILABLE

सैक्स ट्रीटमेंट के लिए व प्रोस्टेट
का बिना ऑपरेशन आयुर्वेदिक इलाज
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली।
9811092140

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | BUSINESS | PROPERTY
RECRUITMENT, EDUCATION | SHOPPING | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
TENDER, PUBLIC NOTICE | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

Area / Zone	Contact Person	Mobile No.	Area / Zone	Contact Person	Mobile No.
North Delhi	Amit Ghosh	98117 90649	West Delhi + Dwarka + Gurgaon	Aman Pasricha	93126 33518
South Delhi + Faridabad	Raghav Arora	99999 95460	Central Delhi	Amit Ghosh	98117 90649
				Sunil Srivastava	99994 99496
Ghaziabad	Sunil Srivastava	99994 99496	Noida + East Delhi	Sumit Negi	98992 68321

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH11 User: cci Time: 01-22-2026 23:57 Color:

फटाफट खबरें

यमुना एक्सप्रेस-वे पर बस में आग

■ NBT न्यूज, मथुरा : यमुना एक्सप्रेस-वे पर थाना राया क्षेत्र में गुरुवार तड़के आगरा से नोएडा की ओर जा रही एक बस में अचानक आग लग गई। ड्राइवर की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। आग लगा देख ड्राइवर ने बस को सड़क किनारे रोका, जिसके बाद यात्री कूदकर बाहर निकल गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

हिरासत में मुख्य पुजारी से पूछताछ

■ पीटीआई, कोल्लम : केरल के कोल्लम जिले की सतर्कता अदालत ने सबरीमला गोल्ड चोरी मामले में मंदिर के प्रधान पुजारी कंदरारु राजीवरु को एक दिन के लिए एसआईटी की हिरासत में भेजने की अनुमति दे दी। राजीवरु इस मामले में 13वें आरोपी हैं। गुरुवार को पूछताछ के लिए उनको तिरुवनंतपुरम स्थित एसआईटी दफ्तर ले जाया गया। प्रधान पुजारी को नौ जनवरी को एसआईटी ने गिरफ्तार किया था और पहली बार हिरासत मांगी।

मंदिर उड़ाने की धमकी दी, अरेस्ट

■ भाषा, पुरी : प्रेम प्रस्ताव ठुकराने वाली महिला के नाम से युवक ने जगन्नाथ मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। पुलिस के मुताबिक, पुरी के रहने वाले प्रतीक मिश्रा को बुधवार रात गिरफ्तार किया गया। 11 जनवरी को उसने महिला के नाम से सोशल मीडिया पर प्रोफाइल बनाई। इसके बाद जगन्नाथ मंदिर और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को उड़ाने, बीजद के राज्यसभा सदस्य सुभाशीष खुंटिया पर हमला करने की धमकी वाली पोस्ट डाली थी।

गैंगस्टर्स ऐक्ट वाली याचिका पर सुनवाई

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स एवं असामाजिक गतिविधियां (निवारण) अधिनियम, 1986 के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की। जस्टिस जेबी पारदीवाला की अगुवाई वाली बेंच को याचिकाकर्ताओं ने बताया कि यह कानून मनमाना है। शीर्ष अदालत ने इस मामले को मार्च में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया और पक्षकारों से अपनी-अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा।

'कोबरा' ने किया एक करोड़ के इनामी नक्सली समेत 15 को ढेर

Maneesh.Aggarwal@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : झारखंड में सुरक्षाबलों को गुरुवार सुबह नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी। टॉप-5 नक्सलियों में शामिल एक करोड़ रुपये का इनामी अनल दा उर्फ पतिराम मांझी (57) सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया। इस एनकाउंटर में 14 और नक्सली मारे गए। नक्सलियों को लगातार समाज की मुख्यधारा में वापस लौटने के लिए कहा जा रहा है। जो नक्सली सरेंडर नहीं कर रहे हैं वे मुठभेड़ में मारे जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि वक्त रहते नक्सली आत्मसमर्पण करते हैं तो अच्छा रहेगा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि टॉप-5 में बचे तीन नक्सलियों में केवल एक मिशिर बेसरा ही झारखंड का रहने वाला है। बाकी दो देवजी उर्फ थिप्परी तिरुपति और मुपल्ला लक्ष्मण उर्फ गुडसा दादा तेलंगाना के रहने वाले हैं।

> ढेर एक करोड़ का इनामी नक्सली अनल दा था

कैसे हुआ ऑपरेशन...

6:15 बजे सुबह (22 जनवरी)

झारखंड में सारंडा के घने जंगलों में शुरू हुआ था सीआरपीएफ कोबरा और झारखंड पुलिस का यह जॉइंट ऑपरेशन।

एक्शन
पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल क्षेत्र में हुआ।

इस ऑपरेशन में सीआरपीएफ कोबरा की 203, 205 व 209 और सीआरपीएफ की कई बटालियन के जवान शामिल थे।

देश को इस साल 31 मार्च से पहले नक्सल मुक्त कराने वाले अभियान के तहत ही गुरुवार को यह मुठभेड़ हुई है।

इस मुठभेड़ में एक करोड़ रुपए का इनामी अनल दा उर्फ पतिराम मांझी भी मारा गया है। *–माइकल राज, आईजी, झारखंड पुलिस*

कौन था अनल दा

- अनल दा नक्सलियों की टॉप **सेंट्रल कमिटी का अहम सदस्य** था। यह गिरिडीह जिले में डुमरी थाना के झारवाली गांव का रहने वाला था।
- टॉप-5 नक्सलियों में यह अनल दा ही सबसे कम उम्र का था। यह बिहार-झारखंड स्पेशल एरिया कमिटी का सचिव भी था।
- **29 दिनों में** यह दूसरा एनकाउंटर है। पिछले साल 25 दिसंबर को गणेश उइके, 18 नवंबर को माडवी हिडमा और 21 मई को छत्तीसगढ़ में बसवराजू उर्फ नंबाला केशव राव मारे गए थे।

अब कौन बचे...

अनल दा से पहले पिछले साल उड़ीसा में टॉप-5 में शामिल नक्सली गणेश उइके, माडवी हिडमा और छत्तीसगढ़ में बसवराजू उर्फ नंबाला केशव राव मारे गए थे।



अब सबसे ऊपर देवजी उर्फ थिप्परी तिरुपति उर्फ संजीव उर्फ देवन्ना के अलावा मुपल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति उर्फ रमन्ना उर्फ गुडसा दादा और मिशिर बेसरा उर्फ भास्कर उर्फ सागर बचे हैं।

1-1 करोड़ के इनामी हैं ये तीनों भी। हालांकि इनमें तेलंगाना का रहने वाला मुपल्ला लक्ष्मण सबसे उम्रदराज हो चुका है। यह करीब 80 साल का है।

इस ऑपरेशन को लीड कर रहे आईजी ने एनबीटी से इसकी पुष्टि की... इसके बारे में हमारे पास एकदम सटीक इनपुट था।

भोजशाला में आज पूजा, नमाज़ दोनों की इजाज़त

वसंत पंचमी पर SC का फैसला, व्यवस्था बनाए रखने के आदेश

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद में सरस्वती पूजा और जुमे की नमाज दोनों होंगी। सुप्रीम कोर्ट ने हिंदुओं को सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा करने और मुसलमानों को दोपहर एक से 3 बजे तक नमाज अदा करने की अनुमति दी है।

> यहां आज सरस्वती पूजा, जुमे की नमाज, दोनों होंगी

गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी निर्देश दिया कि नमाज के लिए आने वाले लोगों की लिस्ट जिला प्रशासन को दी जाए। जिला प्रशासन कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखने के इंतजाम करे।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने दोनों पक्षों से सहयोग करने की अपील की। कहा कि अडिशनल सॉलिसिटर जनरल (ASG) और एडवोकेट जनरल ने निष्पक्ष रूप से सुझाव दिया है कि मुस्लिम समुदाय के कितने लोग दोपहर एक से तीन बजे के बीच नमाज पढ़ने आएंगे। इसी तरह, पूर्व प्रथा के अनुसार, वसंत पंचमी पर हिंदू समुदाय को पारंपरिक अनुष्ठान करने के लिए अलग स्थान उपलब्ध कराया जाए। बेंच ने कहा कि जिला प्रशासन निशुल्क पास जारी कर सकता है या कोई अन्य निष्पक्ष उपाय अपना सकता है, ताकि अनुष्ठान शांतिपूर्वक संपन्न हों।

भोजशाला को लेकर यह है विवाद

भोजशाला भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) की ओर से संरक्षित 11वीं शताब्दी का स्मारक है। हिंदू समुदाय इसे वाग्देवी (देवी सरस्वती) को समर्पित मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम समुदाय इसे कमाल मौला मस्जिद कहता है। 7 अप्रैल 2003 को ASI की एक व्यवस्था के तहत, हिंदू मंगलवार को भोजशाला परिसर में पूजा करते हैं और मुसलमान शुक्रवार को नमाज अदा करते हैं।

कोर्ट में क्या बोला हिंदू पक्ष

शीर्ष अदालत हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें वसंत पंचमी के दिन हिंदुओं को पूजा के लिए विशेष/एकाधिकार अधिकार देने की मांग की गई थी। यह याचिका अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन के माध्यम से दायर की गई थी। जैन ने दलील दी थी कि ASI का 2003 का आदेश उन परिस्थितियों को अड्रेस नहीं करता, जब वसंत पंचमी शुक्रवार की नमाज के साथ पड़ती है। उन्होंने वसंत पंचमी पर पूरे दिन हिंदुओं को पूजा का विशेष अधिकार देने की मांग की।

मुस्लिम समुदाय का पक्ष

मस्जिद समिति के वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने कहा कि नमाज दोपहर एक बजे से 3 बजे तक होती है। इसके बाद परिसर खाली किया जा सकता है। नमाज के लिए अनुमानित संख्या जिला मैजिस्ट्रेट को दी जाएगी। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन कानून-व्यवस्था का पूरा ध्यान रखेगा। कोर्ट ने उस अपील को भी निपटा दिया, जिसमें मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के भोजशाला परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर दिए गए आदेश को चुनौती दी गई थी।

300 मीटर एरिया में नो फ्लाई ज़ोन, भारी फोर्स तैनात

163 के तहत भोजशाला क्षेत्र में वसंत पंचमी पर 300 मीटर परिधि में नो-फ्लाई जोन घोषित कर दिया है। ड्रोन, पैराग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून, अनमैन्ड एरियल वीकल पर बैन रहेगा। सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर भवन निर्माण सामग्री, मलबा, टायर, लावारिस गुमटियां रखने पर भी बैन है। 6461 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ 20 ड्रोन्स तैनात हैं।

मणिपुर में मैतेयी शख्स की हत्या, हिंसक प्रदर्शन

■ भाषा, इंफाल/चुड़ाचांदपुर: मणिपुर के अशांत चुड़ाचांदपुर जिले में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने मेइती समुदाय के एक व्यक्ति को अगवा कर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। इससे इलाके में तनाव फिर बढ़ गया। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मायांगलांबम ऋषिकांत सिंह का बुधवार को उनके मकान से अपहरण कर लिया गया और फिर गोली मारकर हत्या कर दी गई। अधिकारी के मुताबिक, अपहरणकर्ताओं के 'यूनाइटेड कुकी नैशनल आर्मी' से जुड़े होने का संदेह है। इस संगठन ने 'सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन्स' (एसओओ) समझौते पर साइन नहीं किए हैं। केंद्र सरकार, मणिपुर सरकार और दर्जनों कुकी-जो उग्रवादी समूहों के बीच एसओओ समझौता हुआ है।

भगदड़ रोकने के नियम बनाने से SC का इनकार, कहा-यह नीतिगत मसला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने उस जनहित याचिका (PIL) पर दिशानिर्देश जारी करने से इनकार कर दिया, जिसमें धार्मिक आयोजनों, राजनीतिक रैलियों और यात्राओं सहित बड़े सार्वजनिक आयोजनों के दौरान भगदड़ की घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक निर्देश मांगे गए थे।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को यह मामला केंद्रीय गृह मंत्रालय और चुनाव आयोग के सामने उठाने की अनुमति दी।

अदालत ने कहा कि यह मुद्दा ऐसे सार्वजनिक आयोजनों और जमावड़ों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी को लेकर राज्यों और केंद्र सरकार के दायित्व से जुड़ा है। बेंच ने कहा कि इस प्रकार के निर्देश एक नीति के निर्माण से संबंधित हैं, जिसके लिए कानून-व्यवस्था लागू करने वाली एजेंसियों के क्षेत्र के विशेषज्ञ अधिक उपयुक्त हैं।



...50 हजार लोग पहुंच जाएं तो क्या करेंगे?

याचिकाकर्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी उन नीति मामलों में हस्तक्षेप किया है, जहां कमजोर वर्गों के जीवन दांव पर लगे हों। चीफ जस्टिस ने कहा, मान लीजिए लोग मौलिक अधिकार का प्रयोग करते हुए दिल्ली में धरना देना चाहते हैं। हम इसे इस तरह नियंत्रित कर सकते हैं कि किसी को परेशानी न हो और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी सुरक्षित रहे। लेकिन अगर चेन्नै में रैली होनी है, मैदान की क्षमता 10,000 की है और वहां 50,000 लोग आ जाएं, तो फिर हम क्या करेंगे?

पंजाब के प्राइवेट अस्पतालों में ₹10 लाख तक का इलाज फ्री, योजना शुरू

CM मान, आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने योजना शुरू की।

■ NBT न्यूज, साहिबजादा अजीत सिंह नगर

पंजाब में अब हर नागरिक को निजी अस्पतालों में 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय कन्वीनर अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने गुरुवार को मोहाली में 'मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना' की शुरुआत की।

इस योजना से करीब 3 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि योजना समाज के सभी वर्गों के लिए शुरू की गई है। कहा कि यह पहली बार है कि इस योजना के लिए कोई आय सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

IIT कानपुर में स्टूडेंट्स की आत्महत्या की जांच को कमिटी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



शिक्षा मंत्रालय ने IIT कानपुर में स्टूडेंट्स की आत्महत्या की हाल की घटनाओं की जांच के लिए तीन सदस्यों की एक कमिटी बनाई है। देश के इस जाने- माने उच्च शिक्षा संस्थान में पिछले एक महीने के भीतर दो छात्रों ने आत्महत्या की है। इस कमिटी की अध्यक्षता NETF (नैशनल एजुकेशनल टेक्नोलॉजी फोरम) के चेयरमैन अनिल सहस्रबुद्धे करेंगे। यह कमिटी देखेगी कि आईआईटी कानपुर में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी गाइडलाइंस का कैसे पालन किया जा रहा है।

> कमिटी आत्महत्या के कारणों की जांच करेगी और रोकथाम के सुझाव देगी

जुलाई 2023 में उच्च शिक्षा संस्थानों में स्टूडेंट्स की इमोशनल और मेंटल वेलबीइंग के लिए फ्रेमवर्क गाइडलाइंस जारी की गई थी और IIT कानपुर ने उन दिशा-निर्देशों को लागू करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए, यह जांच के दायरे में होगा। कमिटी आईआईटी कानपुर में स्टूडेंट्स की आत्महत्या के कारणों की पड़ताल करेगी और इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए और क्या कदम उठाए जा सकते हैं, इस बारे में भी सिफारिश देगी। कमिटी में मनोचिकित्सक डॉ. जितेंद्र नागपाल और संयुक्त सचिव (उच्च शिक्षा) भी होंगे।

झारखंड में ट्रेन-ट्रक की टक्कर



■ पीटीआई, देवघर: झारखंड के देवघर जिले के एक रेलवे क्रॉसिंग के पास गुरुवार को एक ट्रेन और एक ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे से रेल लाइन पर करीब दो घंटे तक रेल यातायात प्रभावित रहा। स्टेशन प्रबंधक शंकर चैलेश ने बताया कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के प्रवक्ता के अनुसार, घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

बिहार में नीतीश के दौरे के दौरान धमाका, एक मौत

■ भाषा, सिवान: बिहार के सिवान जिले में एक अवैध पटाखा निर्माण इकाई में गुरुवार को विस्फोट हो गया। घटना में 50 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसके परिवार के 3 लोग घायल हो गए।

> पुलिस ने कहा, ब्लास्ट एक अवैध पटाखा निर्माण इकाई में हुआ

घटना के दौरान सीएम नीतीश कुमार सिवान जिले के हुसैनगंज में अपनी 'समृद्धि यात्रा' पर थे। हालांकि विस्फोट स्थल सीएम के कार्यक्रम स्थल से करीब 5 किलोमीटर दूर था। पुलिस के अनुसार, यह विस्फोट हुसैनगंज प्रखंड के बरगाम गांव में मुर्तजा अंसारी के घर में हुआ, जहां अवैध तरीके से पटाखे बनाए जा रहे थे। मामले की जांच की जा रही है।

NEET PG एग्ज़ाम 30 अगस्त को प्रस्तावित

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

NEET PG और **NEET MDS** की साल की संभावित परीक्षा का कैलेंडर जारी हो गया है। नैशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज ने संभावित परीक्षा कैलेंडर की घोषणा की है।

> NEET MDS 2026 परीक्षा का आयोजन 2 मई को किया जाएगा

जारी कैलेंडर के अनुसार, नीट एमडीएस परीक्षा का आयोजन 2 मई को किया जाएगा। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को अपनी इंटर्नशिप 31 मई तक पूरी करनी होगी। वहीं नीट पीजी परीक्षा 30 अगस्त को प्रस्तावित है, जिसके लिए इंटर्नशिप पूरी करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर तय की गई है। बोर्ड के अनुसार, नीट पीजी और नीट एमडीएस दोनों परीक्षाएं कंप्यूटर-बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) मोड में आयोजित की जाएंगी। परीक्षाएं देशभर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर होंगी। नीट पीजी परीक्षा के जरिए एमडी, एमएस और डीएनबी जैसे पोस्टग्रैजुएट मेडिकल कोर्सेज में दाखिला मिलता है। वहीं नीट एमडीएस परीक्षा डेंटल ग्रैजुएट्स के लिए होती है, जिसके आधार पर एमडीएस (मास्टर ऑफ डेंटल सर्जरी) कोर्स में प्रवेश दिया जाता है।

छत्तीसगढ़ के स्टील प्लांट में विस्फोट, 7 मजदूरों की जान गई

■ आईएएनएस, बलौदाबाजार : छत्तीसगढ़ में एक स्टील प्लांट में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। डीएससी कोयला भट्ठे में हुए विस्फोट से 7 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

> कोयला भट्ठे के पास रुटीन सफाई के दौरान हादसा, कई गंभीर घायल

स्टील प्लांट के डीएससी कोयला भट्ठे के आसपास कुछ मजदूर नियमित सफाई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक भट्ठे में विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद भट्ठे से गर्म कोयला बाहर आ गया, जिसकी चपेट में मजदूर आ गए। गर्म कोयले और तेज तापमान के कारण वे बुरी तरह झुलस गए। भूपेश बघेल ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

मुरादाबाद में हॉरर किलिंग, दो अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, मुरादाबाद: मुरादाबाद में कई दिनों से लापता युवक-युवती के शव पुलिस ने बुधवार रात को बरामद किए। गांव से एक युवती (टीचर) और उसके दोस्त कई दिनों से लापता थे। आरोप है कि युवती के भाई ने दोनों की फावड़े से हत्या कर दी और शव को खेत में गड्ढा खोदकर दबा दिया। डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमॉर्टम कराने के बाद गुरुवार को अंतिम संस्कार किया गया।

> युवती (टीचर) के भाई पर दोनों की फावड़े से हत्या का आरोप है

पुलिस की मौजूदगी में युवती का दाह संस्कार गागन नदी के किनारे किया गया वहीं युवक के शव को गांव के ही कब्रिस्तान में दफनाया गया। युवक-युवती के अलग-अलग समुदाय के होने के कारण गांव में तनाव है। पिता की शिकायत पर युवती के तीन भाइयों के खिलाफ FIR दर्ज कर दो को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

फांसी के तरीके के खिलाफ अर्ज़ी, SC में फैसला सुरक्षित

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

मौत की सजा के लिए फांसी की प्रक्रिया खत्म करने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया। जस्टिस विक्रम नाथ की अगुवाई वाली बेंच ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी, वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा और याचिकाकर्ता वकील ऋषि मल्होत्रा की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रखा।

सीनियर वकील मीनाक्षी अरोड़ा ने कोर्ट को बताया, उन्होंने मृत्युदंड के वैकल्पिक तरीके के रूप में लीथल इंजेक्शन पर विस्तृत प्रजेंटेशन दी है, विशेष रूप से यह बताया कि अमेरिका जैसे अन्य देशों में इसका सबसे अधिक उपयोग हुआ है। उन्होंने कहा, यह पाया गया है कि यह वास्तव में सफल नहीं रहा है। तब जस्टिस ने सवाल किया कि आपका क्या सुझाव है, तब एडवोकेट अरोड़ा ने जवाब दिया कि इस विषय को किसी विशेषज्ञ कमिटी पर छोड़ा जा सकता है, जो विकल्पों की पड़ताल करे और साक्ष्य जुटाए। साथ ही, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि फांसी के साथ एक निश्चित स्तर का दर्द जुड़ा होता है, क्योंकि दोषी कैदी की तुरंत मृत्यु नहीं होती। आखिर में अदालत ने फैसला सुरक्षित रखते हुए पक्षकारों को तीन सप्ताह में अपने संक्षिप्त नोट दाखिल करने को कहा।

गोवा अग्निकांड: पूर्व सरपंच का सरेंडर

■ भाषा, पणजी : गोवा के अर्पोरा गांव के पूर्व सरपंच ने गुरुवार को एक स्थानीय अदालत के सामने सरेंडर कर दिया। वे पिछले साल 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब में लगी आग में 25 लोगों की मौत के समय इस पद पर थे। मुंबई हाई कोर्ट की गोवा पीठ द्वारा रोशन रेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के एक दिन बाद उन्होंने सरेंडर किया। पूर्व सरपंच और पंचायत सचिव रघुवीर बागकर सहित अन्य लोगों के खिलाफ कथित तौर पर नाइट क्लब के लिए लाइसेंस दिलाने में मदद करने के आरोप में अंजुना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। रेडकर ने पहले मापुसा की एक अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दायर की, लेकिन अदालत ने याचिका खारिज कर दी। इसके बाद उन्होंने हाई कोर्ट का रुख किया था।

> पूर्व सरपंच और अन्य पर नाइट क्लब का लाइसेंस दिलाने में मदद का आरोप है

प्राइमरी टीचर बने B.Ed डिग्री धारक 31 तक कर सकते हैं ब्रिज कोर्स के लिए आवेदन

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : देश में B.Ed डिग्रीधारक उन प्राइमरी टीचर्स को नौकरी बचाने के लिए 31 जनवरी तक का समय दिया गया है, जो 28 जून 2018 को NCTE की ओर से जारी नोटिफिकेशन के आधार पर नियुक्त हुए थे। अगर इस तय तिथि तक ये प्राइमरी टीचर्स राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (NIOS) पोर्टल पर 6 महीने के ब्रिज कोर्स के लिए आवेदन कर देंगे तो उनके पास कोर्स पूरा कर नौकरी बचाने का मौका होगा।

NCTE के चेयरमैन प्रो. पंकज अरोड़ा का कहना है कि NCTE के नोटिफिकेशन की तारीख 28 जून 2018 से लेकर 11 अगस्त 2023 को आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले जितने बीएड डिग्री वाले प्राइमरी टीचर के पद पर नियुक्त हुए हैं, उन्हीं के लिए यह ब्रिज कोर्स होगा। यह प्रक्रिया सिर्फ एक बार के लिए ही है। सभी राज्यों से कहा गया है कि वे अपने यहां नियुक्त ऐसे बीएड डिग्रीधारक प्राइमरी टीचर्स को ब्रिज कोर्स रजिस्ट्रेशन करने के लिए कहें।

NIOS के चेयरमैन प्रो. अखिलेश मिश्रा ने बताया कि अभी तक 69231 इन सर्विस प्राइमरी टीचर्स ने ब्रिज कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन किया है। देश में करीब 1 लाख प्राइमरी टीचर्स ऐसे हैं, जो ब्रिज कोर्स के दायरे में आते हैं। यह कोर्स ऑनलाइन डिस्टेंस लर्निंग मोड में होगा। लाइव वीडियो लेक्चर होंगे। कोर्स करने वाले टीचर्स के लिए 90 फीसदी हाजिरी जरूरी होगी।

- सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद NCTE और NIOS ने शुरू की है ब्रिज कोर्स करवाने की प्रक्रिया।
- ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड में होगा ब्रिज कोर्स, 90 प्रतिशत हाजिरी जरूरी, असेसमेंट में भी 75 प्रतिशत स्कोर हासिल करना होगा।

ये है पूरा मामला

28 जून 2018 को एनसीटीई ने कहा था कि B.Ed डिग्री वाले भी प्राइमरी टीचर्स के योग्य होंगे। नियुक्तियां शुरू हुईं। इस फैसले को प्राइमरी टीचर्स के संगठन ने हाईकोर्ट में चुनौती दी, जहां उनकी जीत हुई और एनसीटीई का नोटिफिकेशन खारिज कर दिया गया। जो बीएड डिग्रीधारक प्राइमरी टीचर्स के तौर पर नियुक्त हुए थे, वे सुप्रीम कोर्ट चले गए। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल 2024 को निर्देश दिया कि एनसीटीई इन टीचर्स के लिए ब्रिज कोर्स बनाए ताकि प्राइमरी टीचर्स के लिए जरूरी शैक्षणिक पद्धतियों की जानकारी उन्हें मिल सके।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH12 User: cci Time: 01-22-2026 21:13 Color:

नवभारत टाइम्स • विचार

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शुक्रवार, 23 जनवरी 2026

धर्म का उद्देश्य मनुष्यों को बांटना नहीं, बल्कि उन्हें जोड़ना है।
- डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

सौहार्द की पहल

धार भोजशाला मामले में सुप्रीम कोर्ट का आदेश शांति और सौहार्द बनाए रखने की कोशिश है। शीर्ष अदालत ने कानून-व्यवस्था को वरीयता देते हुए दोनों पक्षों की धार्मिक भावनाओं का ख्याल रखा है। दोनों समुदायों को भी इस भावना का सम्मान करना चाहिए।

विशेष व्यवस्था । मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित भोजशाला को हिंदू पक्ष देवी सरस्वती का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष कमाल मौला मस्जिद। ASI ने 2003 में एक व्यवस्था बनाई, जिसके तहत मुस्लिम हर शुक्रवार को दोपहर एक से तीन के बीच नमाज पढ़ सकते हैं, जबकि हिंदुओं को वसंत पंचमी व हर मंगलवार को पूजा की इजाजत मिली। हालांकि इस विशेष व्यवस्था में इस बात का जिक्र नहीं था कि अगर वसंत पंचमी का पर्व शुक्रवार को पड़ता है, तो क्या होगा। पहले भी तीन बार ऐसा हो चुका है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने बीच का रास्ता निकाला है कि पूजा भी होगी और तय समय में नमाज भी।


SC का अहम निर्देश

समाज की जिम्मेदारी । सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों से आपसी सम्मान और प्रशासन के साथ सहयोग की अपील की है। असल में अदालतें व्यवस्था दे सकती हैं और प्रशासन उन पर अमल के लिए कदम उठा सकता है, लेकिन ऐसे मामलों में असल भूमिका होती है समाज की। धार्मिक अधिकार से ज्यादा दोनों पक्षों के लिए सामाजिक सौहार्द महत्वपूर्ण होना चाहिए। कोर्ट ने प्रशासन को भीड़ नियंत्रण से जुड़े जो निर्देश दिए हैं।

जल्दबाजी नहीं । इस विवाद का एक अहम पहलू इतिहास से जुड़ा है। भोजशाला की पहचान से पर्दा हटाने के लिए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने ASI सर्वे का आदेश दिया था। सर्वे की रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में हाई कोर्ट के पास है। सुप्रीम कोर्ट पहले ही कह चुका है कि इस रिपोर्ट के नतीजों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह जरूरी है। जब तक दोनों पक्ष अपनी बात नहीं रखते, आपत्ति दर्ज कराने का मौका नहीं मिलता और उसका समाधान नहीं होता - किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचना चाहिए।

कानून सबसे ऊपर । भोजशाला जैसे विवाद का असर पूरे देश पर पड़ता है। ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां किसी एक विवाद ने सांप्रदायिक तनाव का रूप ले लिया और असर पूरे देश पर पड़ा। ऐसे मामलों को कानून और संविधान की नजर से देखने की जरूरत है। समझना होगा कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश शांति बनाए रखने का रास्ता है।

निजी स्कूलों में ग़रीबों के लिए आरक्षण सही, लेकिन और उपायों की है ज़रूरत

सिर्फ़ सीटें देने से नहीं आएगा चेंज

विमल कुमार

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में याद दिलाया है कि शिक्षा के अधिकार कानून (RTE) के तहत निजी स्कूलों में 25% सीटें कमजोर वर्गों के लिए आरक्षित हैं। अदालत की यह टिप्पणी असल में हमारे सामाजिक विवेक को झकझोरने की कोशिश है। कानून का इरादा बिल्कुल नेक है - पढ़ाई वह भरोसेमंद टूल है, जिससे जीवन बदला जा सकता है। लेकिन अर्थशास्त्र का एक बुनियादी सिद्धांत है - किसी भी नीति का मूल्यांकन उसके नेक इरादों से नहीं, उसके अंतिम परिणाम से होना चाहिए। शिक्षा में परिणाम का मतलब है - क्या वह बच्चा वास्तव में सीख रहा है, क्या वह स्कूल में टिक पा रहा है, और क्या उसकी क्षमताएं उसे भविष्य के प्रतिस्पर्धी बाजार के लिए तैयार कर रही हैं?

AI Image

सीखने की लागत । समस्या यह है कि हम अक्सर शिक्षा को केवल 'सीट' या 'फीस' की बहस तक सीमित कर देते हैं। हम मान लेते हैं कि फीस माफ हो गई, तो शिक्षा मुफ्त हो गई। हकीकत में सीखने की कीमत सिर्फ स्कूल की फीस नहीं होती। अर्थशास्त्र में कहें तो हर परिवार को सीखने की लागत चुकानी पड़ती है। इसमें पैसा, समय, मानसिक तनाव और जोखिम - सब शामिल हैं।

बजट के बाहर । निजी स्कूल में दाखिला मिलने पर भी एक गरीब परिवार पर कई प्रत्यक्ष आर्थिक बोझ आते हैं - किताबें, यूनिफॉर्म, स्टेशनरी, प्रॉजेक्ट्स का सामान और ट्रांसपोर्ट का खर्च। इन सब का हिसाब लगाया जाए, तो महीने का अतिरिक्त खर्च 3 से 5 हजार रुपये तक पहुंच सकता है। एक दिहाड़ी कर्मचारी के लिए यह उसकी कुल मासिक आय का 40 से 50% हिस्सा है।

छिपी हुई लागत । इससे भी बड़ा खर्च समय और प्रक्रिया की जटिलता का है। दस्तावेजों को बनवाने की जद्दोजहद, पोर्टल की तकनीकी उलझनें और स्कूल के दफ्तरों के चक्कर। गरीब परिवार के लिए यह समय सीधे तौर पर उनकी 'रोजी-रोटी' का होता है। अर्थशास्त्री इसे 'अवसर-लागत' (Opportunity Cost) कहते हैं। यानी स्कूल की एक औपचारिकता पूरी करने के लिए पिता को अपनी एक दिन की दिहाड़ी छोड़नी पड़ती है। क्या हमारी नीति ने कभी इस 'छिपी हुई लागत' का हिसाब लगाया है?

मनोवैज्ञानिक दीवार । स्कूल केवल शैक्षणिक केंद्र नहीं, सूक्ष्म समाज भी है। वहां बच्चों के बीच खाने के टिफिन, कपड़े, ब्रैंडेड जूते, मोबाइल और यहां तक कि अंग्रेजी बोलने के लहजे को लेकर अदृश्य प्रतिस्पर्धा चलती है। जन्मदिन की पार्टियां या स्कूल ट्रिप जैसे 'रिचुअल्स' भागीदारी की एक ऊंची कीमत तय करते हैं। जब एक गरीब बच्चा रोज यह महसूस करता है कि वह सहपाठियों से अलग है या पिछड़ रहा है, तो उसकी सीखने की उत्पादकता (learning productivity) गिरती है। यह एक मनोवैज्ञानिक दीवार है, जो उसे कक्षा में मौजूद तो रखती है, लेकिन सीखने की प्रक्रिया से काट देती है।

परिवेश का अंतर । यही वह बिंदु है जहां 'पालिका स्कूल' और 'मॉडर्न स्कूल' की खाई साफ नजर आती है। एक आधुनिक निजी स्कूल का बच्चा जिस तकनीक, इंटरनेट और एक्सपोजर के बीच बड़ा हो रहा है, क्या 25% कोटे वाला बच्चा घर जाकर उसी परिवेश को पा सकता है?

लो-रिटर्न निवेश । सीखना एक उत्पादन-प्रक्रिया है। जैसे किसी फैक्ट्री में बेहतर उत्पाद के लिए केवल मशीन (सीट) काफी नहीं, बल्कि कच्चा माल, बिजली और कुशल कारीगर भी चाहिए, वैसे ही शिक्षा के लिए पोषण, सुरक्षित घर, अध्ययन का माहौल और अतिरिक्त सहायता जरूरी इनपुट हैं। अगर ये इनपुट गायब हैं, तो शिक्षा का 'आउटपुट' कम रह जाएगा और हमारी नीति एक 'लो-रिटर्न निवेश' बन जाएगी।

समाधान के रास्ते । पहला, सरकार को केवल फीस की भरपाई नहीं करनी चाहिए, बल्कि ऐसे बच्चों के लिए 'सपोर्ट पैकेज' (यूनिफॉर्म, ट्रांसपोर्ट और एक्स्ट्रा ट्यूटरिंग) का फंड भी देना चाहिए। दूसरा, स्कूलों के भीतर एक 'इनक्लूजन कल्चर' विकसित करना होगा। कुछ राज्यों के पायलट प्रॉजेक्ट्स बताते हैं कि जहां 'बडी सिस्टम' (अमीर और गरीब बच्चे की जोड़ी) और 'इनक्लूजन कोऑर्डिनेटर' नियुक्त किए गए, वहां इन बच्चों के सीखने के स्तर में 30% तक सुधार देखा गया।

सरकारी स्कूल सुधरें । तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण - सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता सुधारना ही 'फर्स्ट-बेस्ट' पॉलिसी है। जब तक सरकारी स्कूल निजी स्कूलों के बराबर खड़े नहीं होंगे, तब तक हम बच्चों को टुकड़ों-टुकड़ों में न्याय देने की कोशिश करते रहेंगे। लक्ष्य यह नहीं होना चाहिए कि बच्चा 'किस' स्कूल में बैठा है, बल्कि यह होना चाहिए कि वह 'क्या' सीख रहा है।

(लेखक IIT कानपुर के इकॉनमिक्स डिपार्टमेंट और वाधवानी स्कूल ऑफ AI में प्रफेसर हैं)

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

जीवन में मधुरता व संतुलन का संदेश देती है वसंत पंचमी

आचार्य दीपचंद भारद्वाज

माघ मास का हमारे शास्त्रों में विशेष महत्व है। इसी मास की पंचमी तिथि को वसंत पंचमी का पावन पर्व मनाया जाता है, जिसे विद्या की देवी सरस्वती की आराधना का उत्सव भी कहा जाता है। यही वह दिन है जब वसंत ऋतु का औपचारिक शुभारंभ होता है। वसंत को ऋतुओं का राजा कहा गया है, क्योंकि इस काल में पंचतत्व- अग्नि, जल, वायु, पृथ्वी और आकाश - अपने सौम्य, संतुलित और मनोहारी रूप में प्रकट होते हैं। आकाश निर्मल होता है, वायु शीतल, अग्नि रुचिकर बन जाती है, जल आत्मा को तृप्त करता है और धरती हरियाली से लहलहा उठती है।

इस ऋतु में प्रकृति का सौंदर्य अपने शिखर पर पहुंच जाता है। शरद के पश्चात हेमंत और शिशिर में जो प्रकृति वृद्धा-सी लगने होने लगती है, उसे वसंत नवजीवन प्रदान करता है।

AI Image



पेड़-पौधे, फूल और समस्त जीव अपनी मंद पड़ी आंतरिक ऊर्जा को फिर से जाग्रत कर सृजन की ओर अग्रसर हो जाते हैं। वर्षभर मौन रहने वाली कोयल भी इस ऋतु में अपनी कूक से वातावरण को संगीतमय बना देती है।

वसंत पंचमी को सभी धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। यह दिन ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की उपासना को समर्पित है। सरस्वती हमारी बुद्धि, प्रज्ञा और विवेक की प्रतीक हैं। उनका वाहन हंस विवेकशीलता और सत्य-असत्य के भेद का संदेश देता है। उनके हाथों में पुस्तक हमें स्वाध्याय की प्रेरणा देती है। धवल वस्त्र सात्विकता और पवित्रता के प्रतीक हैं, जबकि वीणा जीवन में मधुरता, संतुलन का संकेत देती है।

इस अवसर पर पीले वस्त्र और पीले पकवानों का विशेष महत्व है। पीला रंग परिपक्वता, उल्लास और बौद्धिक सक्रियता का प्रतीक माना जाता है। वसंत ऋतु न केवल प्रकृति को नवजीवन प्रदान करती है, बल्कि मनुष्य के जीवन में आई मानसिक और आत्मिक जड़ता को भी दूर करती है। वसंत पंचमी का यह पावन पर्व हमें प्रकृति के सौंदर्य के साथ-साथ अपने अंतःकरण में ज्ञान, शील, संयम, सत्य और स्नेह को धारण करने की दिव्य प्रेरणा देता है।

नेताजी ने वंदे मातरम् की करवाई पूरी रिकॉर्डिंग

अखिलेश झा

अक्टूबर 1937 में कांग्रेस के कलकत्ता कार्यसमिति की बैठक में वंदे मातरम् से दूरी बनाने पर न सिर्फ बंगाल, बल्कि पूरा देश दुखी था। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू ने तो यहां तक कह दिया था कि कांग्रेस ने कभी वंदे मातरम् को राष्ट्रगान नहीं माना। इसके अलावा, पार्टी ने वंदे मातरम् को सांप्रदायिकता का घूट कहे जाने वाले मुस्लिम लीग के आरोप को भी स्वीकार कर लिया।

अधिवेशन में गूंज । नेताजी सुभाषचंद्र बोस को समझौते और तुष्टीकरण की राजनीति में भरोसा नहीं था। 1938 में जब वह कांग्रेस अध्यक्ष बने, तब उनकी उम्र 41 साल थी। उस समय वह कांग्रेस के सबसे युवा अध्यक्ष थे। कांग्रेस के हरिपुरा अधिवेशन के लिए जब नेताजी कलकत्ता से रवाना हुए, तब उनके साथ वंदे मातरम् गाने वालों का जत्था साथ था। अधिवेशन की शुरुआत और समापन वंदे मातरम् से हुई।

खूब मिली प्रशंसा । अधिवेशन के बाद सभी लोगों ने कलाकारों की प्रस्तुति की काफी प्रशंसा की। सरोजिनी नायडू ने कहा कि वंदे मातरम् को जिस भाव से गाया गया, वैसा शायद ही बंगाल के बाहर सुनने को मिलता है। तब बड़ी कांग्रेस नेता रहीं कमलादेवी चट्टोपाध्याय ने कहा कि आर. आर. मुखर्जी के नेतृत्व में कलाकारों की प्रस्तुति ने समां बांध दिया। उन्होंने कहा कि आमतौर पर राजनीतिक कार्यक्रमों में संगीत नहीं रहता है, लेकिन अच्छा संगीत कार्यक्रम को सफल बनाता है।

कॉमन रूम



कैसे हुई रिकॉर्डिंग । इसके बाद नेताजी ने वंदे मातरम् को राष्ट्रगान में रिकॉर्ड करने का फैसला किया। कलकत्ता में चर्चा हुई। अमृत बाजार पत्रिका और उसके अंग्रेजी दैनिक हिन्दुस्तान स्टैंडर्ड ने पूरे खर्च का जिम्मा उठाया। मेगाफोन ने रिकॉर्डिंग और मार्केटिंग की जिम्मेदारी संभाली। नेताजी के अनुरोध पर मशहूर संगीतकार तिमिर बरन ने आधुनिक तरीके से प्रस्तुत करने की बात मानी। रिकॉर्ड की खासियत रही कि पूरा वंदे मातरम् गाया गया।

12 इंच का ग्रामोफोन । वंदे मातरम् के रिलीज हुए करीब 50 रिकॉर्ड में यह एकमात्र ऐसा रिकॉर्ड है, जिसके लेबल पर वंदे मातरम् संपूर्ण लिखा है। चूंकि, पूरा वंदे मातरम् 3 मिनट से अधिक समय का था, तो उसे 12 इंच के ग्रामोफोन रेकॉर्ड पर रिलीज किया गया। तिमिर बरन की धुन के लिए मेगाफोन ने वंदे मातरम् वाले खास लिफाफे यानी रिकॉर्ड स्लीव बनाए। रिकॉर्ड के लेबल पर BANDE MATARAM और उसके नीचे INDIAN NATIONAL ANTHEM लिखा था। साथ ही चरखे वाला तिरंगा भी उकेरा गया था।

(लेखक सांस्कृतिक कर्मी हैं, ग्रामोफोन-इतिहास लिखते हैं)

तिराहा Y

सुखनंदन

प्रेम शंकर मिश्र

राजा के चेहरे पर गंभीरता थी, लेकिन उनका इत्र महक रहा था। भीतर की दुर्गंध दबा दरबारी ने कहा, 'हुजूर, यह सुगंध तो अद्भुत है।' 'यह तो हुजूर की जनप्रियता की सुगंध है, जिसने साम्राज्य को ऐश्वर्य से भर दिया है', दूसरे ने मौका लपका। 'इसने किसानों के खेत-खलिहान भर दिए हैं', तीसरे ने साथ दिया। 'यह सुगंध नहीं, समृद्धि की औषधि है। इसके व्यापार पर ध्यान दिया जाए, तो अर्थव्यवस्था चमक उठेगी', चौथे ने सुझाव जोड़ा।

पांचवें ने संचित समस्त अनुभव उड़ेले, 'हुजूर, यह सुगंध का असर नहीं, अपितु आपकी देहगंध का प्रताप है। इससे पहले भी तो इत्र, चंदन, सुगंध थी, लेकिन जनता दुखी थी। आपके आत्मबल ने इसे औषधि में बदल दिया।' छठे दरबारी को भी मौका मिला, 'मेरा प्रस्ताव है कि जो भी इत्र बनाया जाए, उसमें हुजूर के पसीने की एक बूंद मिलाई जाए।' हुजूर के चेहरे पर मुस्कुराहट आई, नवरत्नों को राहत की सांस। हीनता दर्प में बदली, राजा बोले, 'जनसेवा ही मेरा कर्म व धर्म है, लेप लाने वाले कृषक को बुलाया जाए।'

सभी दरबारी एक साथ दरबान के पास दौड़े। दरबान इतना दबाव सह नहीं सका और बक उठा, 'कृषक तो भूख से मर गया।' दरबार में सन्नाटा, राजा क्रोध से लाल। किसी की कुदृष्टि ने घंटों के परिश्रम को शून्य कर दिया था। तभी अब तक मौन एक दरबारी का स्वर गूंजा, उसकी छवि संकटमोचक की थी, 'भूख से मर गया! तुम वैद्य हो? क्या किसान का चेहरा खिन्न था?' 'नहीं हुजूर, दाम की उम्मीद में प्रसन्न था।' 'पांव भूख से लड़खड़ाए थे?' 'नहीं, चंदन के बोझ से डगमगाए थे।' 'गिरते समय मुंह से निकली थी रोटी?' 'नहीं, वह तो निहार रहा था चंदन की बोटी।' 'तो कैसे कहा भूख से मरा है, उसका प्राण तो चंदन की आसक्ति ने हरा है।'

आह्लाद लौटा। फैसला हुआ चंदन विहार बनेगा। गेहूं के खेत काट चंदन वन लगाए गए। किसान की प्रतिमा लगी, राज्य में बलिदानोत्सव मना, विज्ञापन छपे। सांपों को रहने का नया ठिकाना मिला और राजा को 'सुखनंदन' की उपाधि।

कांटे की बात

आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का अगले चार से पांच वर्षों में रोजगार पर व्यापक असर पड़ने जा रहा है। वाइट कॉलर और ब्लू कॉलर दोनों ही तरह के रोजगार इससे प्रभावित होंगे। सरकारों को इस चुनौती से निपटने के लिए आगे आना होगा।

बिल गेट्स, माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक

समाह की शख़्सियत

दो देशों की फर्स्ट लेडी, ऐसा रुतबा ग्रासा का

मानवाधिकार कार्यकर्ता, शिक्षाविद और दो देशों की फर्स्ट लेडी होने का रुतबा - ग्रासा मचेल (Graca Machel) का परिचय समझना इतना आसान नहीं, जिन्हें 2025 के इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार के लिए चुना गया है।

मोजाम्बिक में शिक्षा पर काम

मोजाम्बिक में जन्मीं ग्रासा ने पढ़ाई के दिनों में ही राजनीति में कदम रख दिया था। उनकी पहली शादी वहां के पहले राष्ट्रपति समोरा मेचल से हुई थी। यूं वह अपने देश की पहली फर्स्ट लेडी बनीं। वह मोजाम्बिक की पहली शिक्षा और संस्कृति मंत्री भी रहीं। एक विमान हादसे में समोरा की मौत हो गई। जुलाई 1998 में ग्रासा ने नेल्सन मंडेला से शादी की और दक्षिण अफ्रीका की फर्स्ट लेडी बनीं।

बच्चों के अधिकारों की बात

ग्रासा आधुनिक इतिहास की पहली महिला हैं, जो दो देशों की प्रथम महिला रहीं। हालांकि यह महज रेकॉर्ड की बात है। उनकी असल उपलब्धि है अफ्रीका में शिक्षा और मानवाधिकार को लेकर काम। युद्ध में बच्चों की स्थिति पर उन्होंने ऐतिहासिक रिपोर्ट तैयार की है, संयुक्त राष्ट्र के कई अभियानों का हिस्सा रहीं और कई समाजसेवी संगठनों से जुड़ी हैं। उन्होंने बाल विवाह के खिलाफ भी आवाज उठाई।

जनता जंक्शन

इरफान

केरल में वापसी पर क्या है कांग्रेस का प्लान

हेमंत राजौरा

केरल में एक दशक से सत्ता से बाहर चल रही कांग्रेस और उसके नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (UDF) पूरी तरह इलेक्शन मोड में आ गया है। पार्टी ने 140 सदस्यीय विधानसभा में 100 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया है। हालिया स्थानीय निकाय चुनावों में मिली जीत से UDF का आत्मविश्वास बढ़ा है और उसे इस साल होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भी अपनी जीत पक्की लग रही है।

समीकरण बदलने की तैयारी

पंचायतों, नगर पालिका और निगमों में बेहतर प्रदर्शन से UDF को लग रहा है कि वाम मोर्चा (LDF) के खिलाफ माहौल एकतरफा नहीं है। केरल की राजनीति का पिछले तीन दशकों का ट्रेंड बताता है कि स्थानीय निकाय चुनाव अक्सर विधानसभा चुनाव की दिशा तय करते हैं। इस लिहाज से UDF इसे सेमीफाइनल की जीत मान रहा है। इन नतीजों का सीधा असर पार्टी कार्यकर्ताओं के मनोबल पर भी पड़ा है।

UDF की रणनीति में सहयोगी दलों की संख्या बढ़ाना भी शामिल है। कांग्रेस नए साझेदारों को जोड़ने की कोशिश में LDF के साथी दलों से बातचीत कर रही है। इनमें केरल कांग्रेस (M) जैसे दल भी शामिल हैं। अगर इनमें से कुछ पार्टियां UDF के पाले में आती हैं तो इससे मध्य केरल और ईसाई बहुल इलाकों में समीकरण बदल सकते हैं।

सामाजिक समीकरणों में भी UDF को कुछ सकारात्मक संकेत मिलते दिख रहे हैं। कोल्लम से कोट्टायम तक के गैर-कैथलिक क्षेत्र और पार्टी का पारंपरिक कैथलिक वोट बैंक एक बार फिर कांग्रेस गठबंधन के करीब नजर आ रहा है। इसके अलावा, वामदलों का समर्थन करने वाले कई सुन्नी मुस्लिम समूहों की भी UDF में दिलचस्पी दिख रही है। वाम सरकार के प्रति हिंदू मतदाताओं के असंतोष को भी भुनाने की कोशिश जारी है। सबरीमला मंदिर में सोना गायब होने का मुद्दा भी हावी है। इसके अलावा, तटीय और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों की आजीविका, पर्यावरण और विकास से जुड़ी चिंताओं को भी कांग्रेस प्रमुखता से सामने ला रही है।

विशुद्ध राजनीति
कसौटी

उम्मीदों के साथ कई चुनौतियां भी हैं। UDF को सबसे पहले अंदरूनी गुटबाजी से निपटना होगा। केरल में कांग्रेस लंबे समय से बंटी है और चुनाव के दौरान यह पता चलने लगता है। फिलहाल, शशि थरूर जैसे बड़े नेताओं की भूमिका पर भी चर्चा हो रही है। तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन में BJP की जीत पर थरूर की प्रतिक्रिया पर सवाल उठे। हालांकि, बाद में उन्होंने पार्टी कार्यक्रम में शामिल होकर अफवाहों पर विराम लगाने की कोशिश की। लेकिन, कांग्रेस नेतृत्व को यह देखना होगा कि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा सामूहिक लक्ष्य पर हावी न हो जाए।

संजीवनी बनेगी जीत

LDF की भी चुनौतियां कम नहीं हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में LDF को 99 सीटें मिली थीं। पार्टी ने 2016 के चुनाव से बेहतर प्रदर्शन किया था। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को मजबूत प्रशासक कहा जाता है। लेकिन, यह भी चिंता है कि वाम मोर्चा अपने विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं को चुनावी हथियार बना सकता है। जानकारों को लगता है कि पिछले चुनाव में भले BJP का खाता नहीं खुला, लेकिन शहरी इलाकों में उसकी मौजूदगी UDF की कुछ सीटें घटा सकती है। इसलिए, कहा जा रहा है कि 2026 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस और UDF के लिए करो या मरो जैसा है। अगर कांग्रेस अपनी चुनौतियों से पार पा ले तो केरल से पार्टी को न सिर्फ राज्य में बल्कि देश में भी संजीवनी मिल सकती है।

एकदा

संकलन : रेनू सैनी

रिहाई का आदेश

Subrata Dhar



जनवरी 1932 में गिरफ्तारी के बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस को मध्य प्रदेश की सिवनी जेल भेज दिया गया। अप्रैल आते-आते उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई। जेल अधीक्षक ने बंबई सरकार को पत्र लिखकर सुझाव दिया कि नेताजी को ऐसी जेल में स्थानांतरित किया जाए, जहां उनका समुचित इलाज हो सके। कलकत्ता उपयुक्त था, लेकिन बंगाल सरकार ने उन्हें वहां किसी जेल में रखने से मना कर दिया। डॉक्टरों को पित्ताशय की बीमारी और तपेदिक का संदेह हुआ। मई के अंत में दोनों भाइयों को जबलपुर के सैन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने विशेष इलाज की आवश्यकता बताई। इसके बाद नेताजी को मद्रास भेजा गया, जहां डॉ. बी.सी. रॉय और सर नीलरतन सरकार सहित कई विशेषज्ञों ने जांच की और उनमें टीबी के लक्षण पाए। बाद में उन्हें कुमाऊं की पहाड़ियों में भवाली सैनिटोरियम भेजा गया, पर वहां भी सुधार नहीं हुआ। अंग्रेज सरकार नहीं चाहती थी कि उनकी मौत जेल में हो, क्योंकि इसके गंभीर राजनीतिक परिणाम हो सकते थे। अंत में अपने खर्च पर यूरोप जाने की अनुमति मिली। 23 फरवरी 1933 को एस.एस. गंगेस जहाज से नेताजी सुभाष चंद्र बोस रवाना हुए। रिहाई का आदेश उन्हें तभी दिया गया, जब जहाज बंदरगाह छोड़ चुका था।

रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

राजनीति से परे हो खेल

22 जनवरी का संपादकीय 'खेल का नुकसान' पढ़ा। बांग्लादेश के रवैये में जिद और अदूरदर्शिता साफ दिखाई दे रही है। वह खुद को अगले महीने शुरू होने वाली टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने की स्थिति में खड़ा कर रहा है। यदि भारत में एक बांग्लादेशी खिलाड़ी को IPL से बाहर किया गया, तो उसके पीछे बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की गंभीर पृष्ठभूमि थी। फिर भी बांग्लादेश इस फैसले से असहमत था तो अपना विरोध दर्ज कराने के बेहतर तरीके अपना सकता था। मगर BCB ने भारत में खेलने से ही इनकार कर दिया। नतीजा पूरी बांग्लादेश क्रिकेट टीम को भुगतना पड़ेगा। खेल को राजनीति से ऊपर रखा जाना चाहिए।

इन्द्र सिंह धिगान, दिल्ली

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH13 User: rajesh.mishra Time: 01-22-2026 22:41 Color:

हंसी के साथ घुली आवाज लगती है दिलचस्प
अगर आप फोन पर बात करते वक्त भी मुस्कुराते हैं तो आपकी आवाज ज्यादा दिलचस्प लगने लगती है। सामने वाले को आप ज्यादा पॉजिटिव महसूस होते हैं।

विचार

जब इंसान कठिन हालात में भी मुस्कुराता रहता है, तो यह दिखाता है कि उसने डर, दुख और हालात पर अंदर से जीत हासिल कर ली है। - नेल्सन मंडेला (Nelson Mandela)

ज़रा हंस लें

पप्पू एक काला और एक सफेद जूता पहन कर स्कूल आया। **टीचर:** 'घर जाओ और जूते बदल कर आओ।'
पप्पू: 'कोई फायदा नहीं है सर, वहां भी एक काला और एक सफेद जूता ही रखा है।'

कविता

मैं वसंत हूं !!

मैं वसंत हूं !! मैं ठिठुरन का
शीत गलन का, सौंधा सौंधा
मधुर अंत हूं... मैं वसंत हूं !!
मैं सूरज का ताप सलोना
मंद पवन का महका दोना
मैं अम्बर का नीलापन हूं
मैं पानी का अमरित होना
घूंघट पट में, लिपटा सिमटा
रूप धरा का, मैं ज्वलंत हूं, मैं वसंत हूं !!
नव सूर्य चंद्र दिन रात नए
कोपल कल्ले पल्लव पात नए
मैं लाया हूं घट नदी के
तलाब ताल जलजात नए
ध्वस्त प्राण को, धुर मसान को
मंदिर करता, मैं महंत हूं, मैं वसंत हूं !!
मैं आम्र वृक्ष पर लदा बौर
मैं नील पीत मैं श्याम गौर
मैं कलियों के मधुर अधर पर
हूं निडर भ्रमर की अमर ठौर
अगन लगाती, मदन जगाती
कूक कोकिला, दिग दिगंत हूं, मैं वसंत हूं !!
मैं अबीर हूं मैं गुलाल हूं
मैं हृदय की गगन उछाल हूं
रंगों को आमंत्रित करता
मैं रतियों का रसा गाल हूं
सुर गति लय का, प्रेम प्रणय का
युगों युगों से, आदि अंत हूं, मैं वसंत हूं !!

– आलोकेश्वर चबडाल, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

परेड में आसमान में दिखेगा सिंदूर फॉर्मेशन

जिन फाइटर जेट ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर कहर बरपाया था, वे भी कर्तव्य पथ के ऊपर उड़ान भरेंगे

गणतंत्र दिवस पर राफेल, सुखोई, MiG-29, जगुआर जेट करेंगे फ्लाई पास्ट

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** इस बार गणतंत्र दिवस परेड में एयरफोर्स की तरफ से सिंदूर फॉर्मेशन भी दिखाई देगी। गणतंत्र दिवस पर एक तरह से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को मनाया भी जाएगा। जिन फाइटर जेट ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर कहर बरपाया था वे फाइटर जेट भी कर्तव्य पथ के ऊपर उड़ान भरेंगे। सिंदूर फॉर्मेशन में ऑपरेशन सिंदूर में शामिल रहे फाइटर जेट राफेल, सुखोई, जगुआर और मिग- 29 उड़ान भरेंगे। इस फॉर्मेशन में कुल 7 फाइटर जेट रहेंगे, जिनमें 2 राफेल, 2 सुखोई, 2 मिग -29 और एक जगुआर शामिल होगा। ये स्पीयरहेड फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। दो अन्य फॉर्मेशन भी ऑपरेशन सिंदूर को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।

गणतंत्र दिवस के मुख्य आकर्षण में से एक एयरफोर्स का फ्लाई पास्ट होता है और इस बार भी परेड का समापन एयरफोर्स के वर्टिकल चार्ली ड्रिल के साथ होगा। इंडियन एयरफोर्स, आर्मी और नेवी के कुल 29 एयरक्राफ्ट हिस्सा ले रहे हैं। जिनमें 16 फाइटर जेट, 4 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और 9 हेलिकॉप्टर शामिल हैं। इस फ्लाईपास्ट को दो हिस्सों में बांटा गया है। सबसे पहले चार Mi -17 हेलिकॉप्टर ध्वज फॉर्मेशन में तिरंगा और तीनों सेनाओं के ध्वज को लेकर सुप्रीम कमांडर को सेल्यूट करेंगे और फूल बरसाएंगे। इसके बाद का फॉर्मेशन भी हेलिकॉप्टर का ही होगा, इसका नाम है प्रहार फॉर्मेशन। इसमें तीन ALH ध्रुव हेलिकॉप्टर उड़ान भरेंगे।

यूं दिखेगी आसमानी ताकत

इस फॉर्मेशन को लीड करने वाले हेलिकॉप्टर ऑपरेशन सिंदूर का ध्वज लिए हुए उड़ान भरेंगे। इसके बाद दो अटैक हेलिकॉप्टर अपाचे और प्रचंड मरुत फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। इसके बाद आएगा सिंदूर फॉर्मेशन। फ्लाईपास्ट के दूसरे हिस्से में सबसे पहले होगा अर्जन फॉर्मेशन। इसमें एक C-130 और दो C-295 उड़ान भरेंगे। इसके बाद वरुणा फॉर्मेशन में नेवी का P8I और एयरफोर्स के 2 सुखोई साथ आएंगे। वज्रांग फॉर्मेशन में 6 राफेल जेट कर्तव्य पथ के ऊपर से उड़ान भरेंगे। इसके बाद एक राफेल जेट विजय फॉर्मेशन में वर्टिकल चार्ली ड्रिल को अंजाम देकर फ्लाईपास्ट और गणतंत्र दिवस समारोह का समापन करेगा।

File Photos

फ्लाई पास्ट: सबसे पहले चार Mi -17 हेलिकॉप्टर ध्वज फॉर्मेशन में तिरंगा और तीनों सेनाओं के ध्वज को लेकर सुप्रीम कमांडर को सेल्यूट करेंगे और फूल बरसाएंगे

NBT जन्मदिन मुबारक

रमेश सिप्पी

23 जनवरी 1947 को जन्मे रमेश सिप्पी बॉलिवुड के दिग्गज डायरेक्टर हैं। उन्होंने 'शोले' जैसी ऐतिहासिक फिल्म बनाई। उन्हें पद्म श्री से सम्मानित किया गया है।

वजुभाई वाला

BJP के वरिष्ठ नेता वजुभाई वाला का जन्म 23 जनवरी 1937 को हुआ। कर्नाटक के पूर्व राज्यपाल और गुजरात विधानसभा के स्पीकर रहे हैं।

संदीप सेजवाल

23 जनवरी 1989 को जन्मे संदीप सेजवाल भारत के मशहूर तैराक हैं। 2014 एशियन गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले संदीप को अर्जुन अवॉर्ड मिल चुका है।

पी. एल. पुनिया



23 जनवरी 1945 को जन्मे पीएल पुनिया पूर्व राज्यसभा सांसद हैं। रिटायर्ड IAS अधिकारी पुनिया राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं।

धार्मिक जगहों, ऐतिहासिक स्थलों से लेकर आधुनिक दिल्ली और म्यूज़ियम भी घूम सकेंगे

दिल्ली का दीदार कराएगी शाम-ए-सफर बस

Brijesh.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सैर-सपाटे, घूमने फिरने के शौकीनों के लिए अच्छी खबर है। सरकार अब प्राचीन, धार्मिक और आधुनिक दिल्ली का दीदार कराने के लिए शाम-ए-सफर बस सेवा की शुरुआत करने जा रही है। सरकार ने इसके लिए एक प्रस्तावित टूरिस्ट सर्किट स्पॉट भी तैयार किया है। जिसमें लाल किला, कुतुब मीनार, इंडिया गेट के साथ आप को आधुनिक दिल्ली के भारत मंडपम्, यशोभूमि, अक्षरधाम मंदिर से लेकर प्रधानमंत्री संग्रहालय तक देखने को मिलेगा। इससे आप दिल्ली को समझ पाएंगे।

सरकार के मुताबिक पर्यटकों के लिए इस बस सेवा की शुरुआत करने के लिए पर्यटन विभाग ने डीटीसी (दिल्ली परिवहन निगम) से दो बसें किराये पर ली हैं। पहले चरण में यह बसें तीन महीने के लिए किराये पर ली गई हैं। वैश्विक स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इन बसों की रैपिंग की गई है, जिसमें दिल्ली के मशहूर जगहों की फोटो लगाई गई हैं। सूत्रों की मानें तो जल्द ही इस बस सेवा को हरी झंडी दिखाई जा सकती है। सरकार का मानना है कि पर्यटन बढ़ने से लोगों के लिए रोजगार का अवसर भी बढ़ेगा। अधिकारियों ने बताया कि इस बस सेवा के लिए डीटीसी की 9 मीटर वाली बसें ली गई हैं। बस में 32 यात्रियों के बैठने की क्षमता होगी। बसों में सीसीटीवी कैमरे लगे होंगे। इस सफर के लिए बच्चों के लिए 300 रुपये जबकि बड़ों के लिए 500 रुपये के टिकट का प्रस्ताव है।

AI Image

- 300-500 रुपये होगा किराया।
- 2 ई-बसों के साथ शुरू होगा।
- 3 महीने के लिए डीटीसी बस किराये पर लिया।
- 20 जगहों का दर्शन कराने की योजना है।

इन जगहों को देखेंगे

लाल किला, कुतुब मीनार, हुमायूं का मकबरा, प्रधानमंत्री संग्रहालय, यशोभूमि, भारत मंडपम, दिल्ली हाट, अक्षरधाम मंदिर, जंतर-मंतर, लोटस टेम्पल, अग्रसेन की बावली, जामा मस्जिद, इंडिया गेट, नेशनल वॉर मेमोरियल, राजघाट, गार्डन आफ फाइव सेंस, पुराना किला और अन्य जगहें देख सकेंगे।

हो-हो बस के बाद नई पहल

दिल्ली में इससे पहले टूरिस्ट स्पॉट की सैर के लिए वर्ष 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों के समय तत्कालीन सरकार ने हो-हो बस सेवा शुरू की थी। यह बस सेवा दिल्ली के सभी प्राचीन स्थलों का दर्शन कराती थी। मगर कोविड के दौरान हो हो बस सेवा बंद कर दी गई। उसके बाद सरकार ने उसे दोबारा शुरू नहीं किया।

केरल में स्कूलों की प्रतियोगिता में प्रतिभा और परंपरा आए साथ

विरासत के आंगन में थिरकते युवा

Anup K Venu

त्रिशूर के ऐतिहासिक श्री वडक्कुनाथन मंदिर की भव्यता और हाथी 'कोम्बन परन्नूर नंदन' की राजसी मौजूदगी के बीच कला का जादुई संगम। 64वें केरल स्कूल कलोलसवम के प्रतिभागियों ने अपनी थिरकन और संस्कृति के रंगों से इस पल को यादगार बना दिया।

THE ECONOMIC TIMES

फटाफट खबरें

कबाड़ से कमाई में भारत पीछे: रिपोर्ट

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** कबाड़ मैनेजमेंट के पुराने तरीकों और खराब प्रोसेसिंग सिस्टम की वजह से कूड़े-कचरे को रिसाइकिल करने के क्षेत्र में हजारों करोड़ रुपये के बिजनेस का मौका भारत के हाथ से निकल रहा है। नीति आयोग का कहना है कि भारत में 51,000 करोड़ रुपये का इलेक्ट्रॉनिक कचरा है, लेकिन केवल 18% ही रिकवर हो पा रहा है। टायरों के जरिए होने वाली 7,500 करोड़ की कमाई हाथ से जा रही है।

'गोल्ड लोन में बढ़ेगा कारोबार'

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** गोल्ड लोन देने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFCs) के पास मैनेजमेंट के लिए कुल कर्ज (AUM) मार्च 2027 तक 4 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर सकता है। इस दौरान इन कंपनियों के कारोबार में सालाना करीब 40% की औसत बढ़ोतरी (CAGR) होने की उम्मीद है। क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह बढ़त सोने की आसमान छूती कीमतों, सुरक्षित कर्ज की बढ़ती मांग और आसान सरकारी नियमों की वजह से होगी।

'यूरोप-चीन में FSD पर जल्द मंजूरी'

■ **NBT रिपोर्ट:** टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क ने गुरुवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले महीने तक यूरोप में टेस्ला के फुल सेल्फ-ड्राइविंग (FSD) सिस्टम को मंजूरी मिल जाएगी। यह सिस्टम ड्राइवर की मदद करने वाली एक एडवांस टेक्नोलॉजी है। अगर यह मंजूरी मिल जाती है, तो यह टेस्ला के लिए एक बहुत बड़ी कामयाबी होगी। इससे कंपनी की ऑटोमैटिक कार चलाने वाली तकनीक का रास्ता पूरी दुनिया में साफ हो जाएगा। मस्क ने कहा, हमें उम्मीद है कि अगले महीने तक यूरोप और चीन में सुपरवाइज्ड फुल सेल्फ-ड्राइविंग के लिए मंजूरी मिल जाएगी।

चांदी 14,300 रु. सस्ती, सोना 2,500 रुपये गिरा

कीमतों में बड़ी गिरावट, निवेशकों ने जमकर काटा मुनाफा

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** दिल्ली में गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। ऑल इंडिया जूलर्स असोसिएशन के मुताबिक, सोना (99.9% शुद्धता) 2,500 रुपये (1.56%) सस्ता होकर 1,57,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 1,59,700 रुपये के अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर बंद हुआ था। चांदी में 9 दिनों से चली आ रही तेजी थम गई। चांदी 14,300 रुपये (4.3%) टूटकर 3,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। बुधवार को इसके दाम में 11,300 रुपये का उछाल आया था।

वहीं, इंडियन बुलियन एंड जूलर्स असोसिएशन के अनुसार, चांदी 19 हजार प्रति किलो गिर गई। सोना 3,099 रुपये गिरकर 1,51,128 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो FOREX.com के मुताबिक, सोना 8.80 डॉलर गिरकर 4,822.65 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

AI Image

शेयर बाज़ार में गिरावट पर लगा ब्रेक

शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों से चली आ रही गिरावट पर गुरुवार को ब्रेक लग गया। सेंसेक्स 397.74 अंक (0.49%) चढ़कर 82,307.37 पर बंद हुआ। दिन के दौरान एक समय तो यह 873.55 अंक (1.06%) तक उछलकर 82,783.18 के स्तर पर पहुंच गया था। वहीं, निफ्टी 132.40 अंक (0.53%) की बढ़त के साथ 25,289.90 पर बंद हुआ। BSE मिडकैप इंडेक्स 1.28 और स्मॉलकैप इंडेक्स 1.13% ऊपर चढ़े। पब्लिक सेक्टर बैंकों के शेयरों में सबसे ज्यादा 2.43% की तेजी आई। कैपिटल गुड्स, पावर, मेटल और FMCG सेक्टर भी बढ़त के साथ बंद हुए। कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल्टी सेक्टर में गिरावट दिखी। जानकारों का मानना है कि अब बाजार का ध्यान 1 फरवरी को पेश होने वाले 'बजट 2026' की ओर रहेगा।

IndiGo का मुनाफा 78% गिरा

AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** दिसंबर में खत्म हुई तीसरी तिमाही में इंडिगो (IndiGo) एयरलाइन का मुनाफा 78% गिरकर 549.1 करोड़ रुपये पर आ गया है। इस गिरावट की बड़ी वजह उड़ानों में हुई भारी गड़बड़ी और देश में लागू हुए नए लेबर कोड को माना जा रहा है। पिछले साल इसी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में इंडिगो को 2,448.8 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था, जो अब घटकर 549.1 करोड़ रुपये रह गया है। वहीं, रियल एस्टेट कंपनी DLF का मुनाफा 14% बढ़कर 1,203.36 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। लेकिन कंपनी की सेल्स बुकिंग सिर्फ 419 करोड़ रुपये रही। पिछले साल इसी समय यह आंकड़ा 12,039 करोड़ रुपये के रेकॉर्ड स्तर पर था। EKI एनर्जी सर्विसेज ने बताया कि दिसंबर तिमाही में उसे 4.62 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है।

EU का फैसला, यूरोप में भारतीय सामान बेचना अब पड़ेगा महंगा

FTA से पहले एक्सपोर्ट पर विशेष रियायत खत्म

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** यूरोपीय यूनियन (EU) ने भारत के निर्यात पर मिलने वाली विशेष रियायत (GSP) को खत्म कर दिया है। 1 जनवरी से लागू होने वाले इस फैसले का असर भारत के टेक्सटाइल और प्लास्टिक जैसे कई सेक्टरों पर पड़ेगा। अब यूरोपीय देशों के 27 देशों के समूह में भारतीय सामान भेजना महंगा हो जाएगा। यह खबर ऐसे समय में आई है जब भारत और यूरोपीय यूनियन 27 जनवरी को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) पर बातचीत पूरी करने का ऐलान करने वाले हैं।

EU ने छीनी टैक्स छूट, 87% भारतीय सामान पर अब लगेगा पूरा टैक्स

यूरोपीय यूनियन के अधिकारिक गजट के अनुसार यूरोपीय कमीशन ने 25 सितंबर 2025 को नए नियम तय किए हैं। इसके तहत भारत, इंडोनेशिया और केन्या को मिलने वाली कुछ खास व्यापारिक छूट को 2026 से 2028 तक के लिए निलंबित कर दिया गया है। यह फैसला 1 जनवरी 2026 से लागू होगा और 31 दिसंबर 2028 तक चलेगा।

इस बदलाव पर थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (GTRI) ने कहा कि भारत के 87% सामान पर अब ज्यादा इंपोर्ट टैक्स देना होगा। इस स्कीम के तहत खेती और चमड़े से जुड़ी सिर्फ 13% सामान को ही टैक्स छूट मिलती रहेगी। अभी तक जनरलाइज्ड स्कीम ऑफ प्रेफरेंसेज (GSP) स्कीम की वजह से भारतीय निर्यातकों को यूरोपीय बाजारों में सामान्य से कम टैक्स देना पड़ता था। लेकिन अब भारत के 87% सामानों से यह रियायत छीन ली गई है। यूरोपीय यूनियन ने लगभग सभी बड़े सेक्टरों से यह छूट हटा दी है। इनमें खनिज, केमिकल, प्लास्टिक, रबर, कपड़े, पत्थर, सिरेमिक, कीमती धातुएं, लोहा और स्टील, मशीनरी, बिजली के सामान और ट्रांसपोर्ट के उपकरण शामिल हैं। ये सेक्टर भारत से यूरोप होने वाले एक्सपोर्ट की रीढ़ हैं।

2024-25 में भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच कुल 136.53 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ। यूरोपीय यूनियन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। भारत के कुल एक्सपोर्ट का करीब 17% हिस्सा यूरोपीय बाजार में जाता है।

AI Image

- **87%** हिस्सा प्रभावित होगा कुल एक्सपोर्ट का
- **13%** एक्सपोर्ट पर ही फायदा बरकरार रहेगा
- **9.6%** टैक्स लगता था कपड़ों पर, अब 12% लगेगा
- **31 दिसंबर** 2028 तक लागू रहेगा

PFC बॉण्ड में मिलेगा FD से बेहतर रिटर्न?

AI Image

■ **NBT रिपोर्ट:** जो निवेशक सोने और शेयर बाजार से हटकर सुरक्षित और फायदेमंद निवेश की तलाश में हैं, वे पब्लिक सेक्टर कंपनी पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (PFC) के जीरो कूपन बॉण्ड (ZCB) की ओर रुख कर सकते हैं। ET के मुताबिक, ये बॉण्ड 10 साल और 1 महीने की अवधि के लिए हैं।

PFC के इस पब्लिक इश्यू में निवेश करने की आखिरी तारीख 30 जनवरी है। ET के मुताबिक, ये बॉन्ड शेयर बाजार (स्टॉक एक्सचेंज) पर लिस्ट होंगे। इसका मतलब है कि जरूरत पड़ने पर निवेशक इन्हें बीच में भी बेचकर पैसा निकाल सकेंगे। आम निवेशक इन बॉण्ड को 50,780 रुपये में खरीद सकते हैं। 10 साल और 1 महीने बाद उन्हें 1 लाख रुपये मिलेंगे। इसमें सालाना 6.95% का मुनाफा मिलता है। यह टैक्स कटने के बाद करीब 6.04% बैठता है। वहीं, जो लोग 10 लाख रुपये से ज्यादा का निवेश करेंगे, उनके लिए एक बॉण्ड की कीमत 51,263 रुपये होगी, जिस पर टैक्स काटकर करीब 5.96% का रिटर्न मिलेगा। जानकारों का कहना है कि ये बॉण्ड बैंक एफडी के मुकाबले कहीं बेहतर रिटर्न दे रहे हैं। उदाहरण के लिए, एसबीआई (SBI) की 10 साल की एफडी पर 6.05% ब्याज मिलता है। लेकिन ऊंचे टैक्स स्लैब वालों के लिए टैक्स कटने के बाद यह सिर्फ 4.24% ही रह जाता है। इसी तरह टैक्स-फ्री बॉण्ड पर भी मुनाफा 5.1% से 5.15% के बीच ही है।

सिनर्जी कैपिटल के एमडी विक्रम दलाल का मानना है कि अगले 12 से 18 महीनों में अगर ब्याज दरें 0.25% से 0.50% तक गिरती हैं, तो इन बॉण्ड की वैल्यू बढ़ सकती है।

बीमा कंपनियों की मांग, न्यू टैक्स रिजीम में बीमा उत्पादों पर छूट मिले

'टर्म इंश्योरेंस पर 80C के बाहर डिडक्शन की व्यवस्था हो'

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

AI Image

■ **नई दिल्ली:** इंश्योरेंस कंपनियों का कहना है कि आम बजट में ऐसे उपाय किए जाने चाहिए, जिससे देश में बीमा उत्पादों का दायरा बढ़े। उनका कहना है कि इंश्योरेंस एन्युइटी के लिए भी दूसरे पेंशन प्रोडक्ट्स की तरह टैक्स और डिडक्शन की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही, न्यू टैक्स रिजीम में टैक्स बेनेफिट दिए जाएं। बीमा कंपनियां चाहती हैं कि ULIP में टैक्स फ्री मैच्योरिटी के लिए प्रीमियम की लिमिट बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी जाए।

बंधन लाइफ के CEO सतीश्वर बी ने कहा, 'लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस पर टैक्स बेनेफिट बढ़ाया जाना चाहिए। लाइफ इंश्योरेंस प्रीमियम के लिए सरकार या तो मौजूदा लिमिट को बढ़ा दे या इसके लिए एक अलग सेक्शन बना दे। ये कर लाभ ओल्ड और न्यू, दोनों टैक्स रिजीम में देने चाहिए। इससे ज्यादा लोगों के लिए बीमा लेना आसान होगा। सभी पेंशन और एन्युटी प्रोडक्ट्स के लिए 50000 रुपये के डिडक्शन की व्यवस्था हो सकती है। एन्युटी पेमेंट पर टैक्स घटाने से ज्यादा लोग लॉन्ग टर्म इनकम सिक्योरिटी में इनवेस्ट करने के लिए प्रेरित होंगे। ULIP में टैक्स फ्री मैच्योरिटी के लिए ढाई लाख रुपये सालाना प्रीमियम की सीमा है। इसे दूसरे पारंपरागत प्रोडक्ट्स की तरह 5 लाख रुपये कर दिया जाना चाहिए।'

काउंटडाउन बजट 2026 इंश्योरेंस

एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड के CEO सुमित मदान ने कहा, 'सेक्शन 80C, 80CCC और 80CCD के तहत सरल, ज्यादा और महंगाई के हिसाब से टैक्स छूट देना जरूरी हो गया है, जिससे लोग लंबी अवधि के लिए बचत करने और बीमा को अपनाने के लिए प्रेरित हों। प्योर टर्म इंश्योरेंस के लिए 80C से बाहर अलग टैक्स डिडक्शन होना चाहिए।' ओल्ड टैक्स रिजीम में 80C के तहत टोटल डिडक्शन 1.5 लाख रुपये तक का है। इसमें बीमा उत्पादों, पीपीएफ सहित कई प्रोडक्ट्स में निवेश को शामिल है। बजाज लाइफ इंश्योरेंस के CEO तरुण चुघ ने कहा, 'इंश्योरेंस एन्युटी पर टैक्स ट्रीटमेंट दूसरे पेंशन इंस्ट्रूमेंट्स जैसा करने से लोग टैक्स में अंतर पर ध्यान देने के बजाय उचित प्रोडक्ट चुनेंगे।'

'टैरिफ के दौर में निर्यातकों को सपोर्ट की ज़रूरत'

AI Image



■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** आम बजट में निर्यात और रोजगार को बढ़ावा देने के उपायों पर फोकस होना चाहिए। कंपनियों के बीच कराए गए FICCI के एक सर्वे में यह राय सामने आई, जिसे गुरुवार को जारी किया गया। वहीं, निर्यातकों ने कहा कि सरकार को उत्पादन लागत घटाने और विदेश में माल भेजने में सहूलियतें बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए।

FICCI सर्वे में कंपनियों ने दी राय

सर्वे रिपोर्ट में कहा गया, 'वैश्विक तनाव, टैरिफ पर अनिश्चितता और नॉन-टैरिफ बैरियर्स को देखते हुए बजट में निर्यात को सपोर्ट दिए जाने की उम्मीद है। कस्टम्स प्रोसेस दुरुस्त करने से लेकर लॉजिस्टिक्स संबंधी दिक्कतें दूर की जाएं।'

निर्यातकों के संगठन FIEO के प्रेसिडेंट एस सी रल्हन ने कहा, 'इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर की समस्या तुरंत दूर करने की जरूरत है। इसमें कच्चे माल और कंपोनेंट्स पर ड्यूटी तैयार माल पर ड्यूटी से ज्यादा है। निर्यातकों के लिए कच्चे माल पर इंपोर्ट ड्यूटी घटाई जानी चाहिए, क्योंकि इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर से लागत बढ़ती है और विदेश में दूसरे देशों के मुकाबले कीमत कम रखने में दिक्कत होती है।' रल्हन ने रिसर्च एंड डिवेलपमेंट के लिए निर्यातकों को टैक्स छूट और विदेश में मार्केटिंग में खर्च होने वाली राशि पर 200% टैक्स डिडक्शन की मांग भी रखी।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAJK2 User: vivek.kumar4 Time: 01-22-2026 21:36 Color:

TATA की पेशकश

पुराना सोना एक्चेंज कीजिए।
तनिष्क डायमंड्स से अपग्रेड कीजिए।

TANISHQ
Festival Of Diamonds

नवीनतम डायमंड ज्वैलरी देखें।

आपका पुराना सोना बनाए आत्मनिर्भर भारत।

आज, भारत अपना 99% सोना आयात करता है। अपने पुराने सोने को एक्सचेंज करके आप आयात कम करने में मदद कर सकते हैं।

— GOLD —
EXCHANGE

किसी भी ज्वेलर का पुराना सोना स्वीकार किया जाता है।

साल भर एक्सचेंज।

1,00,000 से ज्यादा डिज़ाइन्स में से चुनिए अपनी पसंद।

32 लाख भारतीयों के साथ जुड़ जाइए और भारत की चमक बढ़ाइए

To locate your nearest store and know more on 8147349242. Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA14 User: cci Time: 01-22-2026 23:11 Color:

मैं दो ओलिंपियंस के परिवार से आता हूं। मुझे पता है कि ओलिंपियन कैसे तैयार किए जाते हैं। मैं ओलिंपिक्स आंदोलन को आगे बढ़ाना चाहता हूं। मैंने 18 ग्रैंडस्लैम जीते और गोल्फ में भी 18 होल हैं, इसलिए इस खेल ने मुझे आकर्षित किया। -लिएंडर पेस, पूर्व टेनिस प्लेयर

54

रन चार ओवर्स के स्पेल में चार बोलर दे चुके हैं भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 इंटरनैशनल मैचों में। ये बोलर हैं हार्दिक पंड्या, हामिश बैनेट, लॉकी फर्ग्युसन, काइल जेमीसन

MEGA स्पोर्ट्स QUIZ

आज के सवालों पर पांच लकी विजेताओं की छपेंगी तस्वीरें

1. भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 इंटरनैशनल में कितने गेंदबाजों ने चार ओवर्स के स्पेल में 54 रन दिए हैं?
A) पांच B) छह C) तीन D) चार

2. लक्ष्य सेन ने किस देश के प्लेयर को हराकर इंडोनेशिया मास्टर्स के प्री-क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई?
A) चीन B) इंडोनेशिया C) हॉन्ग कॉन्ग D) जापान

3. भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टी20I कहां खेला जाएगा?
A) इंदौर B) दिल्ली C) लखनऊ D) रायपुर

कल के जवाब
1. A) अरिना सबालेंका
2. B) इंग्लैंड

लकी विनर्स

1. कुसुम भट्ट, द्वारका, नई दिल्ली
2. बीके वर्मा, गाजियाबाद, यूपी
3. वामचंद जैन, भयंदर, मुंबई

आप अपने जवाब हमें
9319282367
पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। इस Mega स्पोर्ट्स Quiz के 'पांच लकी विनर्स' के नाम, पता और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे।

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

सीरीज़ का दूसरा मैच आज, भारत 1-0 से है आगे
बढ़े हौसले के साथ बढ़त बड़ी करने उतरेगा भारत

■ **एजेंसियां, रायपुर:** पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साह से भरी भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले दूसरे टी20 इंटरनैशनल मैच में अपनी जीत की लय बरकरार रखने के लिए मैदान पर उतरेगी जिसमें टॉप ऑर्डर में संजू सैमसन और ईशान किशन की भूमिका पर निगाहें टिकी रहेंगी। वनडे सीरीज में हार के बाद भारत ने नागपुर में खेले गए पहले टी20 मैच में 48 रन से शानदार जीत हासिल की थी, लेकिन उस मैच में सैमसन और किशन बल्ले से कोई कमाल नहीं दिखा पाए थे। सैमसन हाल में प्लेइंग इलेवन से अंदर-बाहर होते रहे हैं, लेकिन अब अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से पहले उन्हें निश्चित रूप से लंबा मौका मिलेगा।

संजू और ईशान पर निगाहें: सीरीज के पहले मैच में आसानी से अपना विकेट गंवाने वाले सैमसन अपने विभिन्न तरह के शॉट्स का शानदार नमूना पेश करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे, जिनके दम पर उन्होंने सबसे छोटे फॉर्मेट में तीन शतक बनाए हैं। एक और बल्लेबाज जिसे टीम मैनेजमेंट के भरोसे को सही साबित करने की जरूरत है वह हैं किशन, जिन्हें वर्ल्ड कप के लिए टीम में शामिल किया गया है और नागपुर में पहले मैच में श्रेयस अय्यर पर उन्हें प्राथमिकता दी गई थी। कवर पर कैच आउट होने से पहले बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी संक्षिप्त पारी में अच्छा प्रदर्शन किया। भारत के अधिकतर खिलाड़ी शुरू में ही हर गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाने की कोशिश में पूरी ताकत से बल्लेबाजी करते हैं। किशन भी इसी निडर रवैये को जारी रखेंगे और उम्मीद कर सकते हैं कि इसका उन्हें फायदा मिले।

कप्तान ने दिए संकेत: आईसीसी टूर्नामेंट से पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव के फॉर्म पर सबकी नजरें टिकी हुई थीं। भले ही वह कोई बड़ा योगदान नहीं दे सके, लेकिन 22 गेंदों में 32 रन ने उनके आत्मविश्वास को कुछ हद तक जरूर बढ़ाया होगा। पहले टी20 में मिली शानदार जीत से व्यक्तिगत तौर पर सुधार के कई क्षेत्र सामने आए, इसके बावजूद टीम के प्रदर्शन ने वर्ल्ड कप से पहले अपने प्रतिद्वंद्वियों को खतरनाक संकेत दिए हैं, जहां भारत मौजूदा चैंपियन के रूप में उतर रहा है।

ब्राइट बॉल चैलेंज

165 स्ट्राइक रेट है रिंकू सिंह का टी20 इंटरनैशनल में

भारत Vs न्यूजीलैंड
टी20I सीरीज, दूसरा मैच

आमने-सामने
भारत 15 | न्यूजीलैंड 10 | टाई 1 | कुल मैच 26

टेलिकास्ट: शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

संभावित प्लेइंग XI
भारत: अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह
न्यूजीलैंड: टिम रॉबिन्सन, डेवोन कॉन्वे (विकेटकीपर), रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, डेरिल मिचेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), क्रिस्टियन क्लार्क, काइल जेमीसन, ईश सोढ़ी, जैकब डफी

पिच व मौसम
रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनैशनल स्टेडियम की पिच का मिजाज धीमा रहा है। हालांकि यहां भी 190+ का स्कोर संभव है। शुक्रवार को मैच के दौरान मौसम साफ रहने की उम्मीद है।

1 विकेट और लेते ही न्यूजीलैंड के स्पिनर ईश सोढ़ी टी20I फॉर्मेट के टॉप बोलर्स की लिस्ट में नंबर तीन पर पहुंच जाएंगे। उनके नाम 133 टी20I मैच में 158 विकेट हैं

3 भारतीय बोलर्स के नाम टी20I 100 से अधिक विकेट हैं। ये बोलर हैं- अर्शदीप सिंह (111), जसप्रीत बुमराह (103) और हार्दिक पंड्या (102)

190.92
स्ट्राइक रेट से 1199 रन बनाए हैं अभिषेक शर्मा ने अब तक 34 टी20I मैचों में। टी20I में बेस्ट स्ट्राइक रेट वाले बैटर्स में अभिषेक टॉप पर है

'रिंकू इफेक्ट' से मिली टीम को और मजबूती

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

रिंकू सिंह ने फिर दिखाया कि उन्हें दुनिया के बेस्ट फिनिशर में क्यों गिना जाता है। रिंकू ने टी20I के 19वें और 20वें ओवर में रन बरसाने की तकनीक आती है। रिंकू ने अभी तक अपने टी20I करियर में 19वें और 20वें ओवर में 213 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 287.83 रहा है, जो इस दौरान कम से कम 100 रन बनाने वाले बैटर्स के बीच बेस्ट है। रिंकू के बल्ले से इस दौरान 22 सिक्स और 14 फोर निकले हैं। 'रिंकू इफेक्ट' ने वर्ल्ड चैंपियन भारतीय टीम को और मजबूती दी है।

बांग्लादेश अड़ा, मगर ICC से उम्मीद भी

■ **एजेंसियां:** बांग्लादेश ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाते हुए अगले महीने भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम भेजने से इनकार कर दिया। इससे पहले इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने उसकी मैच स्थल बदलने की मांग को खारिज कर दिया था। इस फैसले से स्कॉटलैंड के लिए टूर्नामेंट में बांग्लादेश की जगह लेने का रास्ता साफ हो गया।

टी20 वर्ल्ड कप 2026

बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक के बाद घोषणा की कि ICC का रुख उन्हें स्वीकार्य नहीं है। नजरुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा और स्पष्ट किया कि देश भारत में मैच नहीं खेलेगा। उनके मुताबिक, 'हालांकि हमारे क्रिकेटर्स ने वर्ल्ड कप के लिए क्वॉलिफाई करने के लिए कड़ी मेहनत की है, लेकिन भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा का खतरा अब भी बना हुआ है। यह चिंता किसी काल्पनिक विश्लेषण पर आधारित नहीं है। हम आश्वस्त नहीं हैं कि वे हमारी पूरी टीम, पत्रकारों और दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। हमने अभी उम्मीद नहीं छोड़ी है। हमारी टीम तैयार है। हमें उम्मीद है कि ICC हमारे वास्तविक सुरक्षा जोखिमों पर विचार करके हमें श्रीलंका में खेलने की इजाजत देकर न्याय करेगा।'

भारत में खेलने को तैयार नहीं

SOCIAL MEDIA

बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड होगा शामिल

बड़ा आर्थिक नुकसान!
ICC के आयोजन से हटने पर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को लगभग 325 करोड़ टका (27 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का भारी वित्तीय नुकसान हो सकता है। यह बोर्ड की वार्षिक आय का 60% से अधिक हिस्सा है। इसके अलावा भारत के संभावित बांग्लादेश दौरे के रद्द होने से ब्रॉडकास्ट और स्पॉन्सरशिप रेवेन्यू का भी बड़ा नुकसान होगा।

स्कैम का शिकार हो गए बाबर समेत कई पाकिस्तानी क्रिकेटर!

■ **एजेंसियां, कराची:** पूर्व कप्तान बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और पेसर शाहीन शाह अफरीदी सहित पाकिस्तान के कई टॉप क्रिकेटर कथित तौर पर एक 'पोंजी स्कीम' का शिकार हो गए हैं। इसमें उन्हें करोड़ों रुपये का नुकसान हो सकता है। सूत्रों का कहना है कि यह मामला पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के संज्ञान में आ गया है और बोर्ड इस कथित वित्तीय घोटाले की जांच कर रहा है। सूत्र के अनुसार करीब एक दर्जन मौजूदा खिलाड़ियों (जिनमें फखर जमां, शादाब खान और अन्य खिलाड़ी शामिल हैं) के साथ एक पूर्व टेस्ट कप्तान ने भी एक पाकिस्तानी कारोबारी के पास बड़ी रकम निवेश की थी और अब वह व्यवसायी देश छोड़कर जा चुका है। सूत्र ने कहा, 'वह कारोबारी पाकिस्तान सुपर लीग की कुछ फ्रैंचाइजी को प्रायोजित करने से भी जुड़ा रहा है और उसने शुरुआत में पहले कुछ महीनों तक खिलाड़ियों को मुनाफे का भुगतान किया, लेकिन बाद में उसने भुगतान बंद कर दिया।'

FILE

बाबर आजम

BBL से लौटेंगे आजम: इस बीच बाबर आजम का बिग बैश लीग (BBL) में प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा और वह सिडनी सिक्सर्स के होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले एलिमिनेटर मैच से पहले ही स्वदेश लौट रहे हैं। सिक्सर्स के मैनेजमेंट ने घोषणा की कि बाबर नैशनल टीम के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं के कारण पाकिस्तान लौट रहे हैं।

जोकोविच रेकॉर्ड जीत के साथ तीसरे राउंड में

AP

AO ऑस्ट्रेलियन ओपन

नोवाक जोकोविच

■ **एपी, मेलबर्न:** नोवाक जोकोविच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस के मेंस सिंगल्स के तीसरे राउंड में जगह बना ली है। विमिंस सिंगल्स में मौजूदा चैंपियन मेडिसन कीज भी आगे बढ़ने में सफल रहीं। जोकोविच ने वर्तमान टूर्नामेंट में पहली बार अपनी सर्विस गंवाई, लेकिन इसके बाद उन्होंने कोई चूक नहीं दिखाई और दूसरे दौर के मैच में फ्रांसेस्को मैस्ट्रेली को 6-3, 6-2, 6-2 से पराजित किया। यह ग्रैंडस्लैम सिंगल्स मैच में जोकोविच की 399वीं जीत है। इस तरह से रेकॉर्ड 24 बार के ग्रैंडस्लैम खिताब विजेता को 400 जीत तक पहुंचने वाला पहला खिलाड़ी बनने के लिए अब केवल एक और जीत की जरूरत है।

वावरिंका का कमाल: जोकोविच अगर 25वां ग्रैंडस्लैम जीतने का सपना सच कर पाए, तो वह ओपन युग में सबसे उम्रदराज पुरुष के रूप में ग्रैंडस्लैम सिंगल्स चैंपियनशिप जीतने वाले केन रोजवॉल (जो 1972 में 37 साल के थे) का रेकॉर्ड तोड़ देंगे। स्टैन वावरिंका 40 साल और 310 दिन की उम्र में पहले पुरुष खिलाड़ी बने, जिन्होंने 1978 के रोजवॉल के बाद किसी ग्रैंडस्लैम के तीसरे राउंड में प्रवेश किया। उन्होंने 21 वर्षीय क्वॉलिफायर आर्थर गीया के खिलाफ साढ़े चार घंटे चले मैच में 4-6, 6-3, 3-6, 7-5, 7-6 से जीत दर्ज की।

> मैं अपने प्रतिद्वंद्वी के बारे में ज्यादा नहीं जानता था। उन्हें बड़े मंच पर खेलने का अनुभव भले ही कम हो, लेकिन उनमें बड़े शॉट्स लगाने की क्षमता है।
> -नोवाक जोकोविच

ओसाका, इगा भी जीतीं: यानिक सिनर ने जेम्स डकवर्थ को 6-1, 6-4, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन में तीन बार लगातार जीत का अभियान जारी रखा। विमिंस सिंगल्स में नाओमी ओसाका को सोराना सिर्स्टिआ से कड़ी टक्कर मिली। उन्होंने हालांकि दूसरा सेट गंवाने के बाद अच्छी वापसी करते हुए 6-3, 4-6, 6-2 से जीत दर्ज की। इगा स्वियातेक ने मैरी बौजकोवा को 6-2, 6-3 से हराया। मौजूदा चैंपियन कीज ने अमेरिकी खिलाड़ी एशलिन क्रूगर को 6-1, 7-5 से हराकर तीसरे राउंड में जगह बनाई।

भारत के युकी भांबरी और अमेरिका की निकोल मेलिचर-मार्टिनेज मिक्स्ड डबल्स के पहले राउंड में जर्मनी के टिम पुट्ज और चीन की झांग शुआई की जोड़ी से 6-3, 1-6 (10-6) से हार गए। हालांकि, युकी ने मेंस डबल्स में स्वीडन के आंद्रे गोरानसन के साथ पहले राउंड में ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और क्रून हेविट को 6-3, 6-4 से हराया।

गिल का नहीं खुला खाता, सरफराज ने जमाई सेंचुरी

■ **एजेंसियां, राजकोट:** भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल की रणजी ट्रॉफी में वापसी बेहद निराशाजनक रही। पंजाब का यह खिलाड़ी गुरुवार को सौराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप-बी के मैच में दो गेंदों में खाता खोले बिना आउट हो गया। स्पिनर्स की मददगार पिच पर पंजाब और सौराष्ट्र के बाकी बल्लेबाजों को भी काफी संघर्ष करना पड़ा। गिल को बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ भुट ने एलबीडब्ल्यू के रूप में अपना शिकार बनाया। टीम के अन्य बल्लेबाज भी स्पिनर्स के सामने टिक नहीं सके। पार्थ ने 33 रन देकर पांच विकेट झटके। पंजाब की पहली पारी 139 रन पर सिमट गई। इससे पहले पंजाब ने सौराष्ट्र को 172 रन पर आउट किया था। उधर, हैदराबाद में सरफराज खान ने मुंबई के लिए हैदराबाद के खिलाफ ग्रुप-डी मैच में नाबाद सेंचुरी जड़ी। सरफराज (142* रन, 164 बॉल, 11 फोर, 5 सिक्स) के अलावा सिद्धेश लाड (104 रन, 179 बॉल, 10 फोर, 2 सिक्स) की शतकीय पारी से मुंबई ने पहले दिन 4 विकेट पर 332 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

रणजी का रण

Rama Moorthy P

सरफराज खान ने बनाए 142* रन

दिल्ली में सस्ते में सिमटी: बेंगलुरु में ग्रुप-डी मैच में दिल्ली की टीम आयुष दोसेजा की शतकीय पारी (104 रन, 171 बॉल, 13 फोर) के बावजूद छत्तीसगढ़ के खिलाफ 67.5 ओवर्स में 216 पर सिमट गई। दिल्ली के सात बल्लेबाज दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच सके। छत्तीसगढ़ के लिए देव आदित्य सिंह और सहबान खान ने 3-3 विकेट लिए।

हरियाणा ने दबाव बनाया: हरियाणा के गेंदबाजों ने ग्रुप-सी मैच में असम के खिलाफ पहले दिन दबाव बनाए रखा। अंशुल कंबोज, अमन कुमार और तन्मय बलोदा ने 2-2 विकेट लिए जिसकी कारण असम की टीम 56 ओवर में छह विकेट पर 187 रन ही जुटा सकी।

फटाफट खबरें

नहीं रहे इलियास पाशा
■ **नई दिल्ली:** भारत और ईस्ट बंगाल के पूर्व डिफेंडर इलियास पाशा का लंबी बीमारी के बाद 61 साल की उम्र में निधन हो गया। पाशा ने 1987 को नेहरू कप के दौरान बुल्गारिया के खिलाफ भारत के लिए पदार्पण किया।

टॉप पर रहीं तिलोत्तमा
■ **नई दिल्ली:** तिलोत्तमा सेन ने नैशनल ट्रायल्स में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के टी फाइनल में पहला स्थान हासिल किया। शाहू तुषार माने ने पुरुषों की स्पर्धा में जीत हासिल की जबकि विजयवीर सिद्धू ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टी2 में शीर्ष स्थान हासिल किया।

IGU का आरोप
■ **नई दिल्ली:** भारतीय गोल्फ संघ (IGU) के महानिदेशक मेजर जनरल (रिटायर्ड) विभूति भूषण ने भारतीय ओलिंपिक संघ पर भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि गोल्फ की एकमात्र मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय संस्था होने के नाते IGU ने एशियन गेम्स के लिए गोल्फर्स की लिस्ट पहले ही भेज दी है।

गुकेश की पहली जीत, एरिगैसी हारे

■ **एजेंसियां, विज्क आन जी:** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने लगातार चार ड्रॉ के बाद टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट के पांचवें राउंड में चेक रिपब्लिक के थाई दाई वान गुयेन को हराकर पहली जीत दर्ज की। वहीं, अर्जुन एरिगैसी को स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव के हाथों चौंकाने वाली हार झेलनी पड़ी जिससे उन्होंने संयुक्त बढ़त गंवा दी। गुकेश काले मोहरों से 51 चाल में जीतकर चौथे नंबर पर पहुंच गए।

टाटा स्टील चेस मास्टर्स

SOCIAL MEDIA

डी गुकेश

तीन हार के बाद जायंट्स जीता

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सोफी डिवाइन (50 रन, 2/16), राजेश्वरी गायकवाड़ (3/16) और रेणुका सिंह ठाकुर (2/20) के संयुक्त प्रयास की बदौलत गुजरात जायंट्स ने विमिंस प्रीमियर लीग के मैच में यूपी वॉरियर्ज को 45 रन से हरा दिया। यह जायंट्स की लगातार तीन हार के बाद पहली जीत है। इससे पूर्व, उन्होंने सीजन की शुरुआत दो जीत से की थी। इस जीत के सहारे जायंट्स पांचवें और आखिरी स्थान से छलांग लगाकर अंक तालिका में सीधे दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। वडोदरा में हुए इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए जायंट्स ने 153/8 का स्कोर बनाया। उनकी ओर से बेथ मूनी (38 रन) और डिवाइन ने जुझारू पारी खेली। वॉरियर्ज के लिए क्रांति गौड़ और सोफी एक्लेस्टोन ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में वॉरियर्ज टीम 17.3 ओवर्स में 108 रनों पर ऑल आउट हो गई।

विमिंस प्रीमियर लीग (WPL)

SOCIAL MEDIA

जायंट्स की सोफी डिवाइन

आखिरी मैच में बड़ी जीत का फायदा नहीं हुआ सूरमा को

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब ने मेंस हॉकी इंडिया लीग के लीग स्टेज के आखिरी मुकाबले में भुवनेश्वर में एसजी पाइपर्स को 6-1 से करारी शिकस्त दी। इस बड़ी जीत के बावजूद टीम प्लेऑफ में जगह बनाने से चूक गई। सूरमा को क्वॉलिफिकेशन के लिए पाइपर्स के खिलाफ कम से कम छह गोल के अंतर से जीत दर्ज करनी थी ताकि वह अंक और गोल अंतर में HIL GC के बराबर पहुंचकर ज्यादा फील्ड गोल के आधार पर आगे बढ़ सके। मैच में सूरमा ने शुरू से दबदबा बनाए रखा। जेरेमी हेवर्ड ने चार गोल दागकर जीत की नींव रखी।

हॉकी इंडिया लीग

SOCIAL MEDIA

सूरमा के जेरेमी हेवर्ड

टॉप-5 क्लब बेहतर स्थिति में

■ **एपी, मैनचेस्टर:** इंग्लिश प्रीमियर लीग की टीमें चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर रही हैं और इंग्लैंड के टॉप-5 क्लब अंतिम-16 में पहुंचने की स्थिति में हैं। आर्सेनल पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है और उसने पहले ही अगले राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली है, जबकि लिवरपूल, न्यूकैसल और चेल्सी की जीत ने उन्हें लीग स्टेज का एक मैच शेष रहते हुए अगले राउंड में खुद जगह बनाने की स्थिति में पहुंचा दिया है। टॉटनहम पांचवें पर है, जबकि मैनचेस्टर सिटी प्लेऑफ में जगह बनाने की स्थिति में है।

मार्सिले में 3-0 से जीत के बाद लिवरपूल चौथे स्थान पर है। न्यूकैसल ने पीएसवी आइंडहोवन को इसी अंतर से हराया। बायर्न म्यूनिख दूसरे स्थान पर है और आर्सेनल के साथ अंतिम 16 में पहुंच गया है। उसने हैरी केन के दो गोल की मदद से यूनियन सेंट-गिलोइस को 2-0 से हराया।

चैंपियंस लीग फुटबॉल



हैरी केन ने दागे दो गोल

सिंधु और लक्ष्य ने बनाई क्वॉर्टर फाइनल में जगह

■ **एजेंसियां, जकार्ता:** पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वॉर्टर फाइनल में जगह बना ली है। लक्ष्य ने हॉन्ग कॉन्ग के जेसन गुनावन को 21-10, 21-11 से हराया। किदांबी श्रीकांत प्री-क्वॉर्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चाउ तिएन चेन से 11-21 10-21 से हार गए। अनमोल खरब विमिंस सिंगल्स में नोजोमी ओकुहारा से 21-16, 14-21, 11-21 से हार गईं। सिंधु ने अपने प्री-क्वॉर्टर फाइनल मैच में डेनमार्क की अपनी जानी-पहचानी प्रतिद्वंद्वी लाइन होजमार्क कजेरफेल्ड पर 21-19, 21-18 से जीत दर्ज की। यह मैच 43 मिनट तक चला।

इंडोनेशिया मास्टर्स स्लैम



SOCIAL MEDIA

भारत के लक्ष्य सेन

12 राशियां और आपका दिन

ARIES (21 Mar - 19 Apr)
आज के दिन आपको राजनीतिक सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतें। आज के दिन वाणी पर संयम रखना जरूरी है। विजनेस में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। काम की अधिकता के चलते व्यस्त रहेंगे। किसी भी विवाद में उलझना ठीक नहीं। आज के दिन आपके विरोधी परास्त होंगे।

TAURUS (20 Apr - 19 May)
राशि से द्वितीय भाव में बृहस्पति का अशुभ योग वाणी मनोमालिन्य कारक है, तो भी आपका दांपत्य जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में आपकी वृद्धि होगी। शारीरिक कष्टों के चलते परेशान रहेंगे। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन शुभ है। परीक्षा की दिशा में किया गया उनका श्रम सार्थक होगा।

GEMINI (21 May - 21 Jun)
आज कुंभ राशि का चंद्रमा आपके पराक्रम की वृद्धि कर रहा है। कार्यक्षेत्र में आपकी सफलता से शत्रु ईर्ष्या करेंगे। आपका पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। सत्ता का सहयोग रहेगा। रुका हुआ कार्य संपन्न होगा। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी की संभावना है। फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें।

CANCER (22 Jun - 22 July)
राशि स्वामी चंद्रमा अष्टम भाव में संचार कर रहा है। यह किसी अतिरिक्त को जन्म दे सकता है। व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कार्यक्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। आज सायंकाल के समय परिवार के साथ कहीं बाहर घूमने का प्लान किया जा सकता है।

LEO (23 July - 22 Aug)
आज कुंभ राशि पर चंद्रमा सप्तम का और प्रथम भाव में सिंह राशिगत केतु अभिष्ट सिद्धि कारक है। सुखोपभोगी वस्तुओं की वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से या घर पर किसी रिश्तेदार के कारण तनाव मिल सकता है। रुपए-पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा।

VIRGO (23 Aug - 22 Sep)
आज आपकी राशि से द्वादश केतु सप्तम राहु योग बना हुआ है। अतः आप कुछ विशेष कर दिखाने की जल्दबाजी में रहेंगे। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खान-पान में संयम बरतें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा।

LIBRA (23 Sep - 22 Oct)
राशि पर चलन कर का चंद्रमा एकादश भाव में केतु आज आपके पुरुषार्थ और पराक्रम की वृद्धि करेगा। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है। आर्थिक दिशा में किए गए प्रयास सफल होंगे। खान-पान पर संयम रखें, अन्यथा आगे चलकर सेहत संबंधी कष्ट उठाने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। समाज में आपका मान-सम्मान भी बढ़ेगा।

SCORPIO (23 Oct - 21 Nov)
राशि का स्वामी कुंभ राशि का होकर चतुर्थ भाव में पुराने रोग-ऋण से छुटकारा दिलाएगा। व्यावसायिक दिशा में सफलता मिलेगी। आज के दिन खान-पान में सावधानी बरतें। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में किए गए प्रयासों में आपको सफलता मिलेगी।

SAGITTARIUS (22 Nov - 21 Dec)
आज के दिन अपने करीबियों से सावधान रहें। दोपहर के समय किसी अपने से तिरस्कार मिल सकता है। हालांकि आर्थिक दिशा में आज आपको सफलता मिलेगी। वाणी की सौम्यता आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खान-पान में संयम बरतें।

CAPRICORN (22 Dec - 19 Jan)
आपकी राशि पर तृतीय शनि षष्टम गुरु का प्रभाव है। कार्यक्षेत्र की दिशा में सफलता मिलेगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। दोपहर के समय अनावश्यक खर्च करने पड़ेंगे। दूसरों से सहयोग लेने में सफल होंगे। यात्रा-देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। सायंकाल में प्रियजन से भेंट संभव है।

AQUARIUS (20 Jan - 18 Feb)
राजनीतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपके कार्य कौशल की प्रशंसा होगी। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप की संभावना है। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। विवाद व तू-तू की बात भी आज के दिन संभव है।

PISCES (19 Feb - 20 Mar)
आज आपकी राशि से चंद्रमा द्वादश लक्ष्मी विजय कारक है। पुराने झगड़े-झंझटों से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक योजनाएं फलीभूत होंगी। किसी अपने से उपहार मिलने की संभावना है। संतान पक्ष से आपको सुखद समाचार भी मिलेगा, जिससे आपका मान-सम्मान भी बढ़ेगा। किसी कार्य के संपन्न होने से आपके आपको हर्ष होगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष स्वर्ण पाद में प्रवेश हो रहा है। इस वर्ष मंगल और शुक्र मिश्रित फलदायक हैं। इस वर्ष में आपके विशेष कार्य बनेंगे। आप जिस भी काम को पूरी ईमानदारी से करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। राशि का स्वामी बृहस्पति मिथुन राशि पर और अधिकारी का स्वामी मंगल भी उच्च का है। जनवरी शेष से फरवरी महीने की शुरुआत तक प्रतियोगिताओं में विजय से मन प्रसन्न होगा। कहीं से रुका हुआ धन आपको प्राप्त होगा। मार्च महीने की शुरुआत से लेकर अप्रैल महीने के अंत तक में स्पष्ट विचारधाराओं का सुखमय परिणाम श्रेष्ठ होगा। मई माह से लेकर जून महीने के अंत तक में समय के स्वरूप को समझकर कार्य करें, जरा सी भी असावधानी आर्थिक और आरोग्यता का कारण बन सकती है। जुलाई महीने में नियमित कार्यक्रमों में परिवर्तन से वांछित सिद्धि होगी। अगस्त से सितंबर में किसी महत्वाकांक्षी की योजना भी बनेगी। इस दौरान आप कहीं घूमने भी जा सकते हैं। अक्टूबर में सभी कार्य कठिन परिश्रम और कुछ अधिक व्यय करने से बन जाएंगे। नवंबर से दिसंबर में अपने ज्ञान व मनोरंजन पर व्यय करना सुखद सिद्ध होगा। महिलाओं के लिए आने वाला यह वर्ष दांपत्य सुख कारक एवं विद्यार्थियों के लिए उच्च सफलता कारक सिद्ध होगा।
-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(शनिवार, 24 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 4, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, षष्ठी, सोमवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 11, शाबान 4, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 24 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल प्रातः 9 बजे से 10 बजकर 30 मिनट तक। षष्ठी तिथि अर्धरात्रोत्तर 12 बजकर 40 मिनट तक उपरांत सप्तमी तिथि का आरंभ। उत्तराभाद्रपद नक्षत्र अपराह्न 2 बजकर 16 मिनट तक उपरांत रेवती नक्षत्र का आरंभ। शिव योग अपराह्न 2 बजकर 2 मिनट तक उपरांत सिद्ध योग का आरंभ। कौलव करण अपराह्न 1 बजकर 14 मिनट तक उपरांत गर करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात मीन राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार अचला षष्ठी, श्री षष्ठी, सरस्वती-लक्ष्मी पूजन।

सुडोकू

			7		3			
1		6						
4	2		5	1		3		
	5			2		4		1
	4			9			5	
6		1		7			8	
		8		3	9		4	7
						9		5
			6		4			

TELEVISION

big magic

09:00 हप्पू हप्पू	14:30 हम पांच
10:00 कद्दूम कुद्दक	15:00 अजब देश की गजब कहानी
11:00 रुद्र के रक्षक	16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
11:30 अलादीन	19:30 रुद्र के रक्षक
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्ण	21:00 वीरा
13:30 भ से भड़े	

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMA15 User: cci Time: 01-22-2026 23:19 Color:



NBT AI टाइम मशीन

आज देश मना रहा नेताजी की जयंती

आज देश महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मना रहा है। 1897 में जन्मे नेताजी ने 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' के मंत्र से राष्ट्र में प्राण फूंके। उन्होंने 'आजाद हिंद फौज' का गठन कर ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दी। उनका अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्रोत है।

भारत की संप्रभुता होगी और मजबूत

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारत की अखंडता और संप्रभुता और मजबूत होगी। भविष्य में संप्रभुता सिर्फ सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता, तकनीकी नियंत्रण, डेटा सुरक्षा और सामाजिक एकता से तय होगी। अगर लोकतांत्रिक संस्थाएं मजबूत रहीं, संघीय संतुलन बना रहा और विविधता को ताकत के रूप में स्वीकार किया गया, तो भारत वैश्विक दबावों से ऊपर उठकर नियम तय करने वाला और सशक्त संप्रभु राष्ट्र बनेगा।



AI Images

दुनियाभर के झगड़े सुलझाने के मकसद से दावोस में 'बोर्ड ऑफ पीस' की शुरुआत

ट्रंप ने दी सफाई- 'यूएन संग मिलकर करेंगे काम'

AP

■ एपी, दावोस (स्विट्ज़रलैंड)

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने स्विट्जरलैंड के दावोस से गुरुवार को 'बोर्ड ऑफ पीस' (Board of Peace) की औपचारिक शुरुआत की। इस बोर्ड का शुरुआती मकसद गाजा में हुए युद्धविराम समझौते को मजबूत करना है, लेकिन ट्रंप इसे आगे चलकर वैश्विक चुनौतियों से निपटने वाले मंच के रूप में देख रहे हैं। इसी वजह से कुछ देशों में आशंका उभरी कि कहीं ट्रंप की यह संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को कमजोर न कर दे। हालांकि ट्रंप ने कहा कि अमेरिका आगे चलकर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) समेत अन्य संस्थाओं के साथ भी मिलकर काम करेगा। हालांकि उन्होंने यह साफ नहीं किया कि बोर्ड संयुक्त राष्ट्र के साथ किस तरह सहयोग करेगा।

> **US पर हमला तो भरोसा नहीं नाटो रक्षा को आएगा**

ट्रंप प्रशासन ने इस बोर्ड में शामिल होने के लिए 60 देशों को न्योता भेजा था, लेकिन पाकिस्तान, सऊदी अरब, कतर, UAE, जैसे 20 देश ही मौजूद रहे। भारत से कोई शामिल नहीं हुआ। अमेरिका के सहयोगी माने जाने वाले ज्यादातर यूरोपीय देश भी इस समारोह से गायब रहे। ट्रंप ने कहा कि एक बार जब यह बोर्ड पूरी तरह से बन जाएगा, तो हम कुछ भी कर सकते हैं। इसका दायरा गाजा से आगे बढ़कर दुनिया के अन्य हिस्सों तक जाएगा। गाजा पर ट्रंप ने कहा कि हमास को हथियार छोड़ने होंगे, नहीं तो यह फलस्तीनी आंदोलन का अंत होगा।

एक नज़र में 'बोर्ड ऑफ पीस'

मकसद
शुरुआती मकसद गाजा में युद्धविराम को मजबूत करना, आगे चलकर यह अन्य वैश्विक विवादों में भी भूमिका निभाने की बात करता है।

35 देशों की सहमति
35 देशों ने इस पीस बोर्ड से जुड़ने की सहमति दी है, ट्रंप प्रशासन से 60 से ज्यादा देशों को भेजा गया है न्योता, रूस ने कहा कि हम विचार कर रहे हैं।

20 देश मौजूद रहे
अर्जेंटीना, आर्मेनिया, हंगरी, अजरबैजान, बहरीन, बुल्गारिया, इंडोनेशिया, UAE, जॉर्डन, कजाकिस्तान, कतर, कोसोवो, मंगोलिया, मोरक्को, पाकिस्तान, पराग्वे, सऊदी अरब, तुर्किये, उज्बेकिस्तान

> संयुक्त राष्ट्र की भागीदारी गाजा शांति योजना को लागू करने तक ही सीमित रहेगी। *-UN ने कहा*

भारत समेत ये देश दूर रहे
फ्रांस, स्वीडन और नॉर्वे ने साफ इनकार किया, ब्रिटेन ने दूरी बनाई, चीन का रुख साफ नहीं, भारत का कोई प्रतिनिधि समारोह में नहीं रहा, स्थायी सदस्यता के लिए 1 अरब डॉलर (9000 करोड़) देने होंगे।

रूस-यूक्रेन-US की बातचीत आज से

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से बैठक के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका, रूस और यूक्रेन की त्रिपक्षीय बातचीत शुक्रवार से यूएई में होगी। उन्होंने दावा किया कि यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर अमेरिका से समझौता हो गया है, जिससे कि संघर्षविराम के बाद रूस से नए हमले रोके जा सकें। जेलेंस्की ने कहा कि यूरोप अब भी कार्रवाई से बच रहा है और बयानबाजी तक सीमित है। इससे पहले ट्रंप ने गुरुवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात के बाद कहा कि यूक्रेन युद्ध का अंत होना चाहिए। ट्रंप ने कहा कि ईरान बातचीत करना चाहता है।

यूरोपीय देशों पर टैरिफ से पीछे हटे ट्रंप, ईयू से नरमी के संकेत

■ एपी, दावोस (स्विट्ज़रलैंड)

ग्रीनलैंड के मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप यूरोपीय देशों पर 10% टैरिफ लगाने से पीछे हट गए हैं। पहले 8 यूरोपीय देशों पर ये टैरिफ 1 फरवरी से लगने थे। ट्रंप ने बुधवार को कहा कि NATO चीफ जनरल मार्क रुट के साथ बातचीत के बाद मैंने यह फैसला लिया है। सोशल मीडिया पर ट्रंप ने लिखा कि NATO चीफ के साथ ग्रीनलैंड पर होने वाले समझौते की बुनियादी बातें तय हो गई हैं। अगर यह समझौता पूरा होता है, तो यह अमेरिका और NATO के सभी देशों के लिए फायदेमंद होगा।

> **कहा, 8 यूरोपीय देशों पर 10% टैरिफ नहीं लगाएंगे**

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका, नाटो और अन्य देश मिलकर पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा पर काम करेंगे, जिसमें ग्रीनलैंड भी शामिल रहेगा। हालांकि ट्रंप ने इस समझौते की पूरी जानकारी नहीं दी। उन्होंने कहा कि मामला थोड़ा मुश्किल है और पूरी जानकारी बाद में दी जाएगी।

नाटो ने भी ट्रंप संग बैठक को 'बेहद सार्थक' बताया और कहा कि ट्रंप ने जिस फ्रेमवर्क का जिक्र किया है, उस पर होने वाली चर्चाएं आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा पर केंद्रित होंगी।

सूत्रों ने बताया कि इस समझौते में अमेरिका के ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण या मालिकाना हक में लेने की कोई बात नहीं है। इससे पहले ट्रंप ने वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम के मंच से कहा था कि ग्रीनलैंड पर अमेरिकी नियंत्रण के लिए हम 'सैन्य बल का इस्तेमाल' नहीं करेंगे, लेकिन इस क्षेत्र के स्वामित्व को सुनिश्चित करने के लिए बातचीत चाहते हैं।

तनाव कम करने के संकेत

ट्रंप की टैरिफ धमकी वापस लेने के बाद यूरोपीय संघ (ईयू) ने अमेरिका के खिलाफ जवाबी उपाय (Anti-Coercive Measures) फिलहाल न लागू करने का फैसला किया है। एक ईयू राजनयिक ने कहा, यूरोपीय संघ और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर काम नहीं रुकेगा।

ग्रीनलैंड: इन पर सहमति का दावा

- ग्रीनलैंड और पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा NATO और अमेरिका मिलकर करेंगे।
- अमेरिका को ग्रीनलैंड में कुछ सीमित इलाकों में सैन्य ठिकाने बनाने की अनुमति मिलेगी।
- इन ठिकानों का इस्तेमाल जमीन, समुद्र, हवा- तीनों मोर्चों पर निगरानी और रक्षा के लिए होगा।
- ग्रीनलैंड के खनिज संसाधनों पर अमेरिका से साझेदारी की जाएगी।
- स्पेस में हथियार तैनाती की अमेरिकी योजना 'गोल्डन डोम' में नाटो मदद करेगा।
- रूस और चीन को इस इलाके में आर्थिक या सैन्य पकड़ बनाने से रोका जाएगा।



डेनमार्क ने कहा...

'सुरक्षा पर बात करने को तैयार, लेकिन संप्रभुता से समझौता नहीं'

■ एपी, कोपेनहेगन: ट्रंप के समझौते वाले दावे के बीच डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिक्सन (Mette Frederiksen) ने गुरुवार को साफ कहा कि हमारा देश संप्रभुता यानी देश के अधिकारों पर कोई बातचीत नहीं करेगा। आर्कटिक की सुरक्षा नाटो का मामला है। इस पर चर्चा होना स्वाभाविक है। मेरी नाटो महासचिव मार्क रुट से लगातार बात हुई है। उन्होंने साफ किया कि सुरक्षा और निवेश पर बात हो सकती है, लेकिन देश की संप्रभुता पर समझौता नहीं होगा। मुझे बताया गया है कि ऐसा कोई समझौता नहीं हुआ है।

मेटे फ्रेडरिक्सन

डेनमार्क के लोगों ने छेड़ा डिजिटल वॉर: ट्रंप के खिलाफ डेनमार्क में लोगों ने गुस्सा निकालने के लिए ऐप स्टोर को जरिया बनाया है। वहां ऐसे मोबाइल ऐप्स की डिमांड बढ़ गई है, जो अमेरिकी चीजों को पहचान कर उनके बॉयकॉट में मदद करते हैं। ये 'NonUSA' (UdenUSA) और 'Made O'Meter' ऐप हैं।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने 'बोर्ड ऑफ पीस' की औपचारिक शुरुआत किस शहर से की है?
A) वॉशिंगटन B) लंदन C) दावोस
2. भारत में खेलने से इनकार पर कौन-सा पड़ोसी देश T20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के कगार पर?
A) बांग्लादेश B) पाकिस्तान C) श्रीलंका
3. धार-भोजशाला भारत के किस प्रदेश में है, जहां बसंत पंचमी पर पहले पूजा, फिर नमाज होगी??
A) मध्य प्रदेश B) उत्तर प्रदेश C) हरियाणा
4. पूर्वोत्तर का कौन-सा राज्य मैतेई और कुकी के बीच जातीय हिंसा से जूझ रहा है?
A) अरुणाचल प्रदेश B) सिक्किम C) मणिपुर
5. ट्रंप से ग्रीनलैंड पर लोहा ले रहीं डेनमार्क की पीएम का नाम क्या है?
A) जॉर्जिया मेलोनी B) मेटे फ्रेडरिक्सन C) साने ताकायची

कल के जवाब
A1 A. ज्योतिरादित्य A2 B. 2030-31 तक A3 C. ग्रास मार्शल A4 A. CEO A5 B. नृत्य गोपाल दास

लकी विनर्स

1. कुसुम भट्ट, द्वारका नई दिल्ली
2. मनोज सक्सेना, गाजियाबाद
3. यशस्वी चौधरी, नई दिल्ली

ऐसे भेजें अपने जवाब
अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

क्रोएशिया में दूतावास में घुसपैठ, भारत नाराज़

■ पीटीआई, नई दिल्ली

भारत ने क्रोएशिया की राजधानी जगरेब (Zagreb) स्थित भारतीय दूतावास में घुसपैठ और तोड़फोड़ की घटना को बहुत ही गंभीरता से लिया है। विदेश मंत्रालय ने वहां की सरकार से कहा है कि इन घटनाओं में शामिल भारत-विरोधी तत्वों से सख्ती से निपटा जाए। वियेना कन्वेंशन के तहत यह उनकी जिम्मेदारी है।



अलगाववादी संगठन सिख्स फॉर जस्टिस (SFJ) का दावा है कि यूरोपीय देश क्रोएशिया में उसने अपना झंडा फहराया। दूतावास के बोर्ड को स्प्रे पेंट से खराब किया गया। अलगाववादी नारे लिखे गए। धमकी दी कि 26 जनवरी को दिल्ली निशाने पर है। हालांकि, इस घटना की तारीख पर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

दि वि वि आ
DERC

दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग
विनियामक भवन, सी-ब्लॉक, शिवालिक, मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017
वेबसाइट: www.derc.gov.in टेलीफोन 41000417

सार्वजनिक सूचना

दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (ओपन एक्सेस के लिए नियम और शर्तें) (द्वितीय संशोधन) विनियम, 2025 के मसौदे पर सुझाव/ टिप्पणियाँ/ आपत्तियाँ आमंत्रित हेतु

1. एतद् द्वारा, विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 181 के साथ पठित धारा 39, 40, 42 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग "दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (ओपन एक्सेस के लिए नियम और शर्तें) विनियम, 2005" में संशोधन करने का प्रस्ताव करता है (इसके बाद इसे "मूल विनियम" कहा जाएगा)।
2. उक्त दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (ओपन एक्सेस के लिए नियम और शर्तें) (द्वितीय संशोधन) विनियम, 2025 का मसौदा आयोग की वेबसाइट www.derc.gov.in पर उपलब्ध है।
3. हितधारकों से अनुरोध है कि उक्त दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (ओपन एक्सेस के लिए नियम और शर्तें) (द्वितीय संशोधन) विनियम, 2026 के मसौदे पर अपनी सुझाव/ टिप्पणियाँ/ आपत्तियाँ आयोग को 12/02/2026 को सायं 5.00 बजे तक अग्रेषित करें। सुझाव/ टिप्पणियाँ/ आपत्तियाँ सचिव, डीईआरसी को डाक द्वारा या ईमेल के माध्यम से secyderc@nic.in पर प्रेषित किया जा सकता है।

दिनांक : 23/01/2026

संयुक्त निदेशक (पीएस एंड ई)
दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग
DIP/Shabdarth/Classified/0411/25-26

आवश्यक सूचना

प्रमाणन प्राधिकारी नियंत्रक कार्यालय, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, नई दिल्ली द्वारा प्रोद्योगिकी / इंजीनियरिंग में डिग्री एवं डिप्लोमा धारकों से एक वर्ष की अप्रेन्टिसशिप के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। सूचित किया जाता है कि अप्रेन्टिसशिप के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को 31 जनवरी, 2026 तक बढ़ा दिया गया है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय की वेबसाइट www.cca.gov.in को देखा जा सकता है।

CBC 06108/11/0002/2526

उत्तर मध्य रेलवे

सूचना सं.: एनसीआर-पी.आर.वाई.जे.वाणिज्य/एस.एफ.एम./2025 दिनांक: 20.01.2026

अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)

रेलवे स्टेशनों पर वाणिज्यिक स्थान के सर्वोत्तम उपयोग हेतु परामर्शदाताओं की नियुक्ति के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)

प्रयागराज मंडल, उत्तर मध्य रेलवे प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध वाणिज्यिक स्थान के सर्वोत्तम उपयोग हेतु परामर्श सेवाएँ प्रदान करने के लिए इच्छुक परामर्श फर्मों/एजेंसियों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest-EOI) आमंत्रित करता है। यह परामर्श कार्य प्रयागराज मंडल के अंतर्गत निम्नलिखित प्रमुख रेलवे स्टेशनों के लिए होगा, जिनमें-प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, विंध्याचल, सुबेदारगंज, फतेहपुर, गोविंदपुरी, कानपुर अनवरगंज, फफूंद, फिरोजाबाद, इटावा, टूंडला, अलीगढ़, खुर्जा तथा दादरी रेलवे स्टेशन शामिल हैं। इच्छुक एजेंसियाँ/व्यक्ति ईओआई दस्तावेजों के अनुसार आवश्यक समस्त विवरण सहित विधिवत भरा हुआ आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 12.02.2026 को अपराह्न 15:00 बजे तक है। विस्तृत सूचना एवं सहभागिता संबंधी दिशा-निर्देशों के लिए कृपया आधिकारिक वेबसाइट www.ncr.indianrailways.gov.in पर अवलोकन करें। 157/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

CUB
सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड
क्रेडिट निगरानी और प्रवर्तन विभाग
प्रशासनिक कार्यालय: नं. 24-बी, गांधी नगर, कुंभकोणम - 612 001. ई-मेल आईडी: crmd@cityunionbank.in, टेलीफोन: 0435-2432322, फैक्स: 0435-2431746

सरफेसी (SARFAESI) अधिनियम 2002 के तहत निविदा-सह-नीलामी बिक्री सूचना

आरक्षित मूल्य: 2,32,00,000/- रुपये (दो करोड़ बत्तीस लाख रुपये मात्र)

नीलामी की तारीख: 02-03-2026

स्थान: सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड, नई दिल्ली-मधुर विहार शाखा

स्थान: कुंभकोणम, तिथि : 21-01-2026 — प्राधिकृत अधिकारी

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
टावर-एफ, वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029
TRAI

ओपन हाउस चर्चा

CBC 06202/12/0065/2526

GMR
Delhi International Airport Limited
Registered Office: New Udaan Bhawan, Opp. Terminal 3, Indira Gandhi International Airport, New Delhi - 110 037
CIN NO. U63033DL2006PLC146936

INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST/PREQUALIFICATION

RCC Shell & Core Works for Construction of Multistorey Building at GMR Aerocity, IGI Airport, New Delhi- 110037

Delhi International Airport Limited ("DIAL") invites submission of Expression of Interest ("EOI") from interested parties for undertaking RCC Shell & Core works for multistorey Building (4B+G+9) of approx. 1,46,000 Sqm construction area at GMR Aerocity, IGI Airport, Delhi-110037. The RCC Shell & Core works, which includes part excavation and part shoring needs to be completed within 24 (Twenty four) months. The details can be accessed at www.newdelhiairport.in/rfp/rcc-shell.

उत्तर प्रदेश सरकार
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
तृतीय मण्डल, सिंचाई कार्य, आगरा।
139, मॉल रोड, प्रतापपुरा, आगरा-282001
दूरभाष संख्या-0562-2466928
NIC Email- seiwc3idupag-up@nic.in

Office of The Superintending Engineer
3rd Circle, Irrigation Works, Agra
139, Mall Road, Pratappura, Agra
Department Website: www.idup.gov.in
G-Mail - se3circleagra@gmail.com

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-11/एस0ई0/2025-2026

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें (https://etender.up.nic.in) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 09.02.2026 अपराह्न 01.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/ टेक्निकल बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में गठित समिति के सदस्यों द्वारा दिनांक 09.02.2026 को अपराह्न 03.00 बजे खोली जायेगी। प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड में क्वालिफाइड पाये गये ठेकेदारों की ही फाइनेन्शियल बिड खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में यह निविदायें अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। निविदा दिनांक 24.01.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से दिनांक 09.02.2026 को अपराह्न 01.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। कार्यों का विवरण निम्नवत् है:-

क्र0 सं0	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य+ 18% GST (रुपये में)	पंजीकरण श्रेणी	खण्ड का नाम
1	2	3	4	5	6	7	
1	हरियाणा राज्य में आगरा नहर के बॉयी तरफ सिंचाई विभाग की राजकीय भूमि की सुरक्षा हेतु बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य।	409.00	8.18	08 माह	4500.00+ 810 =5310.00	'ए' एवं उच्चतर	हैड वर्क्स खण्ड, आगरा नहर, ओखला

विस्तृत निविदा सूचना का विवरण एवं नियम व शर्ते उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट (http//:upgovt.up.nic/infotech) तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट (http//:www.idup.gov.in) पर उपलब्ध है।

अधीक्षण अभियन्ता,
तृतीय मण्डल, सिंचाई कार्य, आगरा
UPID-244307/21.01.2026 www.upgov.nic.in

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना सं0 07/2026

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर
UNOD.../डब्लू-422
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

गुमशुदा/अपहृत की तलाश

सपना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दर्शायी गई) जिसका नाम सपना पुत्री काशी प्रसाद निवासी बी-7/196, सेक्टर-17, रोहिणी, दिल्ली जो दिनांक 16.01.2026 को दोपहर 12:10 बजे से अपने घर से लापता है। इस संदर्भ में एक एफआईआर नं./डीडी नं. 80ए, दिनांक 16.01.2026 थाना केएन कटजू मार्ग, दिल्ली में दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस लड़की का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:-

लिंग: महिला, आयु: 23 वर्ष, कद: 4' 5" फीट, रंग: सांवला, चेहरा: अंडाकार, शरीर: सामान्य, पहनावा: बैंगनी रंग का सूट व सलवार और बैंगनी रंग की जैकिट पहने हुए है।

अगर किसी को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:-

थाना प्रभारी
थाना: के.एन.के. मार्ग, दिल्ली
फोन: 011-27571171
मोबाइल: 8750870327, 8800918190

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ई-मेल: cic@cbi.gov.in
टेली. न.: 011-24368638/24368641
फैक्स नं.: 011-24368639

DP/816/RD/2026

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 01-22-2026 22:01 Color:

16 नॉमिनेशन से 'सिनर्स' ने रचा इतिहास

फिल्म 'सिनर्स' ने ऑस्कर में 14 नॉमिनेशन का पिछला रेकॉर्ड तोड़ा।

■ एपी, लॉस ऐंजलिस (अमेरिका)

'ऑस्कर 2026' में माइकल बी. जॉर्डन स्टारर हॉरर फिल्म 'सिनर्स' (Sinners) ने 16 नॉमिनेशन हासिल कर इतिहास रचा है। डायरेक्टर Ryan Coogler की इस फिल्म ने 14 नॉमिनेशन का पुराना रेकॉर्ड तोड़ दिया, जो इससे पहले All About Eve, Titanic और La La Land के नाम थे। 'सिनर्स' को बेस्ट पिक्चर, कूगलर को बेस्ट डायरेक्टर और बेस्ट स्क्रीनप्ले के लिए नॉमिनेशन मिला है। 'सिनर्स' 15 मार्च को होने वाले ऑस्कर सेरेमनी में फ्रंट-रनर है। 'वन बैटल आफ्टर अनदर' (One Battle After Another) को 13 नॉमिनेशन मिले हैं। बेस्ट इंटरनैशनल फीचर फिल्म कैटिगरी में भारत की होमबाउंड (Homebound) बाहर हो गई है। इस फिल्म से सभी भारतीयों को काफी उम्मीदें थीं।

ऑस्कर से भारत की एंट्री 'होमबाउंड' बाहर, सपना टूटा

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAFL1 User: cci Time: 01-22-2026 23:14 Color:

NB नवभारत

यह अनोखी पहल है। पीस बोर्ड UN के साथ मिलकर युद्धों को सुलझाने में मदद कर सकता है।
-डॉनल्ड ट्रंप, प्रेजिडेंट, अमेरिका

क्या है घोषणा-पत्र में

पीस बोर्ड को गाजा और उसके बाहर शांति और स्थिरता लाने के लिए नए अंतरराष्ट्रीय संस्था के रूप में पेश किया जा रहा है। घोषणा-पत्र में कहा गया है कि यह संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों में स्थिरता, विश्वसनीय शासन और स्थायी शांति लाने की कोशिश करेगा।

अमेरिका ने गाज़ा पीस बोर्ड शुरू किया

गाज़ा पर ट्रंप ने बिछाई शांति की बिसात

■ पीटीआई, नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने गाज़ा में स्थायी शांति के लिए पीस बोर्ड की शुरुआत की। गुरुवार को स्विट्जरलैंड के दावोस में ट्रंप ने वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम से इतर इस समारोह की मेजबानी की। उन्होंने बोर्ड को दुनिया के लिए बेहद अनोखी पहल बताया। बोर्ड के घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर के लिए हुए समारोह में ट्रंप ने कहा, 'यह बोर्ड संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर न केवल पश्चिम एशिया में बल्कि दूसरी जगहों पर भी युद्धों को सुलझाने में मदद कर सकता है।' भारत के अलावा फ्रांस, ब्रिटेन, चीन, जर्मनी और कई दूसरे प्रमुख देश न्योते के बावजूद समारोह में मौजूद नहीं थे। भारत ने अब तक इस पर कोई फैसला नहीं लिया है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ समारोह में मौजूद थे। » पेज 15

सेंसेक्स चढ़ा, सोना-चांदी गिरे » पेज 13

स्विट्जरलैंड के दावोस में चार्टर पर हुए साइन।

AP

बराबरी = की भाषा
नवभारत टाइम्स की पहल

शब्दों से महिलाओं को पहचान दिलाने की एक कोशिश है 'बराबरी की भाषा'। क्योंकि शब्दों से सोच, संवेदना और समाज की दिशा मिलती है। NBT अपनी इस मुहिम पर बात करने पहुंचा DU के माता सुंदरी कॉलेज। छात्राओं ने बताया क्यों जरूरी है ये मुहिम। देखें पेज- 10

खाई में गिरी सेना की गाड़ी, 10 मौतें

जम्मू के डोडा में हादसा, 11 जवान घायल

■ पीटीआई, भद्रवाह/जम्मू

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सेना की गाड़ी सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में 10 जवानों की मौत हो गई और 11 घायल हो गए। जवान ऊंचाई पर मौजूद एक पोस्ट की ओर जा रहे थे।

अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा भद्रवाह-चंबा इंटरस्टेट रोड पर लगभग 9,000 फुट की ऊंचाई पर मौजूद खन्नी टॉप के पास हुआ। सेना की बुलेटप्रूफ गाड़ी के ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और वह गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के बाद सेना और पुलिस ने मिलकर बचाव अभियान शुरू किया, हालांकि तब तक चार सैनिकों की जान जा चुकी थी। 11 घायल अवस्था में मिले। अधिकारियों के अनुसार, बचाव अभियान के दौरान बाद में चोटों के चलते छह और सैनिकों की मौत हो गई।

पीएम नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सड़क हादसे में सेना के जवानों की मौत पर दुख जताया।

पीएम मोदी ने जवानों की मौत पर गहरा दुख जताया

Agency

बचाव घायलों को हेलिकॉप्टर से उधमपुर कमान अस्पताल ले जाया गया।

ऊंचाई पर थी पोस्ट

9000 फुट की ऊंचाई पर हुआ हादसा

200 फुट गहरी खाई में जा गिरी गाड़ी

10 घायलों को हेलिकॉप्टर से उधमपुर कमान अस्पताल ले जाया गया

आतंकवाद विरोधी अभियान पर थी बुलेटप्रूफ गाड़ी

खराब मौसम बना हादसे की वजह

सेना की वाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म X पर लिखा, 'डोडा इलाके में खराब मौसम और खतरनाक रास्तों से गुजरते समय ऑपरेशन पर जा रही सेना की गाड़ी सड़क से फिसल गई। इस हादसे में कई जवान हताहत हुए हैं, जिनमें कुछ की मौत भी हुई है। घायलों को इलाज के लिए बाहर भेज दिया गया है।'

फटाफट खबरें

भोजशाला में आज पूजा-नमाज एकसाथ

सुप्रीम कोर्ट ने वसंत पंचमी पर मध्य प्रदेश के धार जिले में भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद में हिंदुओं को सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा करने और मुसलमानों को दोपहर 1 से 3 बजे तक नमाज अदा करने की अनुमति दी है। » पेज 11

दिल्ली में ट्रक की टक्कर से दो की मौत

दिल्ली के भलस्वा डेयरी इलाके में बुधवार रात तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों भारती और दीपेश की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि रोड छोटा था और ट्रक को ओवरटेक करते समय हादसा हुआ। आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। » पेज 7

बारिश की संभावना, फिर बढ़ेगी ठंडक

दिल्ली में आज बारिश की संभावना है। स्काईमेट के अनुसार, बादल छाए रहेंगे। 24 जनवरी से ठंड फिर से बढ़ने लगेगी। बारिश का असली दौर गणतंत्र दिवस के बाद ही आने की संभावना है। » देखें फ्लैप

GRAP-3 की पाबंदियां हटी

बारिश के पूर्वानुमान के बीच दिल्ली-NCR से एक हफ्ते बाद GRAP-3 हटा लिया गया। AQI में सुधार हो रहा है। गुरुवार को 322 के स्तर पर आ गया। » देखें फ्लैप

23, 26 को बंद रहेंगे कुछ मेट्रो स्टेशन

गणतंत्र दिवस के मौके अवसर पर सुरक्षा व्यवस्थाओं के मद्देनजर 23, 26 जनवरी को चयनित स्टेशनों पर कार्यक्रम की समाप्ति तक कुछ मेट्रो स्टेशन अस्थायी रूप से बंद रहेंगे।

हैपी मॉर्निंग

टीचर: सोनू कॉपी छुपा लो, पीछे वाला देख रहा है।
सोनू: देखने दो सर, मैं अकेला फेल नहीं होना चाहता।

अर्थसार

सेंसेक्स	82,307.37 (+397.74)
निफ्टी	25,289.90 (+132.40)
रु/यूएस डॉलर	91.58 (+0.03)
रु/यूरो	107.05 (-0.25)

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम

दिल्ली	₹1,57,200 (-2,500)

चांदी .999 टंच प्रति किलो

दिल्ली	₹3,20,000 (-14,300)

जनकपुरी केस में पूर्व सांसद बरी

1984 के दंगों से जुड़े केस में सज्जन कुमार बरी

Prachi.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** 1984 के सिख विरोधी दंगों के सात चश्मदीद गवाह कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को जनकपुरी केस में दोषी साबित करने में नाकाम रहे। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दंगों के दौरान दो सिखों- सोहन सिंह और उनके दामाद अवतार सिंह की हत्या से जुड़े मामले में कुमार को बरी कर दिया। स्पेशल जज ने कहा कि दुर्भाग्य से इस मामले में ज्यादातर गवाह सुनी-सुनाई बातें बता रहे हैं। तीन दशकों तक आरोपी का नाम बताने में नाकाम रहे। » पेज 5



सज्जन कुमार

समन उल्लंघन केस में केजरीवाल को राहत

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी के दो शिकायतों से जुड़े मामलों में बरी कर दिया। ये मामले दिल्ली की आबकारी यानी शराब नीति से जुड़े केस में एजेंसी के समन को नजरअंदाज करने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए दायर किए थे। » पेज 5

काम की खबरें

पानी का होगा संकट!

यमुना में अमोनिया बढ़ा, दिल्ली में हो सकती है पानी की किल्लत » पेज 2

DDA की नई पहल

DDA के फ्लैट्स से जुड़ी समस्याओं पर हर हफ्ते बुधवार को जनसुनवाई होगी। » पेज 8

शाम-ए-सफर बस सेवा

दिल्ली दर्शन के लिए सरकार शाम-ए-सफर बस सेवा शुरू करने की तैयारी में। » पेज 13

नर्सरी: पहली लिस्ट आज

नर्सरी, केजी, क्लास-1 के लिए चयनित छात्रों की पहली लिस्ट आज जारी होगी। » पेज 8

फैसले पर कायम कहा, भारत में खेलने से जुड़े सुरक्षा जोखिमों को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं

T20 वर्ल्ड कप खेलने भारत नहीं जाएंगे, ICC से उम्मीद: बांग्लादेश

■ पीटीआई, ढाका

बांग्लादेश ने अगले महीने भारत में होने वाले T20 वर्ल्ड कप को लेकर साफ कर दिया है कि उसकी टीम भारत जाकर नहीं खेलेगी। ICC ने स्पष्ट किया था कि बांग्लादेश के सभी ग्रुप मैच भारत में ही कराए जाएंगे। बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने बैठक के बाद कहा कि भारत में खेलने से जुड़े सुरक्षा जोखिमों को लेकर उनकी चिंताएं अब भी बनी हुई हैं। खिलाड़ियों, पत्रकारों और दर्शकों की सुरक्षा को लेकर संतोषजनक गारंटी नहीं मिल पाई है। ICC से न्याय की अपेक्षा करते हुए श्रीलंका में मैच कराने की मांग दोहराई है। » पेज 14

खिलाड़ियों, पत्रकारों और दर्शकों की सुरक्षा को लेकर संतोषजनक गारंटी नहीं मिल पाई है।
-आसिफ नजरुल, खेल सलाहकार, बांग्लादेश

श्रीलंका में मैच कराने की मांग दोहराई।

क्या है पूरा मामला

- बांग्लादेश को भारत में चार मैच खेलने थे।
- ICC ने सुरक्षा कारणों को अस्वीकार किया।
- BCB की आपत्ति एक खिलाड़ी से जुड़ी बताई गई।
- इनके हटने पर स्कॉटलैंड को मौका मिल सकता है।

CCI:NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAFL2 User: cci Time: 01-22-2026 23:05 Color:

अविमुक्तेश्वरानंद को फिर नोटिस

मेला प्रशासन बोला- क्यों ना आपको माघ मेले में बैन कर दिया जाए?

नोटिस पर दिया जवाब, कहा- प्रशासन के सभी आरोप निराधार

■ भाषा, प्रयागराज

माघ मेले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को मौनी अमावस्या स्नान से मेला प्रशासन के कथित तौर पर रोके जाने को लेकर जारी विवाद के बीच मेला प्रशासन ने उन्हें दूसरा नोटिस भेजा है। नोटिस में पूछा गया है कि क्यों ना आपकी संस्था को दी जा रही जमीन और सुविधाओं को निरस्त कर हमेशा के लिए मेले में आपकी एंट्री बैन कर दी जाए। प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने कहा है कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती मौनी अमावस्या पर आरक्षित पुल संख्या 2 पर लगे बैरियर को तोड़ते हुए बग्घी पर सवार होकर भीड़ के साथ जा रहे थे। नोटिस के मुताबिक, इसके कारण मेला पुलिस और मेला प्रशासन को भीड़ प्रबंधन में काफी परेशानी हुई। स्वामी जी के इस प्रकार प्रवेश से भगदड़ होने और उससे प्रबल जनहानि होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था।"

अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से जवाब: स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से मेला प्रशासन को दूसरे नोटिस का जवाब भेजा गया है। जवाब में कहा गया है कि मेला प्रशासन का आरोप कि स्वामी जी बग्घी से मौनी अमावस्या स्नान के लिए गए थे, पूरी तरह निराधार और दुर्भावनापूर्ण है। फिलहाल न तो स्वामी के शिविर में और न ही उनके किसी आश्रम में कोई बग्घी है। वह विशेष परेशरगन पालकी से संगम स्नान करने जा रहे थे, जिसमें घोड़े और मोटर का कोई प्रावधान नहीं है। बैरिकेड तोड़ने के आरोप के जवाब में कहा गया है कि अविमुक्तेश्वरानंद ने पुलिसवालों से बात कर बैरिकेड खुलवाया था।

अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से मेला प्रशासन के दोनों अधिकारियों को कोर्ट ले जाने की चेतावनी दी गई

मेला प्रशासन को चेतावनी दी गई है कि यदि मेला प्रशासन के अधिकारी कोई गैर कानूनी, दुर्भावनापूर्ण गलत कदम उठाते हैं तो कोर्ट में दोनों अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए 'हम बाध्य होंगे।'

File

नोटिस के मुताबिक, मौनी अमावस्या पर अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ चल रही भीड़ के कारण प्रशासन को प्रबंधन में काफी परेशानी हुई।

'सनातन कमजोर कर रहे कालनेमि'

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि कई कालनेमि धर्म की आड़ में सनातन धर्म को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इनसे भी सतर्क रहना होगा। एक योगी के लिए, एक संत के लिए, धर्म व राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं होता। उसकी व्यक्तिगत प्रॉपर्टी कुछ नहीं होती। अगर कोई राष्ट्रीय स्वाभिमान को चुनौती देता है तो हमें खुलकर उसके सामने आकर खड़े हो जाना चाहिए।

अखिलेश बोले, देशभर के सनातनी शंकराचार्य के साथ समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि देशभर के सनातनी शंकराचार्य के साथ खड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे घटनाक्रम के लिए कोई जिम्मेदार है, तो वह बीजेपी सरकार है।

मुआवजे के दावों पर हलफनामा दे इंडिगो: कोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को इंडिगो से कहा कि वह पिछले साल दिसंबर में बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द होने की वजह से परेशान यात्रियों को रद्द टिकटों के लिए पैसा लौटाने और मुआवजे के भुगतान से जुड़ा अपना हलफनामा दाखिल करे। इंडिगो के वकील ने कोर्ट को बताया कि रद्द की गई उड़ानों के लिए पैसा वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और मुआवजे की भी पेशकश की जा रही है। बताया कि 10,000 रुपये के वाउचर की पेशकश की जा रही है। यात्रियों के लिए मुआवजे का दावा करने के लिए एक वेबसाइट भी तैयार की गई है। कोर्ट ने इंडिगो को दो हफ्तों के भीतर एक हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा है। इंडिगो फ्लाइट क्राइसिस की जांच के लिए बनी कमिटी की रिपोर्ट भी सीलबंद लिफाफे में हाई कोर्ट में पेश की गई। मामले की अगली सुनवाई 25 फरवरी को होगी।

महिला होगी मुंबई की अगली मेयर

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

महाराष्ट्र में गुरुवार को मेयर पदों के लिए निकाली गई आरक्षण की लॉटरी के अनुसार, मुंबई की अगली मेयर सामान्य वर्ग की महिला होंगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। साथ ही, महाराष्ट्र की 29 नगर निगमों में से 15 में अब महिला मेयर नेतृत्व करेंगी। राज्य की शहरी विकास मंत्री माधुरी मिसाल की मौजूदगी में आरक्षण की लॉटरी का आधिकारिक ऐलान किया गया। आरक्षण के तहत 29 में से एक सीट अनुसूचित जनजाति (एसटी), तीन अनुसूचित जाति (एससी), आठ अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), और 17 सीटें सामान्य (ओपन) वर्ग के लिए तय की गई हैं।

महाराष्ट्र की 29 नगर निगमों में से 15 का नेतृत्व करेंगी महिलाएं

हालांकि, इस प्रक्रिया पर मुंबई की पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर ने विरोध किया। दावा किया कि नियमों में किसी को सूचना दिए बिना बदलाव किया गया। पिछले दो मेयर सामान्य वर्ग से थे, इसलिए नए मेयर का चयन ओबीसी या अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग से होना चाहिए था।

मेयर के लिए क्या है यह लॉटरी का खेल!

महाराष्ट्र के नगर निगमों में मेयर पद के लिए लॉटरी निकाली जाती है। आइए समझते हैं इस लॉटरी का पूरा खेल:

क्यों निकाली जाती है लॉटरी?

संविधान (74वें संशोधन) के अनुसार, नगर निकायों में नेतृत्व के पद हमेशा एक वर्ग के पास नहीं रहने चाहिए। समय-समय पर अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) और महिलाओं के बीच घुमाया जाता है। लॉटरी के जरिए तय किया जाता है कि मेयर का पद किन कैटेगरी के लिए आरक्षित होगा। बाद में योग्य उम्मीदवार नामांकन करते हैं।

पूरी प्रक्रिया कैसे करवाई जाती है?

यह प्रक्रिया महाराष्ट्र के नगर विकास विभाग करवाता है। विभाग उन सभी वर्गों की सूची बनाता है जिनके लिए आरक्षण जरूरी है (SC, ST, OBC, महिला और सामान्य)। अलग-अलग कैटेगरी के नाम की पर्चियां एक बॉक्स में डाली जाती हैं। पब्लिक ड्रॉ में पर्ची निकलवाई जाती है। जिस वर्ग की पर्ची निकलती है, अगले कार्यकाल के लिए मेयर उसी श्रेणी का होगा।

मनरेगा पर राहुल बोले- किसानों ने रास्ता दिखाया, अब मज़दूरों की बारी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह नए कानून लाए जाने के खिलाफ कांग्रेस ने गुरुवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर मनरेगा बचाओ मोर्चा कार्यक्रम आयोजित किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। मजदूरों, किसानों, महिलाओं व वंचित तबकों से एकजुट होकर संघर्ष करने की अपील भी की।

राहुल ने कहा, जिस तरह किसानों ने तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ सरकार को झुकने पर मजबूर किया, उसी तरह अब मजदूरों को भी मनरेगा के सवाल पर खड़ा होना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी मनरेगा की जगह लाकर मजदूरों से उनका काम का अधिकार छीनना चाहती है। दावा किया कि नए कानून में केंद्र सरकार तय करेगी कि किस राज्य को कितना पैसा मिलेगा, कहां काम होगा और मजदूरी कितनी होगी, जिससे अधिकार ठेकेदारों के हाथ में चला जाएगा।

धीरे-धीरे गरीबों का हक छीन लेंगे: खरगे

खरगे ने कहा कि मनरेगा को खत्म करना सिर्फ एक योजना को बंद करना नहीं बल्कि गांधी की स्मृति और ग्राम स्वराज की सोच पर हमला है। खरगे ने कहा कि कोविड काल 2020-21 में मनरेगा ने लाखों प्रवासी मजदूरों को मुश्किल से बचाया। उन्होंने चेतावनी दी कि इससे गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ेगा, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों और छोटे किसानों का सहारा छिन जाएगा।

विकसित भारत और किसान विरोधी है कांग्रेस: BJP

बीजेपी ने कांग्रेस को विकसित भारत और किसान' विरोधी पार्टी बताया है। पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, कांग्रेस मनरेगा पर आंसू बहा रही है, लेकिन जयराम रमेश जैसे नेताओं ने माना था कि मनरेगा कोई स्थायी समाधान नहीं है।

PTI

कांग्रेस के मनरेगा बचाओ कार्यक्रम में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे

MP के भतीजे से चली गोली, पत्नी की मौत, जान दी

■ भाषा, अहमदाबाद: गुजरात में कांग्रेस सांसद शक्तिसिंह गोहिल के रिश्तेदार यशराजसिंह गोहिल ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से गलती से चली गोली से पत्नी की मौत होने के बाद खुद को भी गोली मारकर जान दे दी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। घटना अहमदाबाद के बोडकदेव में उनके घर पर बुधवार रात करीब 11.45 बजे हुई। दंपती की शादी दो महीने पहले ही हुई थी।

पुलिस के मुताबिक, यशराजसिंह रिवॉल्वर की जांच कर रहे थे, तभी दुर्घटनावश गोली चल गई, जो उनकी पत्नी राजेश्वरी की गर्दन के पास लगी। एम्बुलेंस कर्मियों ने राजेश्वरी को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सदमे में आए यशराजसिंह ने उसी हथियार से खुद को गोली मार ली। एसीपी जयेश झहाभट्ट ने बताया कि शुरुआती जांच में मामला हादसा लग रहा है, लेकिन सच्चाई की पुष्टि के लिए दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।

दिल्ली में 3 घंटे चली बैठक, पार्टी ने साफ किया- 2027 चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ा जाएगा

पंजाब में नहीं बदलेगा कांग्रेस का नेतृत्व

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

पंजाब कांग्रेस के नेताओं के बीच आपसी मतभेदों की खबरों के बीच गुरुवार को दिल्ली में कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने पंजाब कांग्रेस की इकाई के साथ अहम बैठक की। इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को भी बुलाया गया। दोनों नेताओं के बीच चल रही अंदरूनी खींचतान के बीच पार्टी ने एकजुटता का संदेश देने की कोशिश की।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ करीब तीन घंटे तक चली इस अहम बैठक के बाद कांग्रेस ने पंजाब को लेकर तीन बड़े फैसले किए। पहला, पंजाब कांग्रेस में फिलहाल कोई नेतृत्व परिवर्तन नहीं होगा। अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ही प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे। दूसरा, 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी किसी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं करेगी। पार्टी सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी। तीसरा, कांग्रेस नेतृत्व ने पंजाब के नेताओं को सख्त संदेश दिया है कि पार्टी से जुड़े मुद्दे पर सार्वजनिक मंचों, मीडिया या सोशल मीडिया पर बयानबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सख्त कार्रवाई की जाएगी।

File

- कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने पंजाब कांग्रेस के नेताओं को एकजुट रहकर चुनाव की तैयारी करने को कहा
- पब्लिक में बयानबाजी पर ऐक्शन की भी चेतावनी

बैठक के बाद बाहर निकलते समय कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रभारी भूपेश बघेल ने अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और चरणजीत सिंह चन्नी का हाथ पकड़कर एकजुटता का संदेश दिया। इस बैठक के बाद कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में पंजाब कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ राज्य की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता बदलाव चाहती है और कांग्रेस पूरी एकजुटता के साथ 2027 में सत्ता में वापसी के लिए काम करेगी।

कांग्रेस नेतृत्व के इन फैसलों को पार्टी में लंबे समय से चली आ रही गुटबाजी पर लगाम लगाने और संगठन को एकजुट कर चुनावी रणनीति मजबूत करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 01-22-2026 23:00 Color:

नई दिल्ली > शुक्रवार, 23 जनवरी 2026 > माघ 3, शक संवत 1947, माघ शुक्ल पंचमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 20 > पेज 26* > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

वसंत पंचमी की शुभकामनाएं

NBT नवभारत टाइम्स

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती आज

...बीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

शांति, विकास और
बदलाव का नया युग
बदलता बस्तर
दशकों बाद पहुंच रही बिजली, नए मोबाइल टॉवर हो रहे स्थापित
बारहमासी सड़कों से जुड़ रहे गांव, यातायात सुविधाओं का हो रहा विस्तार
बस्तर ओलंपिक, बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों से जुड़ रहे लाखों युवा
S-46596/3

GOOD न्यूज़

गुड न्यूज़ से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 13

मौसम

अधिकतम तापमान 27.1°

6.3° न्यूनतम तापमान

सूर्यास्त शुक्रवार 5:53 | सूर्योदय शनिवार 7:13

हिमाचल में आज भारी बारिश और बर्फबारी का अलर्ट।

* 22+4 DelhiTimes

पंजाब एण्ड सिंध बैंक

कार लोन

7.30%* ब्याज दर

8879840089 पर मिस्ड कॉल दें

बच सकता था युवराज

क्या इंसाफ़ की रोशनी दिखेगी?

युवराज के आखिरी पल

इस तस्वीर से साफ है कि युवराज मेहता के फोन की रोशनी बचाव स्टाफ तक पहुंच रही थी, लेकिन वे उसे बाहर लाने आगे नहीं जा पाए।

उस रात युवराज की जिंदगी और मौत के बीच का फासला बस चंद मीटर था, इतना कम कि उसे किनारे पर खड़े लोगों के मोबाइल की रोशनी में साफ देखा जा सकता था। विडंबना देखिए कि किनारे पर सरकारी तंत्र की पूरी फौज खड़ी तमाशा देखती रही और युवराज की सांसें उखड़ गईं।

सवाल यह कतई नहीं है कि 27 साल का वह युवक कहां से आ रहा था या दोस्तों के साथ क्या खा-पी रहा था। असल सवाल यह है कि जब उसकी कार मौत के उस अंधेरे गड्ढे में डूब रही थी, तब वह डेढ़-दो घंटे तक कार की छत पर खड़ा जिंदगी की भीख मांगता रहा। शर्मनाक यह है कि सिस्टम की वर्दी पहने किसी एक शख्स के पैर पानी में उतरने की हिम्मत न जुटा सके।

सवाल युवराज के पुराने चालानों का भी नहीं है।

मुद्दा उस जानलेवा 90-डिग्री मोड़ का है, जहां न रेलिंग थी, न रोशनी, बस कोहरा और मौत का सन्नाटा था। उसी जगह कुछ अर्सा पहले एक ट्रक भी हादसे का शिकार होते-होते बचा था, लेकिन प्रशासन ने उस चेतावनी से कुछ नहीं सीखा।

यह हादसा नहीं, बल्कि सरकारी एजेंसियों की सिस्टमैटिक नाकामी है। वे पहले तो शहर को सुरक्षित बनाने के अपने 'प्रिवेंशन' के कर्तव्य में फेल रहीं और बाद में उस तड़पते हुए युवक को बचाने के अपने 'रेस्क्यू' धर्म में भी। -संपादक

नोएडा के अंध-कार में दो और गिरफ्तार, ऑफिस भी सील

रियल एस्टेट कंपनी के हैं अधिकारी, नई FIR भी हुई

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजिनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में रियल एस्टेट कंपनी लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन के दो डायरेक्टर रवि बंसल और सचिन करनवाल को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इस मामले में बिल्डरों पर एक और केस दर्ज किया। साथ ही उनके दो दफ्तरों को नोएडा में सील किया गया।

गुरुवार को हुई गिरफ्तारी नॉलेज पार्क थाने में 18 जनवरी को दर्ज पहली FIR के तहत की गई। इससे पहले इसी मामले में विजटाउन प्लैनर्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अभय कुमार को गिरफ्तार किया जा चुका है। पर्यावरण नियमों के उल्लंघन के आरोप में दूसरी FIR अभय कुमार, संजय कुमार, मनीष कुमार, अंचल बोहरा और निर्मल कुमार पर दर्ज की गई। SIT की टीम गुरुवार को फिर नोएडा अथॉरिटी और घटनास्थल पर पहुंची। इंजिनियर की कार को निकालने के बाद शुरुआती जांच में सामने आया है कि जिस बेसमेंट के गड्ढे में युवराज की कार गिरी थी उसकी गहराई करीब 60-70 फीट थी। ▸▸ पेज 6

File Photo

मौत का गड्ढा ग्रेटर नोएडा के इसी गड्ढे में कार डूबने से हुई थी मौत।

NGT का सवाल, पानी कहां से आया?

NGT ने इंजिनियर की मौत के मामले में खुद संज्ञान लिया। बेसमेंट के जानलेवा गड्ढे में सीवर के पानी भरने को लेकर उसने नोएडा अथॉरिटी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, डीएम और सिंचाई विभाग से जवाब मांगा है। उसने पूछा है कि यहां सीवर का पानी कहां से आया। इस मामले की अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी।

डिप्टी CM बोले, किसी को नहीं बख्शेंगे

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि SIT जांच कर रही है। रिपोर्ट में हादसे का जिम्मेदार तय हो जाएगा। जो भी जिम्मेदार होगा, उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। यूपी में दोबारा ऐसी दुर्घटना न हो इसके लिए प्रमुख सचिव (गृह) के साथ ही SDRF को दिशानिर्देश दिए गए हैं।

DALHOUSIE PUBLIC SCHOOL Est. 1970

55 YEARS OF LEGACY | TWO CAMPUSES

DALHOUSIE & IN NEW CHANDIGARH

At Dalhousie Public School, we go beyond textbooks to offer an unparalleled learning experience that blends academics with elite extracurricular activities. Our students don't just learn; they explore and excel in unique pursuits. Surrounded by nature, these students embark on hikes and adventures that inspire curiosity and foster a love for life.

With the New Chandigarh Campus, we explore new frontiers of Dalhousie, offering a unique multi-track approach to education, catering to domestic and international aspirations.

10,000+ ALUMNI NETWORK

27+ EXTRACURRICULAR ACTIVITIES

Flexible Residential Opportunities

FULL BOARDING • WEEKLY BOARDING • DAY BOARDING

ADMISSIONS OPEN FOR DOMESTIC & INTERNATIONAL CURRICULUM 2026-27

LIMITED SEATS

ENROLL NOW

CO-EDUCATIONAL BOARDING SCHOOL | PRE-NURSERY TO CLASS XII

YOGA
EQUESTRIAN
FOOTBALL
CRICKET
GOLF
MOUNTAIN BIKING

011 6909 8645 | +91 94183 81111 INFOCHD@DPSDALHOUSIE.COM | DALHOUSIEPUBLICSCHOOL.COM

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: devid.sharma Time: 01-22-2026 23:23 Color:

दिल्ली में बढ़ सकता है जल संकट

मुनक नहर की मरम्मत और यमुना में अमोनिया ने बढ़ाई मुसीबत, 5 प्लांटों में पानी उत्पादन आधे से कम

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली वालों को लंबे समय तक पानी की किल्लत झेलनी पड़ सकती है। दरअसल, यमुना में अमोनिया लेवल बढ़कर 6 पीपीएम हो चुका है। हरियाणा के जिस मुनक नहर से दिल्ली के 5 वॉटर प्लांटों को कच्चा पानी मिलता है, उसकी भी रिपेयरिंग चल रही है। इसके चलते दिल्ली को नहर से आधा पानी ही मिल रहा है। इससे नॉर्थ, नॉर्थ-वेस्ट, साउथ, साउथ-वेस्ट दिल्ली में गुरुवार से ही पानी की भयंकर किल्लत होने लगी है। नहर से आधा पानी मिलने के चलते 5 वॉटर ट्रीटमेंट प्लांटों में पानी उत्पादन आधे से भी कम हो रहा है। यमुना में अमोनिया लेवल बढ़ने से वजीराबाद और चंद्रावल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी उत्पादन पहले से ही कम है। सिर्फ भागीरथी और सोनिया विहार वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से पानी उत्पादन पर्याप्त मात्रा में हो रहा है।

वजीराबाद और चंद्रावल प्लांट में पानी उत्पादन पहले से ही है कम

हरियाणा से अधिक पानी छोड़ने की अपील: यमुना में अमोनिया लेवल अधिक होने पर दिल्ली सरकार ने हरियाणा सरकार को पत्र लिखा है। सरकार ने मांग की है कि हथिनी कुंड बैराज से यमुना में सामान्य की तुलना में अधिक पानी छोड़ा जाए, ताकि अमोनिया लेवल को डाइल्यूट कर कम किया जा सके। इसके अलावा सरकार ईस्टर्न व वेस्टर्न कैनाल का पानी भी यमुना में डायवर्ट करने की मांग कर रही है, ताकि यमुना में पानी की मात्रा अधिक होने पर अमोनिया लेवल को डाइल्यूट किया जा सके।

1916, 011-23527679, 011-23634469
टैंकर मंगाने के लिए सेंट्रल कंट्रोल रूम के इन नंबरों पर करें कॉल

मुनक नहर से कितना मिलता है पानी?

दिल्ली जल बोर्ड (DJB) के अफसरों के अनुसार, दिल्ली को पेयजल के लिए जितने पानी की जरूरत है, उसका 80% से अधिक कच्चा पानी हरियाणा से मिलता है। हरियाणा से कच्चा पानी मुनक नहर से आता है। आगे मुनक नहर दो ब्रांच में बंट जाती है। जिसमें से एक करियर लाइन चैनल (सीएलसी) और दूसरा दिल्ली सब-ब्रांच (डीएसबी) है। सीएलसी से 440 एमजीडी और डीएसबी से 227 एमजीडी पानी दिल्ली को मिलता है। कुल 667 एमजीडी पानी मुनक नहर से दिल्ली को मिलता है। गुरुवार से हरियाणा ने मुनक नहर की रिपेयरिंग शुरू की है। इससे इस नहर से दिल्ली को रोजाना जितना पानी मिलता है, उसका आधा ही मिल रहा है। ऐसे में हैदरपुर, द्वारका, नांगलोई, ओखला और बवाना वॉटर ट्रीटमेंट प्लांटों में पानी उत्पादन आधे से भी कम हो गया है। हैदरपुर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में रोजाना 216 एमजीडी, द्वारका वॉटर प्लांट से 50, नांगलोई वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से 40, बवाना वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से 20 एमजीडी और ओखला वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से भी 20 एमजीडी पानी उत्पादन होता है।

कुल 667 एमजीडी पानी मुनक नहर से मिलता है

हैदरपुर प्लांट-1 से प्रभावित होने वाले इलाके

शालीमार बाग, पीतमपुरा, लॉरेंस रोड, सरस्वती विहार, सैनिक विहार, मंगोलपुरी, पीरागढ़ी, सुल्तानपुरी, अवंतिका, राजा गार्डन, राजौरी गार्डन, सुभाष नगर, हरि नगर, कीर्ति नगर, मायापुरी, इंद्रलोक, टोडापुर, रोहिणी सेक्टर-29, किराड़ी

बवाना प्लांट से प्रभावित एरिया

सुल्तानपुर डबास, कुतुबगढ़, कराला, बवाना एरिया

द्वारका वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से प्रभावित कॉलोनी

द्वारका सभी सेक्टर, मधु विहार, राजापुरी, बिंदापुर, महावीर एन्क्लेव, पालम, डाबड़ी और एयरपोर्ट

हैदरपुर प्लांट -2 से प्रभावित होंगे ये इलाके

रोहिणी सेक्टर-7, 11, 17, 18 और 19, प्रशांत विहार, मधु विहार, मंगोलपुरी, पश्चिम विहार, मायापुरी, जनकपुरी, तिलक नगर, दिल्ली कैंट, पालम, महिपालपुर, सागरपुर, वसंत विहार, सदर बाजार

वजीराबाद प्लांट में प्रोडक्शन रुकने से यहां दिक्कत

मजनू का टीला, आईएसबीटी कश्मीरी गेट, जीपीओ, एनडीएमसी एरिया, आईटीओ, एलएनजेपी हॉस्पिटल, हंस भवन, राजघाट, डिफेंस कॉलोनी, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, डब्ल्यूएचओ, रामलीला ग्राउंड, दिल्ली गेट, सुभाष पार्क, गुलाबी बाग, तिमारपुर, आजादपुर, पंजाबी बाग

इस वजह से यमुना के दो वॉटर प्लांट भी बंद

वजीराबाद और चंद्रावल वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी उत्पादन के लिए कच्चा पानी यमुना से लिया जाता है, लेकिन यमुना के पानी में अमोनिया लेवल 6 पीपीएम होने के बाद यह नहीं लिया जा रहा। इससे दोनों प्लांटों में पानी उत्पादन बंद है। इन दोनों प्लांटों से दिल्ली में जिन इलाकों में पानी सप्लाई होती थी वह कई दिनों से बंद है। जल बोर्ड अफसरों का कहना है कि पानी में अमोनिया लेवल अगर 0.9 पीपीएम या एक पीपीएम तक हो तो पानी व क्लोरीन से पीपीएम लेवल डाइल्यूट किया जा सकता है। लेकिन अमोनिया लेवल 1 पीपीएम से अधिक हो तो उसे डाइल्यूट करना मुश्किल है।

दिल्ली सहित 40 शहरों में इस बार होगा भारंगम

मंगलवार से शुरू हो रहे भारत रंग महोत्सव में 7 देशों के 277 नाटक होंगे मंच पर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

अपने 25वें 'भारत रंग महोत्सव' में नैशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (NSD) 277 नाटक के साथ देश के 40 शहरों और सभी महाद्वीप के एक-एक देश तक पहुंचेगा। इंटरनैशनल थिएटर फेस्टिवल भारंगम 27 जनवरी से होगा और 20 फरवरी तक चलेगा। दिल्ली में 127 नाटक मंच पर होंगे। इस वर्ष NSD को देशभर से 817 राष्ट्रीय और 34 अंतरराष्ट्रीय आवेदन मिले, जिनमें से 228 भाषाओं और बोलियों में 277 नाटक चुने गए। पोलैंड, स्पेन, रूस, इटली, नेपाल, श्रीलंका, चेक रिपब्लिक से 12 नाटक पहुंचेंगे। फेस्ट में 19 यूनिवर्सिटी, दिल्ली की अकादमियों की 14 प्रस्तुतियां भी हैं। 27 को ही NSD अपना रेडियो स्टेशन, पॉडकास्ट और OTT चैनल भी शुरू करेगा।

NSD के डायरेक्टर चितरंजन त्रिपाठी ने कहा कि यह महोत्सव गैर-एलीट इंटरनैशनल फेस्टिवल है, जो शास्त्रीय से लेकर समकालीन रंगमंच की कई विधाएं एक साथ लेकर आता है। इस बार इसमें मैथिली, भोजपुरी, तुलु, उर्दू, संस्कृत, ताई खामती और न्यीशी जैसी भाषाओं को शामिल किया गया है। NSD के वाइस चेयरमैन प्रो. भरत गुप्त ने कहा कि भारंगम 2026 भारत की हजारों वर्षों पुरानी नाट्य परंपरा और सांस्कृतिक विविधता का जीवंत प्रदर्शन है।

277 नाटकों का देश के 40 शहरों और 7 विभिन्न देशों में 228 भाषाओं और बोलियों में मंचन

33 महिला निर्देशकों की नाट्य प्रस्तुतियां, जो इस महोत्सव के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड

127 नाटकों का विशेष रूप से दिल्ली के विभिन्न रंगमंचों पर प्रदर्शन

17 किताबों का लोकार्पण और NSD के अपने रेडियो स्टेशन, पॉडकास्ट और OTT चैनल की होगी शुरुआत

जश्न-ए-बचपन, बाल संगम भी हिस्सा

भारंगम में कई विशेष खंड भी होंगे। वहीं, पूर्वोत्तर नाट्य समारोह, पपेट थिएटर, डांस ड्रामा, संस्कृत नाट्य उत्सव और माइक्रो ड्रामा फेस्टिवल शामिल है। पहली बार ट्रांसजेंडर समुदाय, सेक्स वर्कर्स, वरिष्ठ नागरिकों और वंचित समूहों की रंग प्रस्तुतियां भी मंचित की जाएंगी। इसके अलावा, NSD के पूर्व डायरेक्टर इब्राहिम अल्काजी पर विशेष संगोष्ठी भी रखी जाएगी। थिएटर बाजार में नए नाटककारों को मंच मिलेगा, जबकि 17 पुस्तकों का लोकार्पण किया जाएगा।

NDMC एरिया में भी सप्लाई प्रभावित

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : यमुना में अमोनिया का स्तर बढ़ने की वजह से चंद्रावल स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की उत्पादन क्षमता प्रभावित हुई। इस वजह से एनडीएमसी एरिया में झंडेवालान स्थित जलाशय से पानी की सप्लाई नहीं हो पाएगी। इतना ही नहीं पालम से भी एनडीएमसी को उपयुक्त मात्रा में पानी नहीं मिल रहा है। जिसके परिणामस्वरूप संबंधित कमांड क्षेत्रों में जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

इस वजह से एनडीएमसी के अधिकार क्षेत्र में आने वाले टाइप-I क्वार्टर्स, पंचकुईयां रोड, डीआईजेड एरिया, शिवाजी स्टेडियम, वाल्मीकि बस्ती, पालिका निकेतन, पालिका धाम, पालिका वास, एलबी सदन, एनएचएमसी एवं स्टाफ क्वार्टर्स, कनॉट प्लेस, डी-ब्लॉक हाउसिंग, मंदिर मार्ग स्थित सीपीडब्ल्यूडी हाउसिंग, आरके आश्रम मार्ग, एसबीएस मार्केट तथा आसपास के क्षेत्रों में पानी की सप्लाई बाधित रहेगी। एनडीएमसी का कहना है कि झंडेवालान से हसनपुर जलाशय को जल आपूर्ति उपलब्ध न होने के कारण, गुरुवार शाम हसनपुर से एनडीएमसी के भूमिगत जलाशयों (UGR) अर्थात विनय मार्ग और सरोजिनी नगर के अंडरग्राउंड टैंकों की जल आपूर्ति नहीं खोली जा सकी। एनडीएमसी का कहना है कि झंडेवालान से शुक्रवार सुबह तक पानी की सप्लाई सामान्य हो जाएगी।

टैंकर के लिए NDMC कंट्रोल रूम: 011-23743642, 1533 पर संपर्क किया जा सकता है।

'बुधवार शाम से नहीं आया पानी'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बीते बुधवार शाम से ही कई इलाकों में पानी नहीं आया है। इसकी वजह से लोग काफी परेशान हैं। आरडब्ल्यूए के अनुसार डीडीए की एडवाइजरी उन्हें 21 जनवरी को मिली, जबकि पानी 20 जनवरी से ही नहीं आ रहा है। ऐसे में लोगों को अतिरिक्त पानी भरने का समय भी नहीं मिला है।

आरडब्ल्यूए के अनुसार डीजेबी के लोग भी स्थितियां स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं कि पानी कब तक आएगा। विभिन्न इलाकों में कई वजहों से पानी नहीं आ रहा है। पश्चिमी दिल्ली, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, पुरानी दिल्ली आदि में अधिक परेशानी हो रही है। द्वारका, पालम, जनकपुरी, पटेल नगर, चांदनी चौक, पीतमपुरा, सैनिक विहार, मंगोलपुरी, पीरागढ़ी, सुल्तानपुरी, राजा गार्डन, राजौरी गार्डन, सुभाष नगर, हरि नगर, बवाना, कराला आदि एरिया में पानी नहीं आया।

कई RWA का कहना, DJB की एडवाइजरी हमें 21 जनवरी को मिली

साध नगर विकास समिति के संयोजक विनोद राणा ने बताया कि आरडब्ल्यूए को पानी न आने की सूचना नहीं दी गई। सुबह के समय पानी कई इलाकों में नहीं आया। द्वारका सेक्टर-8 की सोसायटी के रूप कुमार ने बताया कि उनकी सोसायटी में बुधवार शाम से ही पानी न ही आया। जबकि डीजेबी की एडवाइजरी गुरुवार को मिली। चांदनी चौक की सुधा यादव ने बताया कि उनके यहां बुधवार शाम को पानी नहीं आया।

रक्त की हर बूंद देश के नाम

सत्यमेव जयते
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी
की जयंती के अवसर पर

महा रक्तदान शिविर

23 जनवरी 2026
सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक
त्यागराज स्टेडियम, नई दिल्ली

इस पहल के अंतर्गत
सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु
प्रत्येक रक्तदाता को हेलमेट उपहार में दिया जाएगा

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
DIP/Shabdarth/Display/0117/25-26

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH03 User: vivek.kumar4 Time: 01-22-2026 21:36 Color:

THE BIGGEST JEWELLERY SALE OF THE YEAR

Joyalukkas
World's favourite jeweller

शानदार फ्लैट

40% छूट

सभी आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर

सोने, हीरे, बिना तराशे हीरे, बहुमूल्य रत्नों और प्लैटिनम के आभूषण

23 जनवरी - 22 फरवरी 2026

आजीवन फ्री मेंटेनेंस

एक साल का मुफ्त इंश्योरेंस

बायबैक का आश्वासन

TRUE VALUE

जोयआलुक्कास ट्रू वैल्यू ऐश्योरेंस आपको बेहतरीन कीमत दिलाने का हमारा वादा है

SHOP NOW

*T&C Apply. Not applicable for Gold coins & bars.

जोयआलुक्कास

NEW DELHI: PUSA ROAD, PH: 011 25722777 • GURGAON: GOLD SOUK, PH: 0124 2577455
NOIDA: SOM DATT TOWER, MOB: 09811664916 • SOUTH EX.: NEAR SOUTH EX. FLYOVER. PH: 011 24333343
INDIA • USA • UK • UAE • OMAN • QATAR • BAHRAIN • KSA • KUWAIT • SINGAPORE • MALAYSIA • AUSTRALIA

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH04 User: vivek.kumar4 Time: 01-22-2026 21:36 Color:

@createwithvarun

Half Price Sale

FLAT 50% OFF ON ENTIRE SALE STOCK. 23rd-26th JANUARY

Luxury Boutique Now Open at Unity One Elegante, NSP, Delhi| Flagship Stores Now Open at Omaxe Mall, Chandni Chowk, Delhi | MG Road, Agra | Sigra Chauraha, Varanasi

Delhi : Connaught Place | Ambience Mall, Vasant Kunj | Pacific Mall, Tagore Garden | Pacific Mall, NSP | Vegas Mall, Dwarka | Kurta Story, D21, Pacific Mall, Dwarka
Gurgaon : Kurta Story, Airia Mall, Sector 68 | Ambience Mall | Sector 14, Main Banking Lane | **Noida** : DLF Mall of India | GIP Mall | Gaur City Mall
Ghaziabad : North India Mall (Shipra Mall), Indirapuram | **Faridabad** : Pacific Mall of Faridabad

Agra | Bangalore | Bareilly | Chandigarh | Dehradun | Haldwani | Indore | Jaipur | Jammu | Jodhpur | Kanpur | Lucknow | Meerut | Prayagraj | Pune | Udaipur | Varanasi

See our Exclusive Luxury Collection, VIP Room at Connaught Place & Omaxe Chowk, Chandni Chowk.

Open all days | customer care: +91 9310884100

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 23-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH05 User: naveen.tirkey Time: 01-22-2026 23:05 Color:

कोर्ट ने सिख विरोधी दंगों के जनकपुरी केस से जुड़े सज्जन कुमार के मामले में सुनाया फैसला

1984 दंगा : एक मामले में सज्जन बरी

Prachi.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली: 1984 के** सिख विरोधी दंगों के सात चश्मदीद गवाह कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को जनकपुरी केस में दोषी साबित करने में नाकाम रहे। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दंगों के दौरान दो सिखों- सोहन सिंह और उनके दामाद अवतार सिंह की हत्या में जुड़े मामले में कुमार को गुरुवार को बरी कर दिया। 60 पन्नों के अपने फैसले में स्पेशल जज दिग्विजय सिंह ने कहा कि दुर्भाग्य से इस मामले में अभियोजन द्वारा जांचे गए ज्यादातर गवाह सुनी-सुनाई बातें बता रहे हैं, और/या वे गवाह हैं जो तीन दशकों तक आरोपी का नाम बताने में नाकाम रहे। ऐसे लोगों द्वारा आरोपी की पहचान पर भरोसा करना जोखिम भरा होगा और इससे न्याय का मनाक दड़ सकता है। कोर्ट ने साफ किया कि यह फैसला सिर्फ जनकपुरी थाने के FIR नंबर 227/92 के लिए है, क्योंकि दूसरे विकासपुरी पुलिस थाने में दर्ज FIR नंबर 264/1992 में आरोपी को बरी कर दिया गया था।

SIT ने जुलाई 2022 में दाखिल की थी चार्जशीट

मौजूदा केस में SIT ने जुलाई 2022 में चार्जशीट दाखिल की, जिसमें सज्जन कुमार एकमात्र आरोपी थे। अभियोजन पक्ष का तर्क यह था कि संबंधित इलाके में सिख विरोधी दंगों की घटनाओं के संबंध में शुरू में एक आम FIR दर्ज होने के बावजूद सरदार नथ सिंह और सरदार सोहन सिंह के परिवारों की खास शिकायतों की जांच बाद में बनी कमेटियों और कमीशनों द्वारा ही की गई, आखिरकार 2015 में SIT का गठन हुआ। उसने इस बात पर जोर दिया कि बचाव पक्ष ने कई गवाहों से जिरह नहीं की या बचाव पक्ष ने घटनाओं के मूलभूत तथ्यों को चुनौती नहीं दी। आरोपी के वकील ने दलील दी कि आरोपों के खिलाफ मामला राजनीतिक कारणों और बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए आरोपों का नतीजा है।

अपनी दलीलों के समर्थन में अभियोजन ने 18 गवाहों की लिस्ट कोर्ट में रखी। बचावपक्ष ने चार गवाह पेश किए, जिनकी गवाही को मानने से अदालत ने इनकार कर दिया। सारे तथ्यों, गवाहों और सबूतों की जांच के बाद कोर्ट ने सज्जन कुमार को बरी कर दिया। कोर्ट ने गौर किया कि 2016 में SIT के रिकॉर्ड बयानों में भी आरोपी का नाम न होना महत्वपूर्ण तथ्य है, जिसे नजरअंदाज नहीं कर सकते, खासकर इस बात को देखते हुए कि शिकायतकर्ता द्वारा 08.09.1985 को जस्टिस रंगनाथ कमीशन के सामने दिए गए हलफनामे में भी आरोपी के नाम का कोई जिक्र नहीं है।

फैसले का विरोध : सज्जन कुमार को सिख विरोधी दंगों के एक मामले में गुरुद्वार को रिहा किए जाने के बाद दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमिटी के सदस्यों ने रकाबगंज गुरुद्वारे पर विरोध-प्रदर्शन किया। कोर्ट में सज्जन कुमार विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। फैसले के बाद उन्होंने हाथ जोड़कर जज का धन्यवाद किया (बाएं)

फैसले को HC में चुनौती देगी कमिटी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सज्जन कुमार को बरी किए जाने के फैसले को दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमिटी दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती देगी। कमिटी के अनुसार अदालत के फैसले का बारीकी से अध्ययन करने के बाद इस फैसले को कमिटी की लीगल टीम दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती देगी। कमिटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि। और 2 नवंबर 1984 को तीन सिखों की हत्या हुई थी। इस मामले में पांच गवाही ने अपने बयान दर्ज करवाए थे। बयान के मुताबिक हत्या करने वाली भीड़ का नेतृत्व सज्जन कुमार ने किया था। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद अदालत ने सज्जन कुमार को बरी कर दिया है। अदालत के फैसले का अध्ययन कर कमिटी की लीगल टीम दिल्ली हाई कोर्ट में इसे चुनौती देगी। उन्होंने कहा कि गवाही की गवाही हाई कोर्ट में करवाकर इस मामले में भी सज्जन कुमार को सजा दिलाना सुनिश्चित किया जाएगा। इस फैसले से सिख समुदाय को गहरी ठेस पहुंची है।



चांदी का पत्रा चोरी करने वाला अरेस्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** निर्माण विहार के सनातन मंदिर से चांदी का पत्रा चोरी करने वाले एक आरोपी को प्रीत विहार पुलिस ने गिरफ्तार कर एक किलो चांदी बरामद की है। आरोपी पश्चिम दिल्ली का रहने वाला बताया जा रहा है। उसे तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। उसके साथियों की तलाश हो रही है। पत्रा की कीमत मंदिर कमिटी ने करीब 20 लाख रुपये बताई है।

दूसरे मामलों में सज्जन की कैद रहेगी बरकरार

■ सज्जन कुमार 1984 दंगों के एक अन्य मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्हें दिल्ली कैंट और पालम में 5 सिखों की हत्या और फुहेरे को जलाने के मामले में दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इस मामले में कुमार की अपील SC में है। इसके अलावा 1 नवंबर 1984 को सरस्वती विहार में सरदार जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या के एक और मामले में भी उन्हें उम्रकैद की सजा मिल चुकी है।

एक मामले में कुमार की अपील SC में है लंबित

सज्जन के वकील एडवोकेट अनिल शर्मा ने कहा कि हमारे खिलाफ SIT के 5 केस थे, जो मौजूदा केस के साथ ही राउज एवेन्यू कोर्ट में शुरू हो गए। इसके अलावा निचली अदालतों में हमारे खिलाफ 9 केस थे, जिनमें 8 में हमें बरी किया गया और एक में सजा हुई। एक केस में हाई कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को पलट दिया।

पीड़ितों के वकील ने जताई निराशा

पीड़ित पक्ष के वकील ने फैसले पर निराशा जाहिर की। सीनियर एडवोकेट एच एस फुल्का ने NBT से कहा, मुख्य गवाह हरविंदर सिंह कोहली केस में शिकायतकर्ता है। वह सज्जन कुमार का नाम शुरू से लेते आ रहे थे, मगर पुलिस ने न तो केस रजिस्टर किया और न ही उन से जांच की। 2015 में बनी SIT ने केस को दोबारा खोला, जिसे दिल्ली पुलिस ने तब बंद कर दिया था। SIT ने दोबारा से जांच की। दुर्भाग्यवश कोर्ट में गवाही से पहले हरविंदर सिंह कोहली का निधन हो गया। उसका फायदा सज्जन कुमार को मिला है।

पीड़ितों का छलका दर्द

निर्मल कौर कोर्ट रूम के बाहर खड़ी थी। उन्होंने मीडिया के सामने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि मेरी आंखों के सामने मेरे पिता को जिंदा जला दिया गया था। मैंने 42 साल तक एक अदालत से दूसरी अदालत के चक्कर लगाते हुए इस आस में बिताए हैं कि एक दिन न्याय जरूर मिलेगा। अफसोस है कि दशकों की उम्मीद के बाद भी न्याय नहीं मिला। दंगा पीड़ित एक अन्य परिवार के सदस्य उजीर सिंह ने कहा कि कुमार पर हत्या के लगभग 18 मामले दर्ज है लेकिन उसे बरी कर दिया गया। बागी और को दंगों की यादें आज भी रह रह कर डराती है। हमारे दर्द को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया है।

हाथ जोड़ जज से बोले, 'शुक्रिया'

सज्जन कुमार विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने हल्के खाकी रंग की टोपी पहन रखी थी। मुंह पर सफेद रंग का मास्क था। जज ने उन्हें जैसे ही बरी किया, कुमार ने दोनों हाथ जोड़ सिर झुकाया और जज को 'शुक्रिया' कहा।

समन उल्लंघन मामले में केजरीवाल बरी, कोर्ट बोला- केस में कई कमियां

Prachi.Yadav@timesgroup.com

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ED की दो शिकायतों से जुड़े मामलों में बरी कर दिया। ये शिकायतें दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े केस में ED के उपमन्स का पालन न करने के आरोप में दाखिल की गई थीं। ये शिकायतें केजरीवाल को जारी नौ समन से जुड़ी थीं। अडिशनल चीफ जूडिशल मैजिस्ट्रेट फारस दलाल ने कहा कि आसाधिक प्रावधानों की गलत व्याख्या या गलतफहमी किसी भी केस के लिए घातक हो सकती है। ED के मामले में पैदा हुए हर संदेह का फायदा आरोपी को मिलेगा।

कोर्ट ने कहा, मामले में पैदा हुए हर संदेह का फायदा आरोपी को मिलेगा

ED ने फरवरी 2024 में केजरीवाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। एजेंसी का कहना था कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (PMLA) की धारा 50 के तहत जारी समन का केजरीवाल ने पालन नहीं किया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि जानबूझकर समन की अनदेखी कर उन्होंने अपराध किया है।



बताया गया कि कथित घोटाले की जांच के दौरान अलग-अलग तारीखों पर 5 समन जारी होने के बावजूद केजरीवाल ED के सामने पेश नहीं हुए। हालांकि कोर्ट ने उन्हें बरी करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता आरोपों को उचित संदेह से परे साबित करने में नाकाम रहा। कोर्ट के मुताबिक, मामले में प्रक्रियात्मक, कानूनी और तथ्यात्मक खामियां हैं, जिनके चलते दोषसिद्धि संभव नहीं है।

मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों की ED जांच 17 अगस्त 2022 को सीबीआई द्वारा 2021-22 की दिल्ली शराब नीति में कथित अनियमितताओं पर दर्ज केस से शुरू हुई थी। बाद में केजरीवाल को मुख्य मामले में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी।

अपने फैसले में कोर्ट ने कहा कि भारत कानून के शासन से चलता है और कोई भी इससे ऊपर नहीं है। हर शख्स, चाहे वह आम हो या जन प्रतिनिधि, संविधान के अनुच्छेद 19(1)(d) के तहत आवागमन के मौलिक अधिकार का हकदार है। आरोपी उस समय दिल्ली के मुख्यमंत्री थे और उसे भी वह अधिकार हासिल था।

अमानतुल्लाह खान भी हुए बरी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ विधायक अमानतुल्लाह खान को भी अदालत से राहत मिली। राउज एवेन्यू कोर्ट ने विधायक को दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्तियों में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के समन के उल्लंघन मामले में बरी कर दिया। अडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मैजिस्ट्रेट फारस दलाल ने जजमेंट में वही बातें दोहराईं, जो केजरीवाल से संबंधित फैसले में उन्होंने कही है। अदालत ने कहा, मौजूदा केस में सारे तथ्यात्मक और कानूनी चुनौतियां हैं। अदालत ने 15 जनवरी को ईडी की खान के खिलाफ शिकायत पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। केस दिल्ली वक्फ बोर्ड भर्तियों में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का है।

दो मामलों में बरी होना सचाई की जीतः AAP

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसला को आम आदमी पार्टी के तमाम नेताओं ने सच की जीत बताया है। पार्टी ने कहा कि राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी की दो शिकायतों से जुड़े मामलों में बरी कर देना, एक बड़ी जीत है। कोर्ट के आदेश के बाद अरविंद केजरीवाल ने 'सत्यमेव जयते' कहकर अपनी प्रतिक्रिया दी।

दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं। बीजेपी और उनकी ईडी की तमाम साजिशें एक बार फिर कोर्ट में बेनकाब हो गईं। केजरीवाल कट्टर ईमानदार है और हमेशा रहेंगे। दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री और पंजाब में पार्टी प्रभारी मनीष सिसोदिया ने कहा कि सच को जितना चाहे मर्जी दबाने की कोशिश कर लें लेकिन एक दिन सामने आ ही जाता है।

केजरीवाल ने 'सत्यमेव जयते' कहकर दी अपनी प्रतिक्रिया

वहीं, दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने भी सत्यमेव जयते कहा। सांसद संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल के खिलाफ ईडी-सीबीआई का इस्तेमाल करके फसाने की झूठी साजिशों का फिर पर्दाफाश हुआ। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने उसी समय कहा था कि ईडी के समन राजनीति से प्रेरित है। बीजेपी को देश से माफी मांगनी चाहिए।

'सत्यमेव जयते' लिखकर AK गुमराह न करेंः BJP

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 'सत्यमेव जयते' लिखने पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने इसके जरिए यह दिखाने की कोशिश की है उन्हें ईडी द्वारा दर्ज शराब घोटाला केस से राहत मिली है। जबकि वास्तविकता इससे अलग है। सचदेवा के मुताबिक उन्हें गिरफ्तारी से पूर्व ईडी दो समन के खिलाफ दायर याचिकाओं को सुनवाई बेंच न मानकर उसे रद्द किया है। इसे शराब घोटाले के मामले में राहत या बरी होना नहीं माना जा सकता।



सचदेवा ने कहा कि सत्यमेव जयते एक पावन और सम्माननक शब्द है, और तकनीकी आधार पर दर्ज मामलों के रद्द होने को इस तरह प्रस्तुत करना इन शब्दों का अपमान है। उन्होंने फिर आरोप लगाते हुए दोहराया कि अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले के मुख्य आरोपी हैं। उनके खिलाफ यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है और केवल तकनीकी आधार पर कुछ याचिकाओं के खारिज होने से वह घोटाले से बरी नहीं हो सकते।

वीरेन्द्र सचदेवा ने पूर्व मुख्यमंत्री पर साधा निशाना

दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि जब कोई व्यक्ति गिरफ्तार होकर जेल जाता है और फिर जमानत पर रिहा होकर बाहर आता है तो उसके पहले के समन के विरुद्ध दायर केस बेकार हो जाते हैं। यही मामले हुए न्यायालय ने समन को लेकर केजरीवाल के खिलाफ दायर दो केसों को सुनने योग्य नहीं पाया।

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in